जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in ₹4

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-160 ▶ मुंबई, सोमवार, 6 जनवरी 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य


सूरज पंचोली बायोपिक में किरदार निभाने को तैयार

पेज 11





दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025

# आपदा नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे : मोदी

- पीएम की रोहिणी में बड़ी जनसभा
- 'आप' पर साधा जमकर निशाना
- नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में नमो भारत कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक इस ट्रेन में सफर भी किया। इसके बाद पीएम मोदी रोहिणी पहुंचे और यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 साल दिल्ली के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। ये 25 साल भारत को विकसित राष्ट्र बनते हुए देखेंगे। अपनी आंखों के सामने हम विकसित भारत की ये यात्रा देख पाएंगे। विकसित भारत के इस सफर का एक बहुत बड़ा पड़ाव जल्द आने वाला है। जब भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। इस गौरवशाली यात्रा में देश की राजधानी दिल्ली का कदम से कदम मिलाकर चलना बहुत जरूरी है। हमें अपनी दिल्ली को विकसित भारत की राजधानी के रूप में डेवलप करना है।

### उम्मीदवारों को दिया संदेश

दिल्ली में भाजपा ने अपने बेहतरीन उम्मीदवार उतारे हैं। मैं सभी उम्मीदवारों से कहूंगा कि ये दिल्ली का दिल जीतने का सबसे स्वर्णिम समय है। जुट जाइण् और दिल्ली को आपदा से मुक्ति दिलाइए। दिल्ली को दुनिया के बेस्ट शहरों में से एक बनाना हमारा संकल्प है। दिल्ली गरीब और मिडिल क्लास परिवारों के सपनों को पूरा करने वाला शहर बनेगा। दिल्ली नौजवानों के लिए नए भविष्य के निर्माण का शहर बनेगा। दिल्ली को ऐसे विकास की जरूरत है, जो दुनिया के लिए अर्बन डेवलपमेंट का मॉडल बने। ये तभी हो सकता है, जब केंद्र और राज्य दोनों जगहों पर भाजपा की सरकार काम करेगी। जिसे दिल्ली की परवाह न हो, वो दिल्ली का विकास नहीं कर सकती।

### भाजपा को दें एक मौका

मोदी ने कहा कि ये हम सभी का सपना है, इसलिए मैं दिल्लीवासियों से एक अपील करने आया हूं। भाजपा ही दिल्ली का विकास कर सकती है। बीते दस सालों में दिल्ली ने जिस तरह की सरकार देखी है, वो किसी आपदा से कम नहीं है। ये अहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है, 'आपदा नहीं सहेंगे, बदलकर रहेंगे'। लोकसभा चुनाव में दिल्ली की जनता से सभी सांसदों को आशीर्वाद दिया, मुझे विश्वास है कि विधानसभा चुनाव में भी आशीर्वाद मिलने वाला है।

### बड़े प्रोजेक्ट का जिम्मा केंद्र के पास

आज भी दिल्ली को आधुनिक बनाने के लिए जितने भी काम है, वो केंद्र की भाजपा सरकार ही कर रही है। दिल्ली में जो बड़े-बड़े प्रोजेक्ट हैं, उनका जिम्मा केंद्र सरकार के पास है। जैसे दिल्ली मेट्रो चप्पे-चप्पे तक पहुंची तो ये काम भाजपा की केंद्र सरकार ने किया। बीते एक दशक में दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो नेटवर्क दोगुने से भी अधिक हो गया है। यहां आपदा वालों ने दिल्ली का माहौल खराब कर दिया है। दिल्ली के अनेक इलाकों में कैब वाले, ऑटो वाले जाने से बचते हैं,

### शीशमहल केजरीवाल के झूठ का नमूना

आपदा वाले केंद्र सरकार पर झूठे आरोप लगाते हैं कि केंद्र पैसा नहीं देती, लेकिन इनके झूठ का उदाहरण शीशमहल है। पूरे देश के लोग चौंक जाएंगे, जब दिल्ली के लोग कोरोना से जूझ रहे थे, जब लोग ऑक्सीजन और दवाओं के लिए भटक रहे थे, तो इनका पूरा फोकस अपना शीशमहल बनवाने पर था। शीशमहल का भारी भरकम बजट बनाया। इन्हें दिल्ली के विकास की चिंता नहीं है।

### केजरीवाल का पीएम पर पलटवार

केजरीवाल रविवार को दिल्ली मेट्रो की मैजेंटा लाइन के विस्तार कार्यक्रम में पहुंचे थे। जनकपुरी वेस्ट से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन तक मैजेंटा लाइन का विस्तार हुआ है। इस मौके पर केजरीवाल ने पीएम मोदी और बीजेपी पर निशाना साधा और कहा कि इस मेट्रो लाइन का उद्घाटन उन लोगों को करारा जवाब है, जो कहते हैं कि दिल्ली सरकार दिल्ली से बाहर के लोगों के लिए काम नहीं करती है।










## अल्लु अर्जुन देंगे थाने में हाजिरी

**हैदराबाद।** चार दिसंबर को फिल्म के प्रीमियर के दौरान संध्या थिएटर में एक हादसा हुआ, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी। तीन जनवरी को हैदराबाद की नामपल्ली कोर्ट ने अल्लु अर्जुन को कुछ शर्तों के तहत नियमित जमानत दी है। अब एक्टर को हर रविवार लगातार दो महीने तक पुलिस के सामने पेश होना होगा। अल्लू अर्जुन रविवार को जमानत की शर्तों के तहत थाने में पेश हुए।





पीथमपुर यूनियन कार्बाईड का मामला



## सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

हो सकता रेडिएशन का खतरा!

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पीथमपुरा में यूनियन कार्बाईड का कचरा जलाने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कचरे को भोपाल से पीथमपुरा ले जाने और वहां इसे जलाने पर रोक लगाने की मांग की गई है। साथ में यह भी कहा गया कि पीथमपुरा ले जाने का फैसला लेते समय पीथमपुरा के लोगों से सलाह नहीं ली गई। पीथमपुरा में रेडिएशन का खतरा हो सकता है। अगर वहां ऐसा होता है तो पीथमपुरा में उचित मेडिकल फेसिलिटी मौजूद नहीं है। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा।

### स्थानीय निवासी कर रहे विरोध

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार सरकार ने वहां कचरा पहुंचा दिया है और अब इसके निष्पादन की तैयारी चल रही है। इस बीच बड़ी संख्या में पीथमपुरा के लोग इसका विरोध कर रहे हैं।

### अफवाहों से बचे जनता : सीएम

सीएम मोहन यादव ने कहा था कि 40 साल पहले जिनके कार्यकाल में गैस त्रासदी हुई, वही गलतफहमी फैलाने से आज भी बाज नहीं आ रहे। अज्ञानता के आधार पर गलत बात फैलाई जा रही है, वोट की राजनीति के लिए कोई झूठी बात फैलाए तो मैं क्या कर सकता हूं।

## परिवार के साथ समय बिताते सीएम धामी

- ट्रैक साहसिक गतिविधियों का हिस्सा : सीएम

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की परिवार के साथ ट्रैकिंग करते हुए तस्वीर सामने आई है। ठंड के मौसम में सीएम ने 'देवभूमि उत्तराखंड आओ' के नारे के साथ रविवार को शहंशाही आश्रम, ओल्ड राजपुर रोड (देहरादून)-झड़ीपानी (मसूरी) मार्ग पर ट्रैकिंग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ट्रैक न केवल साहसिक गतिविधियों का हिस्सा है बल्कि इस यात्रा के दौरान प्रकृति की अदभुत सुंदरता, शुद्ध हवा और शांत वातावरण का भी अनुभव होता है। उत्तराखंड में ऐसे कई ट्रैक आकर्षण का विशेष केंद्र हैं। रासर्दियों में बर्फ से ढके पहाड़, ठंडी और शुद्ध हवा और मनमोहक दृश्य उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता को और भी अनोखा बनाते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड साहसिक गतिविधियों के लिए भी एक आदर्श स्थान है, अब उत्तराखंड न केवल गर्मियों में बल्कि सर्दियों में भी आपके स्वागत के लिए तैयार है।

नीतीश ने ठुकराया लालू का ऑफर

## 'नहीं करेंगे आरजेडी के साथ गठबंधन'

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू यादव का ऑफर ठुकरा दिया है। उन्होंने अपना बयान दोहराते हुए कहा कि वह दो बार गलती से उनके साथ चले गए थे, लेकिन अब ऐसा नहीं करेंगे। वह अपने पुराने साथियों के साथ हैं और बिहार की जनता के लिए काम कर रहे हैं। उनकी सरकार ने महिलाओं के लिए काम किया है और मतदान के समय लोगों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए। प्रगति यात्रा के दौरान मुजफ्फरपुर में नीतीश ने लालू के ऑफर का जवाब देते हुए कहा, "हम तो दो बार गलती से उनके साथ चले गए थे, लेकिन अब उनको छोड़ दिया और अब पुराने साथियों के साथ हैं।

सूरत स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य

# भारत के सबसे तेजी से बढ़ते शहरों में से एक

## ट्रेनों के टर्मिनल में अस्थायी बदलाव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सूरत।** सूरत भारत के सबसे तेजी से बढ़ते शहरों में से एक है। यह व्यापार और वाणिज्य का एक ऐसा केंद्र है जिसका जुड़ाव देशभर से है। सूरत दुनिया में हीरा व्यापार का केंद्र है और साथ ही हलचल भरा कपड़ा उद्योग भी है। शहर में आर्थिक गतिविधियों की विविधता के कारण सूरत में रोजगार के भरपूर अवसर हैं। पश्चिम रेलवे गुजरात और देश की समग्र वाणिज्यिक और व्यापारिक गतिविधियों में सूरत के अत्यधिक महत्व को समझता है। इस प्रगतिशील शहर की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, पश्चिम रेलवे सूरत को भारत के विभिन्न हिस्सों से जोड़ने वाली कई ट्रेनें चलाता है। इस स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की भारी संख्या को ध्यान में रखते हुए, भारतीय रेल सूरत स्टेशन के पूरे स्वरूप को बदल रहा है और अब इस व्यस्त स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है।



### टर्मिनल के परिवर्तन से परिचालन में आएगा लचीलापन

टर्मिनल के परिवर्तन से परिचालन में लचीलापन आएगा, सूरत स्टेशन पर भीड़ कम होगी, यात्री सेवाओं में वृद्धि और उन्नयन होगा तथा सूरत में चल रही बुनियादी ढांचा परियोजना का तेजी से क्रियान्वयन संभव होगा। प्रभावित ट्रेनों और संशोधित समय का विवरण अनुलग्नक I, II, III, IV, V, VI और VII में संलग्न है। विवरण पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट wr.indianrailways.gov.in पर भी उपलब्ध है।

### वास्तुशिल्प परिवेश को ध्यान में रखकर किया डिजाइन

सूरत स्टेशन को वास्तुशिल्प परिवेश को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पूरे स्टेशन परिसर में परिवहन के विभिन्न साधनों के संचालन और कार्यक्षमता के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय मानकों के व्यवसाय केंद्र का स्वरूप और अनुभव भी होना चाहिए। स्टेशन का नया स्वरूप, रंग, सामग्री, बनावट इत्यादि की एकीकृत थीम इसकी भव्यता को बढ़ाएगी। स्टेशन पुनर्विकास कार्य के पहले चरण में ईआई बिल्डिंग शिफ्टिंग, आरपीएफ बैरक, अस्पताल यूनिट और रनिंग रूम का काम पूरा हो चुका है और रेलवे को सौंप दिया गया है। पश्चिम रेलवे जनता, विशेषकर सम्मानित यात्रियों को इस अवधि के दौरान उनके पूर्ण समर्थन और सहयोग के लिए अपना आभार व्यक्त करती है।

### तेजी से हो रहा पूर्वी हिस्से का काम

रेलवे स्टेशन भवन के पूर्वी हिस्से का काम भी काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी तरह, सूरत स्टेशन के चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्य (चरण- II) के संबंध में प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर कॉनकोर्स का काम पूरा हो गया है। अतः प्लेटफॉर्म नंबर 2 और 3 पर काम शुरू करने के लिए 8 जनवरी, 2025 से ब्लॉक शुरू किया जाएगा। इसे देखते हुए सूरत रेलवे स्टेशन से ओरिजिनेट/टर्मिनेट होने वाली कुछ ट्रेनों के टर्मिनल को अस्थायी रूप से उधना स्टेशन को स्थानांतरित किया जा रहा है। कुछ मेमू/पैसेंजर ट्रेनें उधना, भेस्तान और नवसारी स्टेशनों से भी शॉर्ट ओरिजिनेट/टर्मिनेट होंगी।

### जोर-शोर से चल रहा स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य

सूरत स्टेशन का पुनर्विकास कार्य शुरू हो चुका है और यह पूरे जोर-शोर से चल रहा है। यह कार्य सूरत इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्टेशन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसआईटीडीसीओ) द्वारा किया जा रहा है, जो भारतीय रेल और गुजरात सरकार के बीच गठित स्पेशल परपज व्हिकल (एसपीवी) है। स्टेशन का पुनर्विकास 980 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से किया जा रहा है। इसे दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सूरत स्टेशन को मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो रेलवे, जीएसआरटीसी सिटी बस टर्मिनल स्टेशन, सूरत बीआरटीएस/सिटी बस स्टेशन, मेट्रो आदि को एकीकृत करेगा, ताकि एक ही छत के नीचे निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान की जा सके।

# शहरी क्षेत्रों में कुपोषण मुक्त अभियान चलाएं

**मुंबई।** राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों, विशेष रूप से मुंबई महानगर की झोपड़पट्टियों में कुपोषण मुक्त अभियान प्रभावी रूप से चलाने के निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज महिला और बाल विकास विभाग को दिए। सह्याद्री अतिथि गृह में महिला और बाल विकास विभाग के अगले 100 दिनों में किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह निर्देश दिए। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार विभाग के मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, महिला और बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे, गृह राज्य मंत्री (ग्रामीण) डॉ. पंकज भोयर, गृह राज्यमंत्री (शहरी) योगेश कदम, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, प्रधान सचिव अश्विनी भिडे, सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी और महिला और बाल विकास विभाग के सचिव डॉ. अनुप कुमार यादव उपस्थित थे।



महिला और बाल विकास विभाग को सीएम का निर्देश

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि महिला और बाल विकास विभाग को स्थानीय स्वराज संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर शहर की झोपड़पट्टियों में कुपोषण मुक्त योजनाओं को लागू करना चाहिए। महिला और बच्चों के लिए चल रही योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए एक योजना तैयार करें और उसका सही तरीके से क्रियान्वयन करें। साथ ही, आंगनवाड़ी केंद्रों के शौचालयों को स्वच्छ रखना, उन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना और शहरी बाल विकास केंद्रों को शीघ्र शुरू करने पर जोर देना चाहिए।

पुणे : चालान के लिए पुलिसकर्मी ने रोका वाहन

# चालक-पुलिसकर्मी के बीच मारपीट

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे से सटे आलंदी इलाके से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले गाड़ी का चालान करने के दौरान गाड़ी के मालिक ने पुलिस अधिकारी के साथ मारपीट कर दी। पूरी वारदात वहीं पर पास में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। हालांकि पुलिस को जब इसकी सूचना मिली तो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है। वीडियो में पूरी घटना को देखा जा सकता है। मिली जानकारी के मुताबिक विजय नामदेव जरे (33) नामक व्यक्ति मिनी टेंपो से जा रहा था। इस दौरान उसने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया। इसे देखते हुए वहां पर अपनी ड्यूटी पर तैनात असिस्टेंट पुलिस सब इंस्पेक्टर अंकुश वाडेकर ने उसकी गाड़ी को रोकने की कोशिश की। हालांकि रोके जाने के बाद भी उक्त व्यक्ति ने अपना वाहन नहीं रोका और आगे बढ़ाता रहा। जब पुलिसकर्मी खुद उनकी गाड़ी के सामने आ गया तो ड्राइवर गुस्से से आग बबूला हो गया और फिर गाड़ी से उतरकर बीच सड़क पर ही पुलिसकर्मी की पिटाई कर दी। घटना का वीडियो भी सोशल सामने आया है।

### पुलिस ने चालक को किया गिरफ्तार

वहीं इस मारपीट की घटना के बाद पुलिसकर्मी के साथ तैनात अन्य कर्मियों ने इस वारदात की जानकारी तुरंत फोन कर के कंट्रोल रूम को दी। इसके बाद पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची। अन्य पुलिसकर्मियों को देखते ही आरोपी वहां से फरार होने की फिराक में लग गया। हालांकि इससे पहले ही पुलिसकर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया। इस वारदात के बाद असिस्टेंट पुलिस सब इंस्पेक्टर अंकुश वाडेकर ने आलंदी पुलिस थाने में मारपीट करने को लेकर विजय जरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

आईटीसी से जुड़ा 15 करोड़ का फर्जी मामला

# सीजीएसटी भिवंडी कमिश्नरेट ने किए दो आरोपी गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** केन्द्रीय माल एवं सेवा कर, भिवंडी आयुक्तालय, मुंबई जोन के अधिकारियों ने मैसर्स रांचल इंडस्ट्रीज, वाडा, भिवंडी के विरुद्ध धोखाधड़ी वाले आईटीसी के घोटाले का पर्दाफाश किया है। करदाता ने बिना माल की किसी आवक के फर्जी और गैर-मौजूद आपूर्तिकर्ताओं द्वारा जारी बिलों के आधार पर 15.04 करोड़ रुपए की अनियमित/अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लिया। फर्म के पार्टनर दीपक कुमार और कंपनी के ऑपरेटर सनी डांग ने सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 70 के तहत दर्ज अपने बयानों में अवैध आईटीसी का लाभ उठाने की बात स्वीकार की है। इस प्रकार, दीपक कुमार और सनी डांग को सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 69 के प्रावधानों के तहत सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 132 में निर्दिष्ट अपराध करने के लिए गिरफ्तार किया गया और सीएमएम कोर्ट, एस्प्लेंडे, मुंबई द्वारा 16 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। केंद्रीय जीएसटी विभाग ने जीएसटी चोरी करने वालों और अनियमित वित्तीय लाभ के लिए राष्ट्रीय राजस्व की प्रणाली का दुरुपयोग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। इस मामले में आगे जांच जारी है और धोखाधड़ी गतिविधियों में संलिप्त सभी व्यक्तियों और संस्थाओं की पहचान की जा रही हैं।

नमुंमनपा का स्वच्छता अभियान

# वायु गुणवत्ता सुधार पर मनपा का जोर

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से, सड़कों पर धूल की मात्रा को कम करने पर विशेष ध्यान देते हुए, मनपा आयुक्त डा. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में 30 दिसंबर से गहन स्वच्छता अभियान (डीप क्लीनिंग ड्राइव) चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आठों विभाग कार्यालय क्षेत्रों में दिनांकवार विभिन्न सड़कों की गहन स्वच्छता का नियोजन किया गया है।

यह अभियान अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार के नियंत्रण में, ठोस कचरा प्रबंधन विभाग के परिमंडल 1 के उप आयुक्त डॉ. अजय गडदे और परिमंडल 2 के उप आयुक्त संतोष वारुले के साथ-साथ परिमंडल 1 के उप आयुक्त सोमनाथ पोटरे और परिमंडल 2 के उप आयुक्त डा. कैलास गायकवाड़ एवं विभागीय सहायक आयुक्त तथा विभाग अधिकारियों के नियंत्रण में संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों और सफाईकर्मियों के माध्यम से धूल प्रदूषण को कम करने के लिए स्वच्छता कार्य कर रहे हैं।

इसमें सड़कों और फुटपाथों के किनारे जमा गाद, मिट्टी और कचरे को पहले हैंडब्रश से साफ किया जाता है और फिर प्रक्रियाकृत पानी छिड़ककर यांत्रिक वाहनों से सफाई की जाती है। इसके अलावा फॉगिंग मशीन से हवा में पानी का छिड़काव कर धूल की मात्रा को भी कम किया गया है।

फुटपाथ के किनारे की दीवारें, बाड़ और मूर्तियां भी साफ की जा रही हैं। 4 जनवरी को बेलापुर विभाग में क्रित फाउंडेशन नामक स्वयंसेवी संस्था के सहयोग से सहायक आयुक्त तथा विभाग अधिकारी डॉ. अमोल पालवे के माध्यम से



30 दिसंबर से चल रहा गहन अभियान

बेलापुर जेट्टी, सेक्टर 15 में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही हावरे सर्कल से अपोलो सिग्नल तक की मुख्य सड़क और आसपास के क्षेत्रों की गहन स्वच्छता को प्राथमिकता दी गई। वाशी विभाग में भी सहायक आयुक्त तथा विभाग अधिकारी सागर मोरे के नियंत्रण में जैन मंदिर से संतोष डेयरी, सेक्टर 9ए और 10ए की सड़कों, फुटपाथों और आसपास के क्षेत्रों की गहन स्वच्छता की गई।

कोपरखैरणे विभाग में तीन टाकी से वैकुंठधाम क्षेत्र में सहायक आयुक्त तथा विभाग अधिकारी सुनील काठोले के नियंत्रण में और दिघा एमआईडीसी क्षेत्र में वोडाफोन कंपनी से स्मिथ होटल तक के मार्ग पर सहायक आयुक्त तथा विभाग अधिकारी भरत धांडे के नियंत्रण में गहन स्वच्छता अभियान प्रभावी ढंग से चलाया गया। 13 जनवरी तक प्रतिदिन इस प्रकार के गहन स्वच्छता अभियान आठों विभाग कार्यालय क्षेत्रों में नियोजित कार्य योजना के अनुसार चलाए जाएंगे।

# मीरा रोड शूट आउट : दो आरोपी गिरफ्तार

## हत्या का मुख्य सूत्रधार गिरफ्तार, शूटर फरार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भायंदर।** मीरा रोड शांति शॉपिंग सेंटर में हुए हत्याकांड मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार यूसुफ अली मंसूर अली आलम और सैफ अली मंसूर अली खान का मृतक शम्स तबरेज अंसारी उर्फ सोनू से व्यवसाय को लेकर विवाद था जिसके चलते इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अविनाश अम्बुरे ने बताया कि हत्या के चौबीस घंटे के भीतर ही पुलिस ने हत्या के मुख्य सूत्रधार को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए क्राइम ब्रांच की पांच टीमों का गठन किया था जिसमें पुलिस को सफलता मिली है।

**पिस्टल-कारतूस बरामद**

पुलिस ने गिरफ्तार दोनो आरोपियों के पास से हत्या में इस्तेमाल पिस्टल और कारतूस बरामद कर लिया है। गिरफ्तार दोनो आरोपियों को कोर्ट ने सात दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। अंबूरे के अनुसार जांच अभी चल रही है दोनो आरोपियों से पूछताछ में हत्या की वजह का खुलासा हो पाएगा।पुलिस सूत्रों की माने तो शूटर तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है इस गिरफ्तारी के बाद शूटर को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया



जाएगा। मृतक शम्स तबरेज अंसारी और गिरफ्तार दोनो आरोपी मीरा रोड स्टेशन परिसर में स्टॉल लगा कर सामान बेचा करते थे इसी को लेकर दोनों में विवाद होता रहता था। इसके पहले भी यूसुफ ने शम्स पर हमला किया था जिसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई थी।

**कई अवैध फेरीवाले जगह-जगह लगाते स्टॉल**

मीरा रोड स्टेशन परिसर में कई अवैध फेरीवाले ठेला स्टॉल लगाते है और यही स्टॉल विवाद की जड़ है। गिरफ्तार आरोपी सगे भाई बताए जाते है । सैफ को पुलिस ने नालासोपारा से गिरफ्तार किया तो यूसुफ को बदलापुर से गिरफ्तार किया गया है। इस हत्याकांड के मुख्य सूत्रधार को भले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हो पर शूटर अभी तक उसकी पहुंच से कोसों दूर है। पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे,मदन बल्लाल, अविराज कुराड़े,प्रशांत गांगुर्डे,पुष्पराज सुर्वे,संदीप शिंदे,राजू तांबे सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों को पकड़ने में विशेष भूमिका निभाई।

# मुंब्रा बना ड्रग्स का अड्डा

एक साल में डेढ़ करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स जब्त

दिनेश चन्द्र रावल / जागरूक टाइम्स

**ठाणे। मुंब्रा पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर बड़ी संख्या में नशेड़ी और ड्रग तस्कर हैं। वर्ष 2024 में 1 करोड़ 55 लाख 87.560/- रु. की ड्रग्स जब्त की गई . नशीले पदार्थ रखने के मामले में मुंब्रा पुलिस स्टेशन में 30 मामले दर्ज किए गए थे।**

मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे ने बताया कि पिछले साल छापेमारी कर 43 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था. मुंब्रा नशीली दवाओं की लत और नशीली दवाओं के वितरण का केंद्र बन गया है। बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों के तस्करों में एमडी, एमडीएमए, हशीश, गांजा और कफ सिरप की बोतलें शामिल हैं। मुंब्रा इलाके में नशे के आदी लोगों को सप्लाई करने के लिए ड्रग तस्कर अलग-अलग तरीके से अलग-अलग तरह के ड्रग्स मुंब्रा इलाके में पहुंचाते हैं। इसलिए मुंब्रा में युवाओं के नशे की लत में फंसने की तस्वीर सामने आ रही है। युवाओं को इस नशे से हतोत्साहित करने के लिए यदि नशे की आपूर्ति करने वाले वितरण माध्यमों को बंद कर दिया जाए तो नशे की लत से मुक्ति नहीं मिलेगी। इसके लिए मुंब्रा पुलिस स्टेशन अधिकारी अनिल शिंदे ने एक विशेष नशा विरोधी दस्ते का गठन किया। इस टीम में सपोनि-प्रवीण सुरवाडे, उपनिरीक्षक-विजय सानप, पो. हवा राजाराम शेगर, पो. हवा। महेश महाले, पो.हवा। कलगोंडा बन्ने, पी.ओ. प्रवीण पाटिल और जाधव ने वर्ष के दौरान छापे मारने के लिए खबरी के नेटवर्क का इस्तेमाल किया और 30 मामले दर्ज किए और 43 आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनसे 1 करोड़ 55 लाख 87,560/- रुपये के नशीले पदार्थ जप्त किए।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्याः झांसी-इन्जी0- ई-2024-228 | दिनांकः 01.01.2025

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झांसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** झाँसी डिवीज़न :- ललितपुर-खजुराहो सेक्शनः प्रोवाइडिंग एंड एरेक्टिंग डब्लू मेटल कैटल बैरियर एलोंग दी ट्रैक टू प्रिवेंट सीआरओ इन बिटवीन टेक ऑफ़ पॉइंट ऑफ़ ललितपुर एट किमी. 1038 टू 1053.695 बिरारी एंड किमी. 1172.404 टू 1177.616 इन छतरपुर बसरी सेक्शन ऑफ़ ललितपुर - खजुराहो सेक्शन ऑफ़ ललितपुर - खजुराहो सिंगल लाइन अंडर एडीईएन / महोबा सब डिवीज़न।

**अनुमानित लागत** : ₹ 151142114.70 | **अमानत राशि** : ₹ 905700.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 27/01/2025 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह

निविदा दिनांक 27.01.2025 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **05/25(DG)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना दिनांक : 03.01.2025

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या** : JHS-N-W-02-25 | **धरोहर राशि** : Rs. 259600/-

**कार्य का नाम** : प्रोविजन ऑफ़ रेलनेट कनेक्टिविटी इन रमैनिंग सेक्शन ऑफ़ झाँसी डिवीजन।

**कार्य लागत लगभग** : Rs. 21918427.92 | **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : Nil

**निविदा खुलने की तिथि** : 28.01.2025 Time 15:00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि** : 09 माह

● निविदा दिनॉक **28.01.2025** को **15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T)** पर देखें। **28/25 (AS)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्या: डिप्टी-सी0ई0-झांसी-डब्लू-70 | दिनांक: 03.01.2025

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झांसी हेतु ऑनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नाम:** झांसी (जीएसडी)-जीएसडी के विभिन्न अनुभाग/वार्ड/गोदाम में नवीनीकरण एवं मरम्मत का कार्य।

**अनुमानित लागत:** रुपये छाछठ लाख इकत्तीस हजार नौ सौ इक्कयासी रुपए छियालिस पैसे मात्र।

**अमानत राशि:** रुपये 132600.00 | **निविदा प्रपत्र कर मूल्य रुपये:** कुछ नहीं

**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 31.01.2025, 15:00 बजे, स्वीकृति पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 06 माह, पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। **19/25(ADM)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. 2025-जनवरी-01 दिनांक 03.01.2025**

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल, आगरा** द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 2025-जनवरी-01-01 | डीग, रामगढ़ तथा बृजनगर में मशीन साइडिंग का प्रावधान। | ₹ 22186912.84 |
| 2 | 2025-जनवरी-01-02 | बिल्लोचपुरा - मथुरा : सैस की मरम्मत तथा बिल्लोचपुरा से कीठम तक सैस पाथ वे का प्रावधान। | ₹ 19639220.55 |
| 3 | 2025-जनवरी-01-03 | सहा. मंडल इंजीनियर मथुरा के अधीन मथुरा-बिल्लोचपुरा खंड में फेन्सिंग के अनुरक्षण का कार्य। | ₹ 5942815.79 |
| 4 | 2025-जनवरी-01-04 | मथुरा - पलवल खंड में पुल सं. 1399/2 के विद्यमान इस्पात गर्डर का बदलाव। | ₹ 12503246.72 |
| 5 | 2025-जनवरी-05 | अ. मथुरा-अछनेरा खंड में सब वे संख्या 362 पर बॉक्स पुलिया के द्वारा जल निकास में सुधार कार्य। ब. मथुरा-पलवलः डाट पुल संख्या 1433/3 अप व डाउन विस्तार 1x0.47 मी. तथा अन्य छोटे पुलों का आर.सी.सी. बॉक्स पुलिया से बदलाव कार्य। स. मथुरा-पलवल खंड में पुल सं. 1436/2 पुनर्वास के साथ बचाव इत्यादि कार्य। | ₹ 39538909.42 |
| 6 | 2025-जनवरी-01-06 | सहा. मंडल इंजीनियर द्वितीय मथुरा के क्षेत्राधिकार में दो साल के लिये मथुरा में कूप तथा सीवेज क्लीनिंग व्यवस्था का कार्य। | ₹ 5704800.90 |
| 7 | 2025-जनवरी-01-07 | आगरा मंडल - ऑपरेटिंग स्टाफ के लिये 05 स्टेशनों पर रेस्ट रूम तथा प्रसाधन का प्रावधान। (नदबई, बृजनगर, बरसाना, गजिका तथा अझई)। | ₹ 3712364.01 |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक **24.01.2025** को **15.00** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **26/25 FA**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

MAHATRANSCO Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E-TENDER NOTICE**

MSETCL SRM invites online RFx (Ex. e-Tender) from the Registered Contractors for MAHATRANSCO e-Tendering (SRM) website for below mentioned work.

**3rd Call** E-tender No./ RFx No. **7000034785** - Name of work: **"Procurement of Digital Multimeter for PAC Division under PAC Circle Vashi."** Estimated Cost: **Rs.5,73,952/-** with Tender Fees: Rs. 500/-+GST.

Date for Sale and Submission of the e-Tender Documents: From 06.01.2025 @ 11.00 Hrs to 13.01.2025@ 11.00 Hrs. For detailed information visit our website: https://srmetender.mahatransco.in

For detailed information visit our website: https://srmetender.mahatransco.in

**Sd/-**
**Superintending Engineer, Protection, Automation and Communication Circle, Vashi.**


# परमात्मा की तरफ से शक्ति आ जाती : श्री श्री आनन्दमूर्ति

**महाजन** अर्थात व्यवहारिक साधक जैसा किए थे तुमको भी वैसा ही करना पड़ेगा । तुम्हे व्यावहारिक बनना है । फिर एक बात कहूँ । साधना मार्ग में कैसे चलना है ? भक्त जैसे चलते है वैसे चलना है, पंडित जैसे चलते हैं वैसा नहीं । यही मुख्य बात है । अच्छा, अब चलना है कैसे? जहाँ लक्ष्य की ओर चल रहे हो वहाँ गतियाँ तीन तरह की हो सकती हैं । एक दक्षिण गति, एक वाम गति, और तीसरी है मध्यमा गति, भगवान बुध्द जिसको कहते है मध्यम मार्ग । दक्षिण गति क्या है? साधक देखते हैं कि उनके और उनके परमात्मा, परमपुरुष के बीच में है माया का व्यवधान । दक्षिण मार्ग का साधक क्या करेंगे, माया से अनुरोध करेंगे कि 'माया, कृपा करो । हट जाओ, रास्ता दिखला दो, सहायता करो । तुम्हारी कृपा से मैं परमात्मा के पास पहुँच सकूँगा । 'तुम हो और बीच में एक मील का रास्ता है। उसके बीच अंधकार है। एक मील के बाद तुमको जहाँ जाना है जो तुम्हारा ध्येय है और वहाँ बीच में है अंधकार । तुम अंधकार से अनुरोध कर रहे हो- अंधकार, कृपया हट जाओ, मैं जाऊँगा । ऐसा करने से अंधकार हटेगा? नहीं हटेगा । अंधकार से अनुरोध नहीं करके जेब से टार्च निकालना है। किन्तु दक्षिण मार्ग है माया से अनुरोध करना । जैसे-- हे माया, विष्णु माया, तुम अनन्त शक्तिशालिनी हो । तुमने विश्व को सम्मोहित कर रखा है । तुम कृपा करो और मुझे मुक्ति दिलाओ । इस प्रकार के अनुरोध से माया बात नहीं मानेंगी । दूसरा रास्ता है वाममार्ग । यह क्या है कि माया है और साधक शस्त्र लेकर लड़ाई कर रहा है माया के खिलाफ । अर्थात् मात्र लड़ाई के लिए लड़ाई एकदम अर्थहीन है । लड़ाई करते रहो, करते रहो, कभी नहीं पहुँच सकोगे । अरे, क्यों लड़ाई कर रहे हो ? तुम्हारी बुध्दि का, तुम्हारे हथियार का दुरुपयोग तो नहीं होना चाहिए, सदुपयोग होना चाहिए। यह हुआ वाममार्ग । अब मध्यम मार्ग, मध्यम पन्थ क्या है? तुम हो और तुम्हारा ध्येय हैं परमात्मा और माया के रोड़े सड़क पर आ जाते हैं, जहाँ माया की ओर से बाधायें आती हैं । तुम उन बाधाओं को हटाते हुए, लात मारते हुए आगे बढ़ो लड़ाई करते हुए । मगर लड़ाई करना ध्येय नहीं है । ध्येय है परमात्मा के पास पहुँचना। माया के तरफ से बाधा आयी थी, उन बाधाओं को हटाते हुए तुम्हें आगे बढ़ना है । अर्थात यहाँ भी लड़ाई है। मगर नही अग्रगति के लिए।



अग्रगति में जो बाधक था उस बाधा को हटाने के लिए लड़ाई, यहाँ है मध्यम मार्ग यानि यहाँ है सही रास्ता । किन्तु लड़ाई के लिए चाहिए क्या? सही ज्ञान । कैसे आगे बढ़ूँगा, कैसे लड़ाई करुँगा- यह जानना चाहिए, तुरंत जान लेना चाहिए । इसको कहते हैं परिप्रश्न । परिप्रश्न के द्वारा जानना चाहिए, तुरंत जान लेना चाहिए । संग्राम के लिए हथियार चाहिए ।

हथियार किस तरह का होना चाहिए? हथियार भी दो तरह का चाहिए । एक भीतर की लड़ाई के लिए और एक बाहर भी लड़ाई करते हैं । भीतर की लड़ाई के लिए तुमको क्या चाहिए? दश हथियार - पाँच यम, पाँच नियम। मन के भीतर जो कुप्रवृत्तियाँ हैं, मन में जो क्रूरर आसुरी शक्ति हैं उन शक्तियों के खिलाफ लड़ाई करने के लिए दस मजबूत अथियार चाहिए । ये पाँच यम और पाँच नियम । और, बाहरी लड़ाई के लिए तुमको चाहिए क्या? आधुनिक से आधुनिक हथियार। बाहरी लड़ाई के लिए आधुनिक से आधुनिक शस्त्र का व्यवहार करना है । ऐसे ही मनुष्य आगे बढ़ेंगे और आगे बढ़ने के लिए वीरता चाहिए, हिम्मत चाहिए । यह हिम्मत बनती हे कैसे? आन्तरिक लड़ाई से । भीतर यम-नियम का शस्त्र जिनका जितना मजबूत है उतनी ही बाहरी हिम्मत उसकी बनती है । इस तरीके से जो लड़ाई, जो साधना करते हैं - उन्ही की आत्मा ब्रह्मलोक में प्रवेश करती है । यही है साधना का नियम, यही है रास्ता । अब माया से बचने का उपाय क्या है? और भी इस सम्बन्ध में कुछ बोलना आवश्यक है । मैंने कहा है कि -जो मुझको अपने जीवन का ध्रुव तारा बना लेता है उस माया का अतिक्रमण करना सिर्फ उसी से सम्भव है। अर्थात अपनी विद्या से, अपनी बुद्धि से तुम माया का अतिक्रमण नहीं कर सकोगे। मेरी शरण में आ जाओं, मैं तुम्हे बचा दूँगा। यह कहते हैं कौन? कृष्ण। कृष्ण कौन हैं? पुरुषोत्तम। और पुरुषोत्तम? इस तरह से लोग परमात्मा के पास पहुँचेंगे । यह जो माया है वह माया जीव और शिव के बीच में व्यवधान है । मनुष्य का जहाँ लक्ष्य है परमात्मा वहाँ वे इधर उधर नहीं हटेंगे । वह सीधे चलेंगे और चलते वक्त माया की तरफ से जब बाधायें आएंगी तब परमात्मा की तरफ ताकने से शक्ति आ जाती है।

# अंबरनाथ में बुजुर्ग महिला ने दी जान

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के अंबरनाथ शहर में एक 96 साल की बुजुर्ग महिला ने अपनी बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। यह घटना गुरुवार दोपहर को हुई, जब उनके 54 साल के बेटे काम के सिलसिले में घर से बाहर गए हुए थे। पुलिस ने बताया कि मृतक महिला की पहचान प्रायगबाई मोतीराम छोटमल के रूप में हुई है, जो बुवापाड़ा क्षेत्र की निवासी थीं। गुरुवार को उन्होंने अपने घर की छत से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक परिवार के सदस्यों ने बताया कि प्रायगबाई पिछले लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं। उनकी तबीयत में सुधार नहीं हो रहा था, जिससे वे मानसिक रूप से बहुत परेशान थीं। इसी मानसिक तनाव के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि, 'घटना के समय प्रायगबाई का बेटा घर पर नहीं था, परिवार के सदस्यों से पूछताछ में यह सामने आया है कि वह लंबे समय से बीमार थीं।

# सभी मेट्रो के काम पूरा होने का नया टाइमटेबल जल्द तैयार करें : सीएम



▸▸ फडणवीस ने की प्रत्येक मेट्रो मार्ग की समीक्षा

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एमएमआरडीए क्षेत्र में सभी मेट्रो परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की नई समय-सारणी तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, कहा कि इन कार्यों में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। अगले वर्ष से हर साल कम से कम 50 किलोमीटर मेट्रो चालू होगी, ऐसा योजना बनाने के लिए भी मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया है। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) की समीक्षा बैठक सह्याद्री अतिथि गृह में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान फडणवीस ने कहा कि कई स्थानों पर कारशेड के बिना मेट्रो शुरू हो रही हैं। इसलिए मेट्रो शुरू करने के लिए कारशेड का इंतजार न करें।

## सभी संभावित मेट्रो प्रोजेक्ट्स की समीक्षा

▪ विश्व में ऐसे प्रयोग हो रहे हैं, उनका अध्ययन करें। उनके लिए अस्थायी वैकल्पिक व्यवस्था क्या हो सकती है, इसका भी आकलन करें। भविष्य के सभी संभावित मेट्रो प्रोजेक्ट्स की समीक्षा कर, उनके लिए कारशेड हेतु भूमि अभी से आरक्षित करें। अगले वर्ष से हर साल 50 किलोमीटर मेट्रो चालू होगी, इसका नियोजन करें। इस वर्ष कम से कम 23 किलोमीटर मेट्रो चालू होगी और मेट्रो-3 के कारण इसमें और 20 से 25 किलोमीटर की वृद्धि होगी। इंदू मिल में भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का स्मारक दिसंबर 2025 के अंत तक पूरा करें। साथ ही हिंदूहृदयसम्राट शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे स्मारक का पहला चरण पूरा हो चुका है। इन दोनों परियोजनाओं की वार्षिक देखभाल के लिए अभी से योजना बनाएं।

## राज्य में जगह-जगह इनोवेशन हब विकसित करें

▪ मुंबई। राज्य के युवाओं में कौशल विकास करते हुए नवाचार को बढ़ावा देने के लिए जगह-जगह इनोवेशन हब विकसित करने के निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज दिए। सह्याद्री अतिथिगृह में कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार विभाग की आगामी 100 दिनों की योजना के संदर्भ में मुख्यमंत्री फडणवीस ने समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि विभाग के माध्यम से अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत एक लाख दस हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराकर प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाने की योजना बनाई जाए। औद्योगिक प्रतिष्ठानों का सहयोग बढ़ाया जाएगा। स्टार्टअप सहायता योजना के माध्यम से महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। विभाग की योजनाओं के लिए आवश्यक धनराशि प्रदान की जाएगी। कुशल महाराष्ट्र और रोजगारयुक्त महाराष्ट्र तैयार किया जाएगा, यह बात फडणवीस ने इस दौरान कही।

## साइबर सुरक्षा प्रोजेक्ट को पूरी क्षमता से कार्यान्वित करें

गृह विभाग के कार्यों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

▪ मुंबई। महाराष्ट्र सायबर सुरक्षा प्रोजेक्ट शुरू कर दिया गया है, और इसका पूर्ण क्षमता से क्रियान्वयन करने के निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज दिए। सह्याद्री अतिथि गृह में गृह विभाग की आगामी 100 दिनों की कार्य योजना के संदर्भ में समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि सायबर सुरक्षा प्रोजेक्ट के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित शासन, जोखिम प्रबंधन और अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मादक पदार्थ विरोधी टास्क फोर्स के लिए नए पद सृजित किए जाएं। नक्सल विरोधी गतिविधियों में तेजी लाने के लिए नक्सल प्रभावित जिलों में नई सशस्त्र चौकियां स्थापित करने का कार्य किया जाए। इसके साथ ही केंद्र सरकार की तर्ज पर महाराष्ट्र कारागार नियमावली का मसौदा तैयार किया जाए। न्याय सहायक वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं का कंप्यूटरीकरण प्रगति पर है। इस प्रोजेक्ट के पहले चरण में मुंबई, पुणे, नागपुर, छत्रपति संभाजीनगर, और नाशिक की प्रयोगशालाओं का कंप्यूटरीकरण पूरा हो चुका है और प्रादेशिक न्याय सहायक वैज्ञानिक प्रयोगशाला में डाटा सेंटर स्थापित किया गया है।

# 18 छात्रों को फूड प्वॉयजनिंग

▪ रायगढ़ के एक अस्पताल में भर्ती
▪ जालना से पिकनिक मनाने आए थे 150 स्टूडेंट्स

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रायगढ़।** महाराष्ट्र के रायगढ़ से एक हैरान करने वाला मामला सामने आ रहा है। यहां करीब 150 छात्र-छात्राएं पिकनिक मनाने के लिए 400 किलोमीटर दूर जालना जिले से आए थे। इन 150 स्टूडेंट में से करीब 18 की तबीयत अचानक बिगड़ गई। हालत इतनी गंभीर हो गई कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। डाक्टर्स का कहना है कि ये सभी छात्र फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए हैं। जालना जिले के न्यू हाई स्कूल के स्टूडेंट्स नए साल के मौके पर स्कूल की तरफ से आयोजित पिकनिक मनाने आए थे। इसी बीच 18 छात्रों की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उन्हें पोलादपूर ग्रामीण अस्पताल में भर्ती किया गया।

## उल्टी, कपकपी और घबराहट की शिकायत

स्कूल टीचर प्रकाश बंसीधर के अनुसार, "महाबलेश्वर में छात्रों ने तली हुई चीजें और कुछ ग्रामीण ठंडे पेय का सेवन किया था। इससे कुछ छात्रों की तबीयत खराब हो गई। साथ ही, ठंडी हवाओं के कारण बस की खिड़कियां बंद रखने से कुछ छात्रों को सांस लेने में तकलीफ हुई और वे घबराने लगे थे। कुछ को उल्टी, शरीर में कंपकंपी, जुलाब और तेज सरदर्द की शिकायत भी आई।" इस घटना की सूचना मिलते ही पोलादपूर के पुलिस निरीक्षक अनिल जाधव, उपविभागीय पुलिस अधिकारी शंकर काळे, और तहसीलदार तुरंत अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## सभी बच्चों की हालत स्थिर

महाड ग्रामीण अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ। शान्तनु डोईफोडे की अगुवाई में डॉक्टरों की टीम छात्रों का इलाज कर रही है। वर्तमान में अस्पताल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सभी छात्रों की हालत स्थिर है। फूड पॉइजनिंग से प्रभावित छात्रों में विशाल शेळके, पायल परिहार, संकेत घुले, प्रथमेश लाहोरकर समेत कुल 18 बच्चे शामिल हैं। राहत की बात यह है कि इस समय सभी छात्रों की हालत स्थिर है।

# मुंबई की फेमस डबल डेकर ट्रेन रिटायर

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे की मुंबई में आखिरी गैर-एसी डबल-डेकर कोच ट्रेन दो दशकों से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गई है। इस ट्रेन की सेवा को पश्चिम रेलवे ने शनिवार (4 दिसंबर) से बंद कर दिया। इसी के साथ भारतीय रेलवे में डबल-डेकर कोच ट्रेनों का एक युग समाप्त हो गया है। पश्चिम रेलवे के अनुसार, 4 जनवरी तक अपने नियमित समय के अनुसार इस ट्रेन ने सेवा देते हुए अपनी यात्रा समाप्त की। पश्चिम रेलवे के मुताबिक, 5 जनवरी से वहीं ट्रेन 22 कोचों के पारंपरिक आईसीएफ रेक के साथ चलेगी, जो अभी तक कही और चल रही है। एक आईसीएफ ट्रेन पुरानी गैर-एसी डबल-डेकर ट्रेन की जगह लेगी। मुंबई सेंट्रल स्टेशन से शनिवार को आखिरी बार डबल-डेकर कोचों के साथ चलने वाली इस ट्रेन के रिटायरमेंट के दिन तमाम रेलवे कर्मचारी भी मौजूद रहे और इस ट्रेन को अंतिम विदाई दी गई।

## महाराष्ट्र में बीजेपी का सदस्यता अभियान शुरू

**मुंबई।** बांग्लादेशियों के मुद्दे पर बीजेपी को मुसलमानों का खूब साथ मिल रहा है। मुस्लिम बहुल इलाकों में बीजेपी ने सदस्यता अभियान शुरू किया है, जहां उसे अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। मुस्लिम कह रहे हैं कि हम मोदी के साथ हैं। अवैध बांग्लादेशियों को भगाया जाए। हम भी सरकार का साथ देंगे। उनका कहना है कि बीजेपी मंदिर मस्जिद की राजनीति नहीं करती, कुछ असामाजिक तत्व हैं, जो यह सब कर रहे हैं।

# सैफी बिजनेस एक्स्पो का पुणे में उद्घाटन



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पुणे/मुंबई।** दाऊदी बोहरा समाज की ओर से आयोजित सैफी बुरहानी बिजनेस एक्सपो 2025 का पुणे के डेक्कन कॉलेज ग्राऊंड पर शनिवार चार जनवरी को शानदार उद्घाटन संपन्न हुआ। दाऊदी बोहरा समाज के परमपूज्य सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के शेहजादा हुसैन बुहानुद्दीन के हाथों संपन्न हुए इस उद्घाटन समारोह में किर्लोस्कर न्यूमेटिक्स के चेयरमैन राहुल किर्लोस्कर, आयकर आयुक्त डा. नितिन वाघमोडे, पुणे व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष फत्तेचंद रांका, भाजपा व्यापारी आघाडी के प्रमुख उमेश शाह समेत बड़ी संख्या में दाऊदी बोहरा समाज के उद्योगपति-व्यावसायिक और नागरिक उपस्थित थे। विभिन्न प्रकार के उद्योग-व्यवसायों के लोगों को एक-दूसरे के साथ कनेक्ट करने के उद्देश्य से इस बिजनेस एक्स्पो का आयोजन किया गया है। उद्घाटन सत्र से पहले पुणे के दाऊदी बोहरा समाज की ओर से फत्तेचंद रांका और उमेश शाह का सम्मान किया गया।

## अतिथियों ने किया एक्स्पो का मुआयना

उद्घाटन सत्र के बाद उपस्थित सभी अतिथियों ने एक्स्पो का मुआयना किया और विभिन्न स्टॉल्स को भेंट कर जानकारी प्राप्त की। सोमवार छह जनवरी तक चलने वाले इस बिजनेस एक्स्पो में पुणे और महाराष्ट्र समेत देशभर के विभिन्न राज्यों और विदेश से आए उद्योगपति और व्यावसायिकों ने अपने स्टॉल्स लगाए हैं। जिसमें एमएसएमईज, स्टार्टअप्स, वुमेन आंत्रप्रेन्योर, रिटेलर्स, रियल इस्टेट डेवलपर्स, सर्विस प्रोवाइडर, एजुकेशनल इन्स्टीट्यूट्स, हेल्थकेयर और वेलनेस प्रोफेशनल्स के करीब 170 स्टॉल्स है। पहले ही दिन बोहरा समाज के नागरिकों समेत आम पुणेकरों ने एक्स्पो को भेंट करना शुरू दिया। लोग यहां आकर विभिन्न स्टॉल्स को भेंट करते दिखाई दिए। यहां आने वाले आम लोग यहां से विभिन्न वस्तुओं के साथ-साथ फर्निचर, हार्डवेयर, गृह सजावट की वस्तूओं की खरीदारी करते हुए दिखाई दिए।

## समाज की उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा

यह एक्स्पो विभिन्न उद्योग और व्यवसाय को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह रिटेलर्स के लिए स्वर्णीम अवसर है। पुणे व्यापारी महासंघ की ओर से एक्स्पो को पूरा सहयोग दिया गया है। उमेश शहा ने कहा कि, सैफी बुरहानी एक्स्पो दाऊदी बोहरा समाज की एक अनोखी व्यावसायिक पहल है। ज्यादा से ज्यादा पुणेकर इस एक्स्पो को भेंट करें, ऐसा आवाहन उन्होंने किया। इस एक्सपो से लोगों को ज्यादा जानकारी मिलेगी।

## सीएम ने किया एनएसएच अस्पताल का उद्घाटन



▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नागपुर।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को नागपुर में भांगड़िया फाउंडेशन द्वारा स्थापित एनएसएच क्रिटिकल केयर मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन किया। गंगाबाई घाट चौक क्षेत्र में आयोजित उद्घाटन समारोह में विधायक कृष्णा खोपड़े, कृपाल तुमाने, कीर्तिकुमार भांगड़िया, पूर्व सांसद डा. विकास महात्मे, एनएसएच क्रिटिकल केयर मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल के अध्यक्ष मितेश भांगड़िया, तथा चिकित्सा विशेषज्ञों में हृदय रोग विशेषज्ञ डा. वैभव बियानी, बाल रोग न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. उमेश बियानी, रेडियोलॉजिस्ट डा. नेहा बियानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. निकिता बियानी के साथ विनय बियानी और श्रीकांत भांगड़िया उपस्थित थे।मुख्यमंत्री फडणवीस ने विश्वास व्यक्त किया कि अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित यह अस्पताल गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को उचित उपचार प्रदान करेगा। उन्होंने एनएसएच के अध्यक्ष और सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष का निरीक्षण किया और विशेषज्ञों से अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का भी दौरा किया।

## मुंबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई,

# नालासोपारा से 13 बांग्लादेशी गिरफ्तार

▸▸ पांच पुरुष, चार महिलाएं और चार बच्चे शामिल

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने नालासोपारा इलाके से 13 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में 5 पुरुष, 4 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल हैं। घाटकोपर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अविनाश कालदाते ने बताया कि यह कार्रवाई 10 दिसंबर को भीम नगर जंक्शन से शुरू हुई। पुलिस ने उस दिन एक बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद अली अहमद मियां शेख को हिरासत में लिया था। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि नालासोपारा इलाके में और भी बांग्लादेशी नागरिक रह रहे हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान "तैबूर अजगर शेख, आलम अजगर शेख, मिजानू सलाम शेख, अब्दुल सिराज शेख, मुराद मिजानूर शेख, रत्ना तैबुर शेख, अमीना मुराद शेख, सबीना अब्दुला शेख के रूप में हुई।

## पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश बॉर्डर से हुए दाखिल

▪ जांच में सामने आया है कि ये सभी लोग पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश बॉर्डर से अवैध तरीके से भारत में दाखिल हुए। इसके बाद ये अलग-अलग ट्रेनों से मुंबई पहुंचे और यहां मजदूरी का काम करने लगे। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि इन लोगों ने भारत में कोई फर्जी दस्तावेज तो नहीं बनवाए हैं। मुंबई पुलिस समय-समय पर इस तरह की कार्रवाई करती रहती है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि अगर आपके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से रह रहा हो तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि देश की सुरक्षा में अपना योगदान दें। देश की सुरक्षा को बनाए रखना हर भारतीय का कर्तव्य है।

# नागपुर में जिप्सी चालकों पर कार्रवाई

**नागपुर।** नागपुर के उमरेड पावनी करहांडला अभ्यारण्य में एक बाघिन और उसके 5 शावकों को आगे पीछे से जिप्सी से घेरने का मामला ने तूल पकड़ लिया है। वीडियो वायरल होने के बाद वन विभाग ने चार जिप्सी ड्राइवर और चार गाइड को किया एक सप्ताह के लिए निलंबित और उन पर जुर्माना लगाया है। जिप्सी चालक को 2500 रुपए और गाइडो को 450 प्रति व्यक्ति जुर्माना लगाया गया है। वीडियों मे साफ दिख रहा है कि एक बाघिन और 5 शावकों को कैसे घेरा जा रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक बाघिन सबसे पहले झाड़ियां से बाहर निकलती है।




## मुख्यमंत्री ने किया पुस्तक का विमोचन

▪ **मुंबई।** मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना के क्रियान्वयन के प्रत्येक चरण की समीक्षा प्रस्तुत करने वाली पुस्तक "द इनसाइड स्टोरी ऑफ मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना" का विमोचन मुख्यमंत्री फडणवीस ने शनिवार को करकमलों से किया। यह पुस्तक महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव डा. अनूप कुमार यादव ने लिखी है।

# बर्ड फ्लू से तीन बाघ और एक तेंदुए की मौत

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता





टाइगर रिजर्व और रेस्क्यू सेंटर्स को अलर्ट जारी

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर स्थित गोरेवाड़ा रेस्क्यू सेंटर में तीन बाघ और एक तेंदुए की H5N1 वायरस की चपेट में आने से मौत हो गई है। ये मौतें दिसंबर महीने में हुई थी, जिसके बाद अधिकारियों ने पूरे महाराष्ट्र के टाइगर रिजर्व और रेस्क्यू सेंटर्स को अलर्ट जारी किया गया। इन जानवरों को दिसंबर में चंद्रपुर से गोरेवाड़ा ट्रांसफर किया गया था, जहां वे बर्ड फ्लू से संक्रमित पाए गए थे। बताया जा रहा है कि एक बाघ की मौत 20 दिसंबर को हुई थी, जबकि दो अन्य की मौत 23 दिसंबर को हुई। उनकी मौतों के बाद उनके सैंपल्स आईसीएआर - नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज को भेजा गया था, जहां सैंपल्स की जांच की गई जो कि H5N1 के लिए पॉजिटिव पाए गए।

## जांच में हेल्दी पाए गए 26 तेंदुए-12 बाघ

तीन बाघों और तेंदुए के सैंपल की जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद सेंटर में मौजूद अन्य 26 तेंदुए और 12 बाघों की भी जांच की गई, लेकिन वे स्वस्थ्य पाए गए। हालांकि, जानकार बताते हैं कि इन जानवरों में बर्ड फ्लू की शिकायत संक्रमित या रॉ मांस खाने की वजह से होती है।

## वायरस के सोर्स का पता लगाने में जुटे अधिकारी

लैब सैंपल की जांच रिपोर्ट 1 जनवरी को सामने आई, जिससे पता चला कि जानवरों की मौत H5N1 वायरस से हुई थी। इसके बाद सभी रिजर्व और रेस्क्यू सेंटर को अलर्ट जारी किया गया। फिलहाल अधिकारी इन जानवरों में पाए गए वायरस के सोर्स का पता लगाने में जुटे हैं।

# अणुव्रत संदेश लेकर राजभवन पहुंचीं साध्वी मंगलप्रज्ञा

▪ राज्यपाल की उपस्थिति में विशेष संगोष्ठी आयोजित
▪ राज्यपाल ने किया साध्वी का अभिवादन

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** शांतिदूत आचार्य श्री महाश्रमण जी की प्रबुद्ध शिष्या प्रोफेसर साध्वीश्री मंगलप्रज्ञा जी के नेतृत्व में जैन तेरापंथ समाज का एक प्रतिनिधिमंडल महाराष्ट्र राजभवन के प्रांगण में पहुंचा। जहां पर राजभवन के कान्फ्रेंसहॉल में माननीय राज्यपाल महोदय श्री सी. पी. राधाकृष्णन् की गरिमामयी उपस्थिति में अणुव्रत के संदर्भ में एक विशेष संगोष्ठी आयोजित हुई। प्रबुद्धजनों के मध्य लगभग एक घण्टे यह विशिष्ट कार्यक्रम हुआ दक्षिण भारतीय सामान्य वेशभूषा में एक असाधारण व्यक्तित्व के धनी एवं विशिष्ट प्रतिभासम्पन्न, शालीन एवं विनम्र महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री सी. पी. राधाकृष्णन् साहब का राजभवन के कान्फ्रेन्स हॉल में राजकीय पारम्परिक व्यवस्था के अनुसार आगमन हुआ। राज्यपाल महोदय ने ज्योंहि साध्वीवृन्द को देखा अपने चप्पल खोलकर साध्वी श्री मंगलप्रभा जी के निकट आकर मस्तक झुकाकर उनका अभिवादन किया। भारतीय सन्त परम्परा के प्रति राज्यपाल महोदय का आदर सम्मान उल्लेखनीय था। कार्यक्रम के अन्त में जब साध्वीश्री जी ने मंगलपाठ का श्रावण करवाया तब वे थोड़ी देर झुककर करबद्ध होकर खड़े रहे, यह दृश्य भी जैन संतों के प्रति उनकी आदर भावना का संसूचक था कार्यक्रम का प्रारम्भ नमस्कार महामंत्र के साथ हुआ। अणुविभा संस्था परिचय महामंत्री श्री मनोज सिंघवी ने किया एवं स्वागत मुम्बई सभा अध्यक्ष श्री माणक धींग ने किया। प्रारम्भ में राज्यपाल महोदय का संक्षिप्त-सा स्वागत, समाज के विशिष्ट व्यक्तियों ने किया। श्री किशनलाल डागलिया पूर्व अध्यक्ष महासभा, श्री विनोद कोठारी उपाध्यक्ष अणुविभा, श्री कुन्दनमल धाकड अध्यक्ष आचार्य महाप्रज्ञ विद्यानिधि फाउण्डेशन, श्री गणपतलाल डागलिया कार्याध्यक्ष, श्री नीतेश धाकड उपाध्यक्ष सभा दक्षिण मुंबई आदि ने साहित्य, शाल्यार्पण आदि से राज्यपाल महोदय का सम्मान किया। इस स्वागत कार्यक्रम का संचालन अणुविभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री राजकुमार चपलोत ने किया। स्वागत के पश्चात साध्वी राजुलप्रभा जी ने मुख्य कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए साध्वी प्रो. मंगल प्रज्ञाजी का परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य कार्यक्रम में सभा को सम्बोधित करते हुए साध्वी श्री मंगलप्रज्ञा जी ने अपने वक्तव्य में गुरुदेव श्री तुलसी द्वारा प्रवर्तित अणुव्रत आन्दोलन की अवगति देते हुए प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र बाबू, डॉ. राधाकृष्णन सर्वपल्ली आदि अनेक राजनेताओं के अणुव्रत से संबन्धों को रेखांकित करते हुए गुरुदेव श्री तुलसी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी एवं पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे अब्दुल कलाम द्वारा साथ में लिखित ''फेमिली एवं नेशन'' पुस्तक की जानकारी दी। वर्तमान अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण जी के द्वारा कृत अहिंसा यात्रा तथा अणुव्रत के कार्य की अवगति दी। गुरुदेव के दिशा निर्देशन में संचालित अणुव्रत डिजिटल डिटॉक्स एलिवेट आदि आयामों की अवगति विस्तार से दी। संतचर्चा की विशद् जानकारी साध्वीश्री जी द्वारा प्राप्त कर राज्यपाल महोदय अत्यधिक प्रसन्न हुए। दत्तचित्त वे साध्वी श्री जी को सुन रहे थे। साध्वी चैतन्य प्रभा जी ने एलिवेट कार्यक्रम की एवं साध्वी शौर्यप्रभा जी ने डिजिटल डिटॉक्स की जानकारी कार्यक्रम में दी राज्यपाल महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा- आप लोग मानवता के लिए खूब अच्छा कार्य कर रहे हों। इसकी मुझे प्रसन्नता है। जैन कम्यूनिटी शान्तिप्रिय है। अपने द्वारा किसी को दुखी नहीं करना, यह इस कम्यूनिटी की विशेषता है। राज्यपाल महोदय ने कहा - सामान्यतः लोग सोचते हैं- जैन धर्म नॉर्थ इण्डिया में ही है।

# मिट्टी से भरे डंपरों ने किया परेशान

▸▸ कई जगह रोक के बावजूद कंस्ट्रक्शन

**मुंबई।** मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण से आम लोग परेशान हैं। मिट्टी और मलवे से भरे ट्रक और डंपर की वजह से काफी धूल उड़ते हैं, जिसकी वजह से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। प्रदूषण को रोकने के लिए महाराष्ट्र सरकार कड़े कदम उठा रही है। सवाल है कि कंस्ट्रक्शन काम में लगे ठेकेदार या कंपनियां क्या नियम कानूनों का ठीक से पालन कर रहे हैं? कुछ दिनों पहले मुंबई से सटे मीरा भयंदर इलाके में मजबूरन लोग सड़क पर उतर पड़े। विरोध प्रदर्शन करते लोगों ने मिट्टी और मलवे से भरे सैकड़ों ट्रकों को सड़क पर रोक दिया। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने कहा कि लोग बीमार हो रहे हैं और बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। यहां पर कुछ ऐसे लोग मिले जिनका दावा था कि वह महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनायक के ऑफिस से आए हुए हैं। उन्हें भी ये पता करने के लिए भेजा गया है।


## शोक संदेश

(स्वर्गवास : 03-01-2025)



स्व. भगवतसिंह देवल (भमसा)

निवास : कलापुरा (जालौर)

## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशनार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

## जोधपुर में नाट्य महोत्सव

# विजय दान देथा की कहानी का मंचन

- नाटक में महिलाओं के अधिकारों को दर्शाया
- मंच पर भूत की कहानी ने किया रोमांचित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** जोधपुर में जय नारायण व्यास स्मृति टाउन हॉल भवन में राजस्थान संगीत नाटक अकादमी और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय रंग मंडल की ओर से नाट्य महोत्सव चल रहा है। तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव का आज अंतिम दिन है। शनिवार को दूसरे दिन माई री मैं का से कहूं नाटक का मंचन किया गया। इस नाटक के माध्यम से समाज में महिलाओं के अधिकार के बारे में बताया गया। वहीं भूत की कहानी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

### महिलाओं की स्थिति पर किया कटाक्ष

विजय दान देथा की कहानी पहेली पर आधारित इस नाटक का निर्देशन अजय कुमार ने किया। नाटक के माध्यम से जन्म से लेकर विवाह तक महिलाओं के अधिकार के बारे में बताया गया। जिसमें शादी से पहले तक माता-पिता के पास होते हैं और विवाह के बाद उनके पति और बच्चों के पास। नाटक के माध्यम से बताया गया कि समाज में भी महिलाएं अपने स्वयं के चुनाव करने की स्वतंत्रता से वंचित रहती हैं। कलाकारों ने नाटक के माध्यम से महिलाओं को अपने लिए सोचने और फैसले लेने की आजादी पर सवाल उठाए। नाट्य महोत्सव में शामिल होने वाले कलाकारों के प्रस्तुति ने मन मोह लिया उन्होंने अलग-अलग वाद्य यंत्रों के साथ प्रस्तुति थी जिसमें करीब 25 कलाकार और आठ म्यूजिशियन शामिल रहे।

# जोधपुर में पकड़ी गई दो विदेशी युवतियां

- हेयर सैलून की आड़ में चल रहा था स्पा सेंटर

**जोधपुर।** शहर में हेयर सैलून की आड़ में कई जगह पर स्पा सेंटर चलाए जा रहे हैं। जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के सरदारपुरा सी रोड पर पुराने CMHO कार्यालय के पास गली में स्थित स्पा सेंटर में अनैतिक गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने शनिवार देर रात दबिश दी। यहां पर स्पा सेंटर का लॉक खुलवाकर तलाशी लेने पर दो विदेशी युवतियों को पकड़ा गया। फिलहाल इस मामले में संचालक को गिरफ्तार किया गया है।

### पुलिस ने की तत्काल कार्रवाई

ये पूरी कार्रवाई सहायक पुलिस आयुक्त पश्चिम छवि शर्मा के नेतृत्व में की गई। टीम को हेयर सैलून और स्पा की आड़ में अनैतिक गतिविधियों की शिकायत मिली थी इसके बाद यहां पर दोपहर में पुलिस मौके पर पहुंची तो संचालक लॉक लगाकर गायब हो गया था तो पुलिस ने इसे संपर्क किया तो उसने बताया कि स्पा सेंटर में कोई भी युवतियां नहीं है। बाद में देर रात स्पा सेंटर संचालक की मौजूदगी में लॉक खोलकर तलाशी ली गई तो वहां पर थाईलैंड की दो युवतियां मिली।

# उदयपुर में छह साल बाद हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

- किडनैप कर कार छीन कर भागा था
- फरवरी 2019 में दर्ज की गई थी श

**उदयपुर।** उदयपुर शहर की हिरण मगरी थाना पुलिस ने लूट, हत्या, डकैती और अपहरण के मामलों में हार्डकोर आरोपी जितेन्द्र उर्फ जीतू उर्फ प्रदीप पिता दरबार सिंह निवासी जयपुर को 6 साल बाद प्रोडक्शन वारंट के जरिए विशिष्ट केन्द्रीय कारागृह दौसा से गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी दर्शन सिंह ने बताया कि प्रार्थी दिव्यांशु चौधरी ने 18 फरवरी 2019 को थाने में रिपोर्ट दी थी। जिसमें बताया कि वह अपनी कार लेकर अपने घर से भोजन करने के लिए बाहर निकला था। सेक्टर-3 मैन रोड पर डिवाइडर को क्रॉस करने के लिए रुका, तभी उसी समय अचानक कार के सामने दो से तीन लोग सामने आ गए। उनमें से एक व्यक्ति ने झपट्टा मारकर उसकी कार की चाबी निकाल ली। इस दौरान दो अन्य व्यक्ति भी आ गए। उन्होंने उसे खींचकर कार में पीछे की ओर धकेल दिया और गाड़ी स्टार्ट कर रवाना हो गए। गाड़ी को तेज स्पीड में चित्तौड़गढ़ रोड की तरफ ले गए। उन्होंने प्रार्थी के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। फिर कीर की चौकी स्थित भींडर रोड पर सुनसान रास्ते धक्का देकर नीचे उतार दिया। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई थी। पुलिस ने 6 साल बाद आरोपी जितेन्द्र उर्फ जीतू उर्फ प्रदीप को गिरफ्तार किया। जिससे चोरी हुई कार भी बरामद की।

## बाड़मेर में आटे-साटे का मामला

# एक साल बाद विवाहिता की मौत

### मर्डर कर टांके में डाला शव, मां की भी हत्या की

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** बाड़मेर में आटे-साटे में शादी के एक साल बाद युवती की टांके में डूबने से संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। लड़की के भाई कानाराम ने ससुराल वालों पर मर्डर करके टांके में डालने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही कानाराम ने अपनी मां की हत्या का आरोप भी लगाया है। मामला बाड़मेर जिले के बीजराड़ थाने के सुखालिया गांव का है, जहां सुनीता (23) पत्नी दयाल कागा की घर के बने टांके में डूबने से मौत हो गई। डीएसपी जीवनलाल खत्री ने बताया- मृतका के पीहर पक्ष की ओर से रिपोर्ट देने पर दहेज हत्या व प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रथम दृष्टया टांके में गिरने से मौत होने सामाने आया है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। फिलहाल आगे जांच की जा रही है। मृतका की मां की मौत मामले में एक एफआईआर पहले से दर्ज है। उसमें प्रथम दृष्टया सड़क एक्सीडेंट से मौत होना बता रहे है। पुरानी एफआईआर और जांच रिपोर्ट देखने के बाद ही पता चल पाएगा। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम बीजराड़ निवासी सुनीता पत्नी दयाल कागा की मौत होने की सूचना मिली थी। इस पर चौहटन सीईओ जीवनललाल खत्री, बीजराड़, थानाधिकारी मगाराम मय पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचे। बॉडी घर बने टांके के बाहर थी। पुलिस ने मृतका के पीहर को सूचना देकर बुलाया गया। वहीं एफएसएल और एमओबी की टीमों को बुलाकर मौके से सबूत जुटाए। रात को मृतका के शव को चौहटन हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया गया।



### सुनीता की मां की मई में हुई थी मौत

वहीं, मृतका के भाई कानाराम का कहना है कि मई माह में दयाल कागा ससुराल गए थे और बहन को लेकर आ गया था। तब उन्होने मृतका की मां और पर हमला किया था। इस दौरान मृतका की मां थाने रिपोर्ट लिखवाने जा रही थी तभी कार ने टक्कर मारी इससे उसकी मौत हो गई थी। इसमें भी उनका ही हाथ था। ससुराल वाले सुनीता के साथ मारपीट करते रहते थे। उन्होंने मर्डर करके टांके में डाला है।

### एक साल पहले आटे-साटे में हुई थी शादी

डीएसपी खत्री ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच आटे-साटे में करीब एक साल पहले शादी हो रखी थी। दयाल कागा की बहन ससुराल जा नहीं रही थी। पीहर में रह रही थी। इनके बीच आपस में मन-मुटाव चल रहा था। पुलिस ने 304 बी, 498 सहित अन्य धाराओ में मामला दर्ज किया गया है। जांच में जो भी आएगा उसके अनुसार आगे कार्रवाई की जाएगी।

# 37.9 किलो डोडा-पोस्त जब्त

- मादक पदार्थ का आरोपित गिरफ्तार
- पशु चारे में छिपाकर ले जा रहा था ड्रग्स
- डीएसटी-चौहटन पुलिस ने की कार्रवाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाड़मे।** बाड़मेर जिले की चौहटन पुलिस ने घर पर दबिश देकर 37 किलो 989 ग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया। एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी घर में बने पशु चारे में छुपाकर डोडा-पोस्त का कारोबार करता था। फिलहाल पुलिस आरोपी से डोडा-पोस्त की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि चौहटन आगौर इलाके में घर से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ का धंधा किया जा रहा है। इस पर डीएसटी टीम और चौहटन पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चौहटन आगौर निवासी हरीराम पुत्र खुमाराम के घर पर दबिश दी। तलाशी लेने के दौरान घर में चारे के कमरे में डोडा-पोस्त के कट्टे मिले। पुलिस टीम ने 37 किलो 989 किलोग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया। वहीं आरोपी हरीराम को डिटेन कर पूछताछ की गई। डोडा-पोस्त को जब्त किया और आरोपी को थाने ले गए। चौहटन थानाधिकारी सोमकरण ने बताया- आरोपी हरीराम पुत्र खुमाराम के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी से डोडा-पोस्त कहां से लेकर आया और किसको बेच रहा था। इसको लेकर पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तारी में चौहटन थाने के एएसआई सुभान अली, गुमानसिंह, कॉन्स्टेबल हरलाल, हुकमाराम, कंवराराम, भरोसीराम, महिला कॉन्स्टेबल जेठी और डीएसटी टीम प्रभारी मेहाराम, प्रेमाराम, मालाराम, हनुमानराम, योंगेद्र वर्ता, संदीप, सवाई सिंह, स्वरूप सिंह शामिल रहे।

# बालोतरा में दिनदहाड़े मकान में चोरी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा शहर की गौड़ कॉलोनी में दिनदहाड़े चोरी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चुराकर फरार हो गए। घटना उस समय हुई जब मकान मालिक घरेलू कार्य से उत्तरलाई गए हुए थे। मकान मालिक जब अपने घर लौटे तो उन्होंने घर के ताले टूटे हुए पाए। घर में बिखरा सामान देखकर उन्हें चोरी का अंदेशा हुआ। तत्काल उन्होंने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही बालोतरा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि चोर घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी में रखे कीमती जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

# दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक एसयूवी जब्त, दो गिरफ्तार

- समदड़ी पुलिस की अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई

**बालोतरा।** बालोतरा जिले के समदड़ी पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक एसयूवी जब्त की है। साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।समदड़ी थानाधिकारी देवकिशन ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि लूनी नदी के बाहरी क्षेत्र करमावास के पास लड्डु गिरी मंदिर के सामने अवैध बजरी भरी जा रहीं है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर छापा मारा। जैसे ही पुलिस टीम वहां पहुंची, बजरी माफिया ट्रैक्टरों में अवैध बजरी भर रहे थे। पुलिस को देखकर ट्रैक्टर चालक बजरी को खाली कर भागने लगे।

हालांकि, पुलिस ने पीछा करते हुए ट्रैक्टर चालकों को पकड़ा। इस कार्रवाई में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक रमेश कुमार (20) निवासी करमावास और राजेंद्र सिंह (40) निवासी सावरड़ा को गिरफ्तार किया।

# बाड़मेर में 6 घंटे लाइट कटौती, सुबह-शाम रहेगी बंद

**बाड़मेर।** बाड़मेर में 11केवी शिव नगर फीडर मेंटेनेंस करने और एक्स्ट्रा लाइन की चार्ज करने के लिए रविवार को सुबह 4 घंटे और शाम 2 लाइट कटौती रहेगी। पूरे दिन में 6 घंटे लाइट बंद किया जाएगा। इसमें मुख्य शहर के आसपास के इलाके प्रभावित रहेगे। डिस्काम शहर सेकेंड के सहायक अभियंता ने बताया- कि 33 केवी रीको उप चौकी से निकलने वाले 11 केवी शिव नगर फीडर को दुरुस्त किया जाएगा। साथ ही एक्स्ट्रा लाइन को चार्ज करने के लिए सुबह 8 से 12 बजे तक और शाम को 4 से 6 बजे तक लाइट की सप्लाई बंद रहेगी। ठंड का मौसम होने के कारण लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं होगी।

# राजसमंद में निजी लैबों की धांधली उजागर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



- आठ माह तक लगातर प्रसूता को देते रहे गलत सोनोग्राफी रिपोर्ट
- खबर फैलने पर स्थानीय लोगों ने किया हंगामा

**राजसमंद।** राजसमंद जिला मुख्यालय पर राजनगर थाना क्षेत्र के 100 फीट रोड स्थित रेडॉन लैब की मनमानी के चलते पैसा बटोरने के लिए आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है। राजनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले जय सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी पिछले 8 माह से गर्भवती है और चिकित्सकों के परामर्श पर लगातार रेडॉन लब पर सोनोग्राफी करवाती रही है। पिछले 8 माह से लैब वाले पीड़िता के परिवार को गुमराह कर रहे हैं। सोनोग्राफी में उसकी डिलीवरी में कॉम्प्लिकेशन और बच्चे की हालत नाजुक बताई गई। 2 दिन पूर्व वापस सोनोग्राफी के दौरान लैब संचालक ने जब रिपोर्ट नहीं दी तो उन्होंने उदयपुर की दूसरी लेब पर सोनोग्राफी करवाई जिसमें पूरे मामले का खुलासा हुआ। यह घटना शहर में फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग लैब के बाहर जमा हो गए और नारेबाजी करते हुए आरोपी लैब संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर राजनगर थाना पुलिस और चिकित्सा विभाग से ब्लॉक ब्लॉक सीएमएचओ भी मौके पर पहुंचे। जहां लोगों के आक्रोश को देखते हुए लैब को ताला लगा दिया गया और पांच सदस्य की कमेटी बिठाकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## व्यापार जगत

# तीन दिन में 4285 करोड़ के शेयरों की बिक्री

### विदेशी निवेशक लगातार निकाल रहे पैसा



**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों से पहले आशंकाओं और घरेलू शेयरों के हाई वैल्यूएशन के कारण इस महीने के पहले तीन कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयर बाजारों से 4,285 करोड़ रुपये निकाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पहले पूरे दिसंबर माह में एफपीआई ने शेयरों में 15,446 करोड़ रुपये का निवेश किया था। वैश्विक और घरेलू चुनौतियों के बीच एफपीआई की धारणा में बदलाव आया है।

### क्या बोल रहे एक्सपर्ट

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, 'जबतक डॉलर मजबूत रहेगा और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल आकर्षक रहेगा, तबतक एफपीआई की बिकवाली जारी रहने की संभावना है। डॉलर इंडेक्स इस समय 109 के आसपास है और 10 साल के बॉन्ड पर प्रतिफल 4.5 प्रतिशत से अधिक है। इस वजह से एफपीआई निकासी कर रहे हैं। एक से तीन जनवरी के दौरान एफपीआई ने 4,285 करोड़ के शेयर बेचे है। विदेशी निवेशकों के बीच अनिश्चितता का पता मौजूदा निकासी से चलता है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर ने कहा, ''विदेशी निवेशकों ने कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों से पहले सतर्क रुख अपनाया है।

### किस बात का पड़ रहा असर

■ डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट ने एफपीआई की धारणा को और कमजोर कर दिया है, क्योंकि मुद्रा जोखिम ने भारतीय निवेश को कम आकर्षक बना दिया है। इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा इस साल ब्याज दरों में कम कटौती के संकेत भी निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में विफल रहे हैं। घरेलू मोर्चे पर बात की जाए, तो एफपीआई मुख्य रूप से ऊंचे मूल्यांकन की वजह से बिकवाली कर रहे हैं। कुल मिलाकर यह रुझान विदेशी निवेशकों द्वारा सतर्क रुख को दर्शाता है, जिन्होंने 2024 में भारतीय शेयरों में सिर्फ 427 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। 2023 में एफपीआई ने भारतीय शेयरों में 1.71 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया था। वहीं 2022 में एफपीआई ने 1.21 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली की थी।

# गुजरात टूलरूम एक पर देगी पांच शेयर फ्री

**मुंबई।** स्मॉलकैप स्टॉक गुजरात टूलरूम के शेयर बीते सप्ताह लगातार फोकस में थे। कंपनी के शेयर शुक्रवार को 5% चढ़कर 18.98 रुपए के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। कंपनी ने बुधवार को ऐलान किया कि वह 6 जनवरी को अपनी आगामी बोर्ड मीटिंग में 5:1 बोनस शेयर इश्यू पर विचार करेगी। इसका मतलब है कि हर एक पर 5 शेयर फ्री में मिलेंगे। कंपनी के शेयरधारकों के अप्रूवल के तहत इलिजिबल निवेशकों को 5:1 के रेशियो में बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव पर विचार करने और मंजूरी देने के लिए कंपनी के बोर्ड मेंबर की 6 जनवरी को बैठक होने वाली है।



### माइक्रोकैप कंपनी

इंजीनियरिंग सेक्टर की एक माइक्रोकैप कंपनी गुजरात टूलरूम शेयर का 52-सप्ताह का उच्चतम और निचला स्तर क्रमशः 45.97 रुपये और 10.75 रुपये प्रति शेयर है। पिछले एक महीने में स्टॉक ने 34.82 फीसदी का शानदार रिटर्न दिया है। पिछले तीन महीनों में इसने 51.68 फीसदी का रिटर्न दिया है। गुजरात टूलरूम के शेयरों में पिछले तीन और पांच साल में क्रमशः 1485.96 और 4657.89 फीसदी का उछाल आया है। बोनस शेयर शेयरधारकों के लिए फ्री होते हैं क्योंकि वे कंपनी द्वारा जारी किए जाते हैं, जिससे कंपनी में निवेशक के बकाया शेयर बढ़ जाते हैं और स्टॉक की तरलता बढ़ जाती है। वे शेयरधारक जिनके पास रिकॉर्ड तिथि और कंपनी द्वारा निर्धारित एक्स-डेट से पहले कंपनी के शेयर हैं।

# आपका राशिफल 6 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9

# आरआईएल को 11 बैंकों ने दिया लोन

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने 11 बैंकों के एक कंसोर्टियम से 3 बिलियन डॉलर जुटाए हैं। यह पिछले दो वर्षों में रिलायंस का सबसे बड़ा बॉरोइंग डील है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले महीने इस 5 वर्षीय लोन को लेने की डील फाइनल हुई थी। यह तीन महीने की सिक्योर ओवरनाइट फाइनेंसिंग रेट (SOFR) से 120 बेसिस प्वाइंट अधिक पर ब्याज पर लिया गया है। इसमें 450 मिलियन डॉलर जापानी येन में लिया गया था। बता दें कि दिसंबर में तीन महीने की SOFR रेट लगभग 4.80 प्रतिशत थी। इसके अलावा 120 बेसिस प्वाइंट के साथ लोन पर ब्याज लगभग 6 प्रतिशत है। 3 बिलियन डॉलर का लोन मुख्य रूप से 2025 में मैच्योर होने वाले मौजूदा डेट को री-फाइनेंस करने के लिए है। रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है कि कंपनी ने पहले ही लोन में से 700 मिलियन डॉलर का उपयोग कर लिया है और आवश्यकतानुसार चालू तिमाही में और अधिक फंड जुटाने की योजना बना रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस तिमाही के अंत में और अधिक बैंकों के सिंडिकेशन में शामिल होने की उम्मीद है।

- अंबानी ने 3 बिलियन डॉलर का किया इंतजाम

### किस बैंक से कितना लोन




जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ अमेरिका के पास लोन का सबसे बड़ा हिस्सा 343 मिलियन डॉलर है। इसके अलावा डीबीएस बैंक और एचएसबीसी (प्रत्येक 300 मिलियन डॉलर), जापान का एमयूएफजी (280 मिलियन डॉलर) और भारत का स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (275 मिलियन डॉलर) शामिल हैं। जापानी ऋणदाताओं स्टैंडर्ड चार्टर्ड, मिजुहो बैंक और एसएमबीसी में से प्रत्येक का 250 मिलियन डॉलर का लोन है।

### लगातार विस्तार कर रही रिलायंस

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने पिछले पांच वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा, दूरसंचार, खुदरा और मीडिया कारोबार में किए गए अधिग्रहणों पर करीब 13 अरब डॉलर खर्च किए हैं। हाल ही में मॉर्गन स्टेनली ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज की इन अधिग्रहण योजनाओं के पीछे मकसद तेल और पेट्रोकेमिकल कारोबार से ध्यान को नवीकरणीय ऊर्जा और उपभोक्ता केंद्रित खंड पर देने का रहा है।

# टीसीएस के साथ तिमाही नतीजों का सीजन शुरू

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुझानों, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इस सप्ताह गुरुवार से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के साथ तिमाही नतीजों का सीजन शुरू होने जा रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि वृहद आर्थिक आंकड़े और रुपये-डॉलर का रुख भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के सीनियर एक्सपर्ट रिसर्च प्रवेश गौर ने कहा, ''चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के नतीजों की शुरुआत इसी सप्ताह होने जा रही है। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज टीसीएस और टाटा एलेक्सी बृहस्पतिवार यानी नौ जनवरी को अपनी वित्तीय नतीजों की घोषणा करेंगी।

### ट्रंप के नीतिगत निर्णयों पर रहेगी कंपनी की नजर




उन्होंने कहा कि तिमाही नतीजों के बाद बाजार का ध्यान आगामी आम बजट और डोनाल्ड ट्रंप 2.0 प्रशासन के नीतिगत निर्णयों पर रहेगा। गौर ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुद्ध बिकवाल रहे हैं, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) लिवाल बने हुए हैं।

एफआईआई और डीआईआई के बीच इस तरह का 'संघर्ष' आगे भी जारी रहेगा और यह इस सप्ताह बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "नए साल के दूसरे सप्ताह को देखते हुए कई प्रमुख घटनाक्रम बाजार की धारणा प्रभावित कर सकते हैं। तिमाही नतीजों की शुरुआत टीसीएस के साथ होगी। तीसरी तिमाही के बेहतर नतीजों से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी का रुख पलट सकता है। इसके अलावा आगे के संकेतों के लिए निवेशकों की निगाह एचएसबीसी सेवा पीएमआई और औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों पर रहेगी।" शुक्रवार को रुपया चार पैसे टूटकर 85.79 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''आगे बाजार कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों पर निगाह रखेगा। उम्मीद की जा रही है कि कंपनियों के तिमाही नतीजों में इससे पिछली तिमाही की तुलना में सुधार देखने को मिलेगा।''वैश्विक मोर्चे पर बात की जाए, तो फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे की इसी सप्ताह घोषणा होगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 524.04 अंक या 0.66 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 191.35 अंक या 0.80 प्रतिशत के लाभ में रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स 720.60 अंक या 0.90 प्रतिशत गिरकर 79,223.11 अंक पर बंद हुआ।

### 119वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के पासिंग आउट परेड एवं समापन

# नव प्रशिक्षित वनरक्षक प्रकृति संरक्षण का कार्य आधुनिक तकनीक के समन्वय से पूर्ण निष्ठा के साथ करें : यादव



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य एवं पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा की अध्यक्षता में रविवार को अलवर के ग्राम ठेकडा स्थित राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में वानिकी सैटेलाईट प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान वानिकी एवं वन्यजीव प्रशिक्षण संस्थान जयपुर के 119वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के पासिंग आउट परेड एवं समापन समारोह तथा 120वें वनरक्षक आधारभूत प्रशिक्षण सत्र के उद्घाट्न समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें अतिथियों ने पास आउट वनरक्षकों की परेड का निरीक्षण किया एवं परेड की सलामी ली। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री यादव ने वनरक्षक प्रशिक्षुकों को पासिंग परेड की बधाई व शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर कहा कि दीक्षांत परेड के सहभागी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने केरियर का नया अध्याय प्रारम्भ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से तकनीकी कुशलता, प्रक्रियागत एवं कानूनी जानकारी के साथ टीम भावना का विकास होता है। यह प्रशिक्षण प्रशिक्षुओं के जीवन का मुख्य पड़ाव बनने साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह नौकरी ही नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति ट्रस्टी के रूप में कार्य करने का महान अवसर है। उन्होंने कहा कि वन मंत्रालय निरन्तर पर्यावरण संतुलन एवं वन्यजीवों के संरक्षण के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रहा है, जिसमें वनरक्षकों का प्रमुख कर्तव्य है कि वे वन एवं वन्यजीवों को रक्षा की जिम्मेदारियों को मुस्तैदी से पूरा करें।

उन्होंने कहा कि आबादी के बढ़ते हुए बोझ के कारण वनों पर भी बोझ पड़ा है। यह हर्ष का विषय है कि उक्त परिस्थितियों के मध्य भी फोरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की वन मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम द्विवार्षिक रिपोर्ट में देश के वन क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो तीन बडें क्वाटिटी ऑफ कॉन्ट्रेब्यूशन तय किये थे उनमें पहला भारत दुनिया में जलवायु परिवर्तन प्रगति के कारण जो कार्बन उत्सर्जन होता है उसमें 40 प्रतिशत कटौती करेगा और यह लक्ष्य 2030 तक के लिए तय किया था लेकिन यह लक्ष्य हमने समय से 9 साल पहले पूरा कर ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। दूसरा लक्ष्य रिन्यूबल एनर्जी क्षमता को बढा कर 45 प्रतिशत करेगे यह लक्ष्य भी 2030 तक पूरा करना था लेकिन यह लक्ष्य हमने 2021 में ही प्राप्त कर लिया है और भारत ने रिन्यूबल एनर्जी की क्षमता को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तय किया है तथा तीसरा लक्ष्य विशेष रूप से विभाग से संबंधित है जो ग्रीन कार्बन सिंक एरिया को बढ़ाकर 33 प्रतिशत का लक्ष्य था उस लक्ष्य को लेकर जो वन विभाग की रिपोर्ट आई है वह 2.90 गीगा टन कार्बन सिंक के लक्ष्य को 2030 तक प्राप्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने 50 वर्ष पहले नेशनल टाईगर कन्जर्वेशन पर काम करना शुरू किया था तब सिर्फ नौ टाईगर रिजर्व थे और अब टाईगर रिजर्व की संख्या बढकर 57 हो गई है देश में 53 हजार वर्ग किलोमीटर एरिया टाईगर रिजर्व क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों के अवैध व्यापार को रोकने में भी कामयाब हुए है भारत ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया। इसी प्रकार फॉरेस्ट कन्जर्वेशन एक्ट में भी सुधार किया। उन्होंने कहा कि दुनिया के 5 बिग केट में से भारत में दुनिया के 70 प्रतिशत बाघ, करीब 70 प्रतिशत हाथी तथा शत-प्रतिशत एशियाई शेर मौजूद हैं और चीता पुनर्वास का कार्य एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप से कर भारत ने दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि वन मंत्रालय का एग्रो फोरेस्ट्री को बढावा देने के साथ-साथ वन क्षेत्रा के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की महिला सहायता समूह को वानिकी उपज से संबंधित प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है जिससे उनकी आजीविका के साथ वन संरक्षण हो सके। पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने बुनियादी प्रशिक्षण के पश्चात दीक्षांत परेड में शामिल प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देकर कहा कि यह वनरक्षक के रूप में न केवल वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा व संरक्षण का दायित्व का निर्वहन करने के साथ वन क्षेत्र के आसपास के ग्रामवासियों के हितों की रक्षा का भी कार्य करें। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए प्रकृति का संरक्षण महत्वपूर्ण विषय है। उसकी सुरक्षा का दायित्व मिलना एक राजकीय कार्य के साथ पुनीत कार्य भी है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के द्वारा वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए कहा कि यादव ने राज्य के वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए आगे बढकर सहयोग किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक पेड मां के नाम अभियान के अन्तर्गत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हरियालो राजस्थान अभियान के बारे में अवगत कराते हुए सभी से आह्वान किया कि अधिकाधिक पेड लगाकर पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करें। आरएफडब्ल्यूटीआई की निदेशक एवं मुख्य वन संरक्षण प्रशिक्षण शैलजा देवल ने बताया कि 119वें वनरक्षक प्रशिक्षण सत्र में 11 सेटेलाइट प्रशिक्षण केंद्रों पर 1397 वनरक्षकों का प्रशिक्षण पूर्ण हुआ जिसमें अलवर में कुल 214 वनरक्षक प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण किया एवं 120वें प्रशिक्षण सत्र में 8 सेटेलाइट प्रशिक्षण केंद्रों पर 1300 वनरक्षकों का प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ जिसमें अलवर में 150 वनरक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## पुलिस ने ली सीएलजी सदस्य की बैठक, साइबर क्राईम के बारे में जानकारी दी



**फुलेरा।** स्थानीय पुलिस थाना परिसर पर रविवार सायं उप पुलिस अधीक्षक अनुपम मिश्रा के सानिध्य में साइबर क्राइम की रोकथाम को लेकर सीएलजी सदस्यो की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक अनुपम मिश्रा ने बताया कि साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहा है। इसकी रोकथाम के लिए आमजन को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम ऑनलाइन लेने देन करते समय सर्तकता बरते हुए यूजर पासवर्ड शेयर नहीं करें। वही थाना अधिकारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि फोन पर आपको लोन देने के प्रलोभन झांसे देकर आपके अकाउंट नम्बर व एटीएम नम्बर सहित पासवर्ड लेकर आपके खाते से रूपये निकालने व लोन देने के लिए आपको आगे से फोन नहीं किया जाता है और न ही आपके अकाउंट नम्बर, मोबाइल नम्बर, आधार कार्ड नम्बर मांगे जाते है । अगर इस तरह से आपके पास कोई फोन आता है तो उसको तुरंत काट दें और अपने किसी भी जरूरी दस्तावेजों के बारे में जानकारी साझा नहीं करें। उन्होंने कहा कि आपके आसपास साइबर क्राइम को अंजाम देने वाले लोगों की सूचना पुलिस तक पहुंचाने में मदद करें ओर 1930 पर तुरंत कॉल करें। पुलिस ने साइबर क्राइम की रोकथाम को लेकर आमजन को जागरूक करने के लिए सीएलजी सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान आरपीएफ राजेश सिंह,पूर्व व्यापार महासंघ अध्यक्ष अशोक सोनी सहित सीएलजी सदस्य मौजूद रहे ।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 101 वैन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई




**सादुलपुर।** सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले 101 वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही की गई। चूरू जिला पुलिस अधीक्षक जय यादवके निर्देशन पर चलाये गये सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान राजगढ़अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल आरपीएस , राजगढ़ पुलिस उपाधीक्षक निश्चय प्रसाद एम. आईपीएस के निर्देशन में राज्य स्तर पर चलाये गये सडक सुरक्षा अभियान एक जनवरी 2025 से 31 जनवरी की पालना में रविवार को राजगढ़ पुलिस थानाधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया के नेतृत्व में थाना हाजा से अलग अलग टीमों का गठन कर राजगढ़ शहर में रवाना किये गये व निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा अभियान में यातायात नियमों की जानकारी दी जावे। जिस पर टीमो द्वारा सडक सुरक्षा अभियान के दौरान कस्बा में मुख्य स्थानो पर बैनर चस्पा किये गये तथा वाहनों पर रिफलेकटर लगाये गये दुपहिया वाहन चालको को बगैर हेलमेट लगाये चलने के सम्बन्ध में करीब 300 वाहन चालको को समझाइस की गई।

## बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के स्थापना दिवस पर बालिकाएं सम्मानित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** दादाबाड़ी में बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के 13 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द सिंह राठौड़ ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के स्टॉफ सदस्यों ने रंगारंग सास्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम में बैंक की ओर से चलाए गए बालिका छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित बालिकाओं को चौक देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक करणबीर सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मुख्य प्रबंधक राजेन्द्र दरगड़ ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन अजय कौशिक व दिनेश गोस्वामी ने किया।

## गायत्री मण्डल की कार्यकारिणी की बैठक में महत्वपूर्ण चर्चा एवं समीक्षा

### श्री पीताम्बरा आश्रम को आध्यात्मिक चेतना एवं सनातन संस्कार केन्द्र का स्वरूप दिया जाएगा

**बांसवाड़ा।** गायत्री मण्डल बांसवाड़ा द्वारा आगामी समय में प्राच्यविद्याओं और आध्यात्मिक चिन्तन तथा सनातन धर्म एवं परम्पराओं पर व्याख्यानमालाएं, सेमिनार, शोध संगोष्ठियां, परिचर्चाओं, ध्यान योग तथा विभिन्न उत्सवों एवं पर्वों पर वृहद् अनुष्ठानों तथा सत्संग आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गायत्री मण्डल द्वारा श्री पीताम्बरा आश्रम की गतिविधियों को पूजा-पाठ और कर्मकाण्ड तक सीमित नहीं रखकर इसे विशुद्ध आध्यात्मिक चेतना एवं सनातन संस्कार केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यह जानकारी गायत्री मण्डल की कार्यकारिणी की श्री पीताम्बरा आश्रम में रविवार को हुई बैठक में दी गई। इसमें प्रमुख पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

**19 जनवरी को संचालिका की बैठक :** बैठक में कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई जिन्हें आगामी 19 जनवरी को श्री पीताम्बरा आश्रम में होने वाली गायत्री मण्डल की संचालिका की बैठक में रखा जाएगा तथा इसके उपरान्त मण्डल की साधारण सभा की बैठक आयोजित कर इन पर निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में गायत्री मण्डल की अब तक की गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए संतोष व्यक्त किया गया और आय-व्यय एवं सदस्यता का सम्पूर्ण ब्यौरा प्रस्तुत करने के साथ ही भावी आयोजनों एवं विस्तार गतिविधियों की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया।

**कई नवीन प्रकल्पों का सूत्रपात होगा :** इस दौरान श्री पीताम्बरा आश्रम में विगत डेढ़ वर्ष से संचालित हो रहे नियमित एवं निरन्तर अनुष्ठानों, यज्ञ, विभिन्न साधनाओं के प्रयोगों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों, शिविरों, स्थापना दिवस समारोह, श्री पीताम्बरा शक्ति पीठ स्थापना की प्रस्तावित रूपरेखा, वृक्षारोपण अभियान आदि की समीक्षा करते हुए अवगत कराया गया कि आश्रम के विकास एवं विस्तार की दिशा में इस वर्ष कई नए प्रकल्पों का सूत्रपात किया जाएगा।

## थार शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी ने 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में शेखावाटी क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए इतिहास रचा




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखंड के निकटवर्ती पिलानी मे पंचवटी के पास स्थित थार शूटिंग स्पोर्ट्स के निशानेबाज खिलाडियों ने 13 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2025 तक भोपाल और दिल्ली में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता चैंपियनशिप मे 31 निशानेबाज खिलाडियों ने राजस्थान राज्य का प्रतिनिधि करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। ज़िसमें मेडल की जीत के साथ 13 निशानेबाजों का इंडिया टीम ट्रायल में चयन हुए। अकादमी के निशानेबाजो ने असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें पदक और योग्यताओं की एक प्रभावशाली श्रृंखला मिली। इंडिया टीम ट्रायल मे 13 निशानेबाजों का चयन हुआ जो उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। जिसमें दीपका बंगरवा, उर्वी फोगाट, प्रियंका श्योराण,बिपाशा जाखड़, कंचन पूनिया,प्रिंस पूनिया,धनंजय भडिया, गौरव पूनिया,यशवर्धन चौधरी, उत्तम पूनिया, हर्षिल शर्मा,सोमांशु सांगवान, जॉनी शर्मा,थार अकादमी के निशानेबाजों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं मे पदक जीते हैं, जिनमें शामिल हैं प्रिंस पूनिया 67वी राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप 50 मीटर प्रोन राइफल स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदकसोमांशु सांगवान राष्ट्रीय स्तर एस जीएफआई अंडर 17 मे कांस्य पदक नॉर्थ जॉन प्रतियोगिता में एक रजत पदक और एक कांस्य पदक इंडिया ओपन प्रतियोगिता में कांस्य पदक एसजीएफआई अंडर 17 में स्वर्ण पदक राज्य श्रेणी धनंजय भारिया वेस्ट जोन। सीबी एससी में स्वर्ण पदक एसजी एफआई अंडर 14 राज्य श्रेणी में स्वर्ण पदक हर्षिल शर्मा ने राजस्थान राज्य में एक रजत पदक दो कांस्य पदक प्रियंका श्योराण ने महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता रही। थार अकादमी के 31 प्रतिभाशाली निशानेबाज खिलाड़ी भाग लेने वाले निम्न प्रकार है महिला निशानेबाज दीपिका बंगरवा,उर्वी फोगाट, सिया तांडी, कंचन पूनिया,प्रियंका श्योराण,प्रियंका डूडी,बिपाशा जाखड़,अवनी डूडी,मीना बोला, निर्मला चौधरी, पुरुष निशानेबाज हर्षिल शर्मा,प्रियवर्त शेखावत, हर्ष श्योराण,प्रशीद श्योराण, जॉनी शर्मा,अंकित पूनिया, गौरव पूनिया,यशवर्धन चौधरी, दीपांशु झाझडिया,सोमांशु सांगवान,प्रिंस पूनिया, कृष्ण बंगरवा,यशराज दाधीच, अविनाश कलिया,धनंजय भडिया, राहुल श्योराण, कपिल धनखड़,आदित्य साई पवार, ध्रुव चोट्टिया, उत्तम पूनिया,निशांत पूनिया,अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणित कोच धर्मेंद्र डूडी व पूर्व आर्मी कोच नरेंद्र डूडी ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान निशानेबाजों को विशेष मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की।

## गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा युवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जोशी का स्वागत



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तारानगर में सरदार शहर रोड़ पर एक होटल में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा युवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जोशी का स्वागत गुर्जर गौड़ बन्धुओं द्वारा माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जोशी ने सभी को एकजुट रहने का आह्वान करते हुए समाज को एक नयी दिशा देने पर बल दिया इस अवसर पर सभी वक्ताओ ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर गुर्जर गौड़ ब्राहमण महासभा के तहसील अध्यक्ष मनोज जोशी , युवक संघ के पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री अरुण गील , प्रयाग चन्द गील ,भारत भूषण पिर्गावत , बजरंग जोशी , विनोद उपाध्याय , तुलसी राम जोशी , अजय जाजडा , सागर मल ,महेन्द्र वत्स , नवरतन लमानी ,विमल जोशी , गोविन्द प्रसाद शर्मा ,बाबुलाल उपाध्याय ,धर्मचंद ,अंकुर ,विकाश ,सुनील आदि उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### पहाड़ वाली बाबा पर चादरपोशी का कार्यक्रम का आयोजन

**धौलपुर।** धौलपुर मुस्लिम महासभा धौलपुर की जिला कार्यकारी द्वारा पहाड़ वाली बाबा पर चादरपोशी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आरिफ खान प्रदेश सचिव बहुजन समाज पार्टी राजस्थान विशिष्ट अतिथि डॉक्टर दीपक कुमार गुप्ता एवं अध्यक्षता हज कमेटी के अध्यक्ष हाजी अजमेरी उस्मानी हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश महासचिव शकील खान एवं जिला अध्यक्ष मौसीम खान के नेतृत्व में टाउन चौकी पुराना शहर से एकता का राज चलेगा हिंदू मुस्लिम साथ चलेगा नारे के साथ चादर पेशी ढोल लगाने के साथ फूटा दरवाजा हॉस्पिटल रोड हरदेव नगर गौरव पथ होते हुए वाटर वर्क्स पहाड़ वाली बाबा पर चादर पहुंची पहाड़ बली बाबा की मजार पर चादर पेशी कर हिंदुस्तान में अमन-चैन एवं तरक्की के लिए दुआ मांगी गई। मुस्लिम महासभा के 18वां स्थापना दिवस के उपलक्ष मे जिला कार्यालय पर प्रदेश महासचिव शकील खान एवं जिला अध्यक्ष मौसीम खान एवं टीम सहित के काट कर और गरीबों को गुलाब बाग ,मचकुंड, वाटर वर्क्स चौराहे के पास,पहाड़ पर गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव शकील खान, जिला अध्यक्ष मोहसिन खान ,फरमान मिर्जा ,तिवारी बैग कॉलेज के सदर समीर खान उर्फ राजा, इरशाद कुरैशी, आबिद खान समीर खान, अरमान खान, अकरम खान ,सैफ खान , आसिफ खान, जावेद बाग मिर्जा, फरमान खान, जाकिर आशिक, सलमान, चांद खान ,नौशाद खान, अरबाज खान ,अमान खान ,इमरान फारुकी ,अलीम खतौलिया, तालिब खान सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों को शॉल व मफलर वितरित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** देपालसर रोड स्थित झुग्गी झौपड़ी में रहने वालो को सर्दी को देखते हुए मंगलमयी वीर हनुमान सुन्दरकाण्ड समिति के पदाधिकारियों ने गर्म शॉल व मफलर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के सुनील पीथिसरिया ने बताया कि सेवा करना ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है। प्रत्येक समाजसेवी को अपनी श्रद्धानुसार ऐसी सेवा करनी चाहिए। जिससे मनुष्य के कष्टों का निवारण हो सके। इस अवसर पर पवन ठठेरा, देवकीनंदन, राजेश सुरेका, अंकित पिथीसरिया, राजेश प्रजापत व कमल सैनी आदि मौजूद रहे।

### श्री कृष्ण मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव का आयोजन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** पौष मास के उपलक्ष्य में झरिया मोरी स्थित श्री कृष्ण मंदिर में रविवार को क्षेत्रवासियों और मंदिर की ओर से पुजारी प्रभु दयाल के सान्निध्य में पौष बड़ा महोत्सव मनाया गया। देव प्रतिमाओं का मनोरम श्रृंगार किया गया। इस दौरान दोपहर में महिलाओं द्वारा संकीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें महिला मंडल और कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति पर महिलाएं नृत्य करते हुए आनंदित और उत्साहित नजर आईं। जिसमें आभा देवी, द्रौपदी देवी, भगवती देवी गायत्री देवी, किरण, संतोष देवी ममता देवी, विजयलक्ष्मी देवी, पुष्पा देवी, सीता देवी एवम् पूनम देवी व महिलाओं ने भजन कीर्तन किया और साथ में आए हुए भक्तों को बड़ों का प्रसाद वितरित किया गया।

### बिजली की मुख्य समस्या का हुआ समाधान

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** उपखंड श्रीडूंगरगढ़ के गांव भेरूजी महाराज के एतिहासिक स्थल गांव लखासर के निवासी लंबे समय से बिजली वोल्टेज की समस्या से जूझ रहा थे। गांव के लोगों ने जनजन की पुकार सुनने वाले लोकप्रिय विधायक ताराचंद सारस्वत को इस बाबत अवगत करवाया गया। विधायक महोदय ने तुरंत संज्ञान लेते हुए गांव लखासर के लिए चार ट्रांसफार्मर स्वीकृत करवा दिए जो ट्रांसफार्मर अब लग रहे हैं। गाव के सामाजिक कार्यकर्ता महेन्द्रसिंह तवर भगवान सिंह ने बताया कि अब हमारे गांव लखासर में वोल्टेज की हो रही ट्रिपिंग, से राहत मिलेगी कम वोल्टेज की समस्या से बचाव हो सकेगा गांव के लोगों को सुचारू बिजली उपलब्ध हो सकेगी ।गांव वासियों की तरफ से सम्मानीय विधायक ताराचंद जी का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया गया है।

### जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक कल

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा की जनवरी माह की बैठक प्रथम सोमवार को गुरु गोविन्द सिंह जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश होने के कारण यह बैठक जिला पेंशनर कल्याण केन्द्र में मंगलवार, 7 जनवरी को प्रातः ग्यारह बजे रखी गई है। पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष बिरजू सिंह राठौड़ ने बताया कि बैठक में जनवरी माह में जन्म दिवस वाले पेंशनरों का सम्मान करने के अलावा पेंशनरों से जुड़ी हुई अन्य समस्या ओं पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। इसलिए उन्होंने पेंशनर समाज के समस्त सदस्यों से बैठक में समय पर उपस्थित होने हेतु अनुरोध किया है।

### राजगढ़ नगर पालिका द्वारा परिसीमन में भी संख्याओं को लेकर लोगों में रोष व्याप्त



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ सर्व समाज विकास मंच के पदाधिकारियों व सदस्यों की सभा का आयोजन किया गया। इसमें नगरपालिका द्वारा प्रस्तावित परिसीमन मे विसंगतियों को लेकर लोगों की नाराजगी पर विचार किया गया। नगरपालिका क्षेत्र के वार्डों के परिसीमन मे किए जा रहे नियम विरुद्ध हस्तक्षेप व असंगत सीमांकन का उल्लेख किया गया। परिसीमन न्यायोचित, व्यवहारिक व नियमानुसार हो ताकि किसी भी तरह का विवाद व नागरिकों को असुविधा न हो। नगर में वर्तमान में चल रही सफाई, बिजली, स्ट्रीट लाईट व पानी सहित विभिन्न समस्याओं को उठाने पर प्रस्ताव रखा गया। मंच के पदाधिकारियों मे अध्यक्ष विनोद चांवरिया, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह शेखावत, एडवोकेट गिरधारीलाल , सीताराम जांगिड़, आमीन खां कंपाउंडर, एडवोकेट विनोद सैनी, ओमप्रकाश गोस्वामी, तीर्थराज बरबड़, हमीद खां, गोविंद जांगिड़, छोटुलाल नायक, शंकर लाल तिवाड़ी, बंशीधर वर्मा, राजेन्द्र गोस्वामी, सदीक पहाडख़ानी आदि उपस्थित थे।

# पात्र व्यक्ति को मिले सरकारी योजना का लाभ: देवासी

## राज्य मंत्री देवासी ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

सिरोही। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी शनिवार को जिले के दौरे पर रहे। राज्यमंत्री देवासी ने सर्किट हाउस में आमजन की परिवेदनाएं सुनी तथा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से भी भेंट की। जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटाने, दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए स्पीड ब्रेकर लगवाने, योजना के तहत स्कूटी दिलाने, राजस्व ग्राम बनाने, सड़क की मरम्मत करवाने, रास्ता खुलवाने आदि परिवेदनाएं प्राप्त हुई। जिस पर राज्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी अधिकारी आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने प्रत्येक पात्र को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के निराकरण के साथ ही जन कल्याण और क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री देवासी ने आम जन की समस्याओं को तसल्ली से सुनते हुए विश्वास दिलाया कि समस्याओं का यथोचित समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। भूपेंद्र देवासी, रोहित खत्री, नारायण देवासी, जब्बरसिंह, गोविंद माली, महेन्द्र माली, दिनेश वैष्णव, विक्रमसिंह, लोकेश खंडेलवाल, हेमलता पुरोहित, रमजान खान, जीतू खत्री, प्रवीण राठौड़, बाबूसिंह, नैनसिंह राजपुरोहित, मगन मीणा, अमराराम प्रजापत, अनिल प्रजापत, प्रथम खत्री, सिद्धार्थ देवासी, साबुसिंह, जीतू गर्ग, गीता पुरोहित, कैलाश मेघवाल एवं शैतानसिंह आदि मौजूद थे।



## राज्यमंत्री देवासी ने शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढ़स



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने शनिवार को बाबा रामदेव होटल ग्रुप के एमडी रघुभाई माली के बड़े भाई लालाराम पुत्र पुनमाराम माली के निधन पर उनके निवास भाटकड़ा में जाकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने लालाराम माली के तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर परिवार जनों के समक्ष सांत्वना व संवेदना प्रकट की। भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र माली, पूर्व पालिकाध्यक्ष व माली समाज वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष ताराराम माली, विहिप जिलाध्यक्ष शंकरलाल माली, जगदीश देवासी, मनोज माली एवं नवाराम माली आदि मौजूद थे।

## नकली होलाग्राम लगी महंगी विदेशी शराब के 92 कार्टन बरामद, एक गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** आबकारी विभाग की ओर से चलाए विशेष अभियान के तहत शनिवार को आबूरोड के वासडा गांव में विशेष कार्रवाई कर नकली होलाग्राम लगी महंगी विदेशी शराब के 92 कार्टन बरामद कर एक जने को गिरफ्तार किया। जिला आबकारी अधिकारी अजय जैन ने बताया कि मुखबिर सूचना के आधार पर सहायक आबकारी अधिकारी सैयद बशारत अली एवं आबूरोड के वृत निरीक्षक रविन्द्रप्रतापसिंह आबूरोड के वासडा में कम्पोजिट मदिरा दुकान के पास बने कमरे के कबाड के बीच रखी विभिन्न ब्रांड की महंगी विदेशी इम्पोर्टेड शराब के कुल 92 कार्टन बरामद किए। जिसमें से 60 कार्टन नकली होलोग्राम एवं स्टीकर्स लगे मिले। शेष कार्टन बिना होलोग्राम युक्त मदिरा बरामद किए। बरामद शराब की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 20 लाख आंकी गई।

### मुख्य संचालनकर्ता की तलाश जारी

कार्रवाई के दौरान तेलीवाडा परसोला प्रतापगढ़ निवासी मनोहरलाल पुत्र पृथ्वीराज को मौके से गिरफ्तार किया जबकी एक अन्य आरोपी पीराका भरतपुर निवासी पुष्पेन्द्र चौधरी अंधेरे का फायदा उठाकर शराब दुकान के पीछे बने नाले से भागकर फरार हो गया। मुख्य संचालनकर्ता बिशनपुरा झुंझुनू निवासी नवीन कुमार के गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### इनका रहा सहयोग

आबकारी विभाग की ओर से की गई कार्रवाई में प्रहराधिकारी देवाराम चौधरी, शिवाराम व अन्य जाब्ता मौजूद रहे। पूर्व में भी आबकारी विभाग द्वारा डेरना एवं वासडा में नकली होलोग्राम वाली मदिरा पर कार्रवाई की गई थी।

# 'खेलों से होता है शारीरिक विकास, खेलना चाहिए खेल भावना से'

## » लिखमीदास क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन हुए पांच मुकाबले

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** अरविंद पैवेलियन में चल रही संत लिखमीदास क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को पांच मुकाबले हुए। रविवार को दो सेमीफाइनल एवं मेगा फाइनल मैच खेला जाएगा। आयोजन कमेटी के संरक्षक प्रकाश बी माली ने बताया मुख्य अतिथि एडवोकेट एमडी माली एवं जगदीश एम माली नर्सरी के आतिथ्य में खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। एडवोकेट माली ने कहा कि खेलों से समाज का विकास होता है और खेलों से समाज मे एक दूसरे युवाओं का जुड़ाव बढ़ता है। खेलों से शारीरिक विकास होता है। ऐसे में खेल भावना से ही खेलना चाहिए। खिलाड़ियों को हार से निराश नहीं होना चाहिए बल्कि नई ऊर्जा के साथ तैयारी करना चाहिए जिससे आगामी प्रयासों में सफल होने की ऊर्जा तैयार होती है।



### इन्होंने दिखाया दम

आयोजन कमेटी के अध्यक्ष जयंतिलाल माली ने बताया कि पहला मैच गोयली स्टार बनाम आबूगोड के बीच खेला गया। जिसमें गोयली स्टार ने 4 विकेट से जीत दर्ज करवाई। इसमें गोपाल माली मैन ऑफद मैच रहे। पहला क्वाटर फाइनल मैच सचियाव माता जावाल बनाम चामुंडा 11 मंडार के बीच हुआ। जिसमें सचियाव माता की टीम 3 विकेट से जीती। इसमें अमृत माली मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा क्वाटर फाइन मैच वीर वॉरियर्स सिरोही बनाम सांवरिया सेठ 11 के बीच हुआ। जिसमे सांवरिया सेठ 8 विकेट से जीता। इसमें जिग्नेश सैनी मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरा क्वाटर फाइनल मैच रॉयल क्लब पिण्डवाड़ा एवं झाड़ोली के बीच खेला गया। जिसमें झाड़ोली कैपिटल 3 विकेट से जीता तथा सागर सोंलकी मैन ऑफ द मैच रहे। चौथा क्वाटर फाइनल मैच सुंधा क्रिकेट क्लब सिरोही बनाम स्टार गोयली के बीच हुआ। जिसमे सुंधा क्रिकेट क्लब 42 रन से जीता। मैन ऑफ द मैच अश्विन माली रहे।

### समापन समारोह में यह रहेंगे अतिथि

आयोजन कमेटी के सचिव दिनेश माली ने बताया की समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य पुखराज गहलोत, अध्यक्षता आरजेएस सुश्री शिवानी सोलंकी, अजय गहलोत, रणछोड़ भाई, जगदीश माली, विशिष्ट अतिथि शांतिलाल माली चेन्नई, आनंद माली, गेनाराम माली, चंपत माली, मोटाराम माली, सुरेश माली हैदराबाद, मीठालाल माली, मोहन बी माली, धनराज माली, हीराभाई माली, चम्पत माली, मगाराम माली, शांतिलाल बी माली, आदाराम माली, जगदीश वी माली, पंकज भाई माली, जोधराज माली, डायालाल माली, छगनलाल माली, भंवरलाल, भरत कुमार, कानाराम, मुकेश माली, हितेश माली, जगदीश भाई माली आदि उपस्थित रहेंगे।

## शाखा प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** सार्दुलपुरा निवासी प्रवीणनाथ गोस्वामी ने शनिवार को राज्यमंत्री ओटाराम देवासी को ज्ञापन देकर दी सिरोही सैंट्रल कॉ ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया कि दी सिरोही सैन्ट्रल कॉ बैंक लिमिटेड के पूर्व स्टेनों के पद पर कार्यरत उमाशंकर दवे को एसीबी ने रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। इसके बाद एसीबी के एक पत्र के अनुसार दवे को सेवा से बर्खास्त कर ब्यरो मुख्यालय को अवगत करवाने के लिए लिखा गया। लेकिन, आज दिन तक दवे सेवा से बर्खास्त नहीं किया गया। ठीक उसके विपरीत विभाग द्वारा दवे को पद्दोन्नति दी गई जो कि



वर्तमान में सिरोही बैंक शाखा का शाखा प्रबंधक पद पर कार्यरत है। गोस्वामी ने बताया कि इस समस्या को लेकर प्रबन्धक निदेशक व जिला प्रशासन को कई बार शिकायत की गई, लेकिन न तो दवे के खिलाफ कार्रवाई की गई और न ही पत्रों का जवाब दिया गया। दवे पांच माह बाद सेवानिवृत हो रहे है। ऐसे में उनके परिलाभों को रोका जाए।

## शिविर में 54 रोगियों की जांच

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** जनजातीय स्वास्थ्य एवंअनुसंधान केंद्र टेली मेडिसिन सेंटर के तत्वावधान में नांदिया में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 54 मरीजों की जांच की गई।

# राज्यसभा सांसद डांगी का मनाया जन्मदिन

## » जरुरतमंदों को वस्त्र व कंबल का किया वितरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में विकलांग, विधवा महिलाओं, असहायों व जरूरतमंदों को शॉल, कंबल, साड़ी, स्वेटर वितरित किए गए। नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमित जोशी के मागदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक दिनेश मेघवाल, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हाजी वजीर पठान के अनुसार नगर कांग्रेस कार्यालय के बाहर आयोजित कार्यक्रम में नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेपीसिंह सैनी समाज अध्यक्ष राजेंद्र सैनी, सुमित जोशी, मेघवाल, दिलावर पठान, अमराराम गरासिया, नारायणलाल प्रजापत, हीरसिंह ने कहा कि सांसद डांगी ने सभी को अपने परिवार की तरह प्यार दिया है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष डांगी को बधाई प्रेषित करते हुए जरुरतमंद बालिका से केक कटवाया। कार्यक्रम में दो सौ से अधिक लोगों को कंबल, स्वेटर, साड़ी व कपड़ों का वितरण किया गया। इस अवसर पर



नगर सेवादल अध्यक्ष जसाराम बोस, पार्षद अंजली जोशी, सुमित जोशी, सुनील खोत, हुसैन मोहम्मद, हैदर पठान, राहुल बारोट, गौरव परिहार, लक्ष्मीकांत चौहान, ओबीसी प्रकोष्ठ के दलपत प्रजापत, अब्दुल कयूम, रणवीरसिंह राठौड़, विप्र समाज के सत्यनारायण शर्मा, हस्तु मीणा, कपिल चौहान, उप प्रधान और जिला प्रवक्ता ललितसिंह सांखला, वनजी महाराज, नन्हे खान, दलाराम जोगसन, मोहम्मद असलम, मूलाराम कालबेलिया, अभिनवसिंह आदि मौजूद थे।

ब्लॉक कांग्रेस की ओर से राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का जन्म दिन मानपुर के ज्ञानदीप भवन में मनाया गया। ब्लॉक अध्यक्ष गणेश बंजारा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रधान लीलाराम गरासिया, ब्लॉक के कांग्रेस जनप्रतिनिधि,अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वीडियो कॉल कर डांगी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डांगी के जल्द स्वस्थ होने की परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की। सभी ने मिलकर केक काट काटा। सरकारी अस्पताल में मरीज को फल-फ्रूट वितरित किए गए। गौशाला में गायों को गुड़ व चारा खिलाया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश गहलोत, कीर्ति कच्छावा, सागरमल अग्रवाल, ओबीसी जिला अध्यक्ष, प्रदेश सचिव अजय बंजारा, सरगरा समाज प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना परमार, धोबी समाज प्रदेश अध्यक्ष नवीन सांखला, सुनील एडवोकेट, हीरसिंह इंदा, गोविंद अग्रवाल, एससी ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल भाटी, मंडल अध्यक्ष प्रेमाराम गरासिया, ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष रमेश बंजारा, सेवादल महिला जिलाध्यक्ष पूजा राणा, युवा सेवादल जिलाध्यक्ष कपूरचंद मेघवाल, गोपाल शर्मा, बीके शकुंतला देवी, जोधासिंह, डॉ. शेर मोहम्मद समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।



**तलहटी।** राज्य सभा सांसद नीरज डांगी का जन्मदिन जेके बैक टू हेल्थ फिजियोथेरापी क्लीनिक पर ओबीसी विभाग नगर अध्यक्ष डॉ शेर मोहम्मद के नेतृत्व में प्रधान लीलाराम गरासीया, ओबीसी जिलाध्यक्ष भवनीश बारोट की मौजूदगी में जांच की गई। प्रधान गरासीया ने गायों को हरा चारा व गुड खिलाकर राज्य सभा सांसद नीरज डांगी का जन्मदिन मनाया। डॉ शेर मोहम्मद ने बताया कि क्लीनिक पर 25 मरिजों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच कर दवाईयां वितरित की गई। उपाध्यक्ष अमर आचार्य, डॉ डिम्पल, फैयाज, खुश्बू, अतरसिंह, विवके तेजवानी सहित मौजूद रहें।



**रेवदर।** राजस्थान से राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का 55वा जन्मदिन गौ-सेवा संकल्प दिवस एवं हेल्पिंग डे के रूप में मनाया गया। सरेसी गोशाला में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष हिमपालसिंह देवल के नेतृत्व में गायों को चारा एवं गुड़ खिलाकर पौधरोपण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवदर में मरीजों को फल वितरण एवं क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए। जिला उपाध्यक्ष देवल ने बताया कि क्षेत्र में नीरज डांगी के जन्मदिन के अवसर पर गौशालाओं में चारा वितरण एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता कर मनाया जा रहा है। जिला महासचिव लाखाराम चौधरी, मजहर हुसैन, खंगार मेघवाल, मार्केटिंग के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश पालीवाल, देवाराम पुरोहित, लक्ष्मणसिंह, पुनमचंद पुरोहित, मंडल अध्यक्ष कन्हैयालाल कोली, पिंटू मेघवाल, पूर्व सरपंच गुलाबसिंह देवड़ा, भवानीदान करोटी, नारायण प्रजापत, शैलेन्द्रसिंह भाटी, विनोदसिंह सोलंकी, दिनेश माली, सनी अग्रवाल, सरफराज खान, रविन्द्रसिंह, जैसाराम मेघवाल, दलपतसिंह भैरूगढ़, गोविन्दसिंह, बाबूराम मेघवाल, रतन मेघवाल, जयंती मेघवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**मंडार।** भटाना में कांग्रेस राज्यसभा सांसद डांगी के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरित किए। सरपंच भवानीसिंह भटाना के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को फल वितरित कर एवं मामाजी मंदिर में पौधरोपण किया।



## एनएसएस शिविर में की स्वास्थ्य जांच पर चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन शनिवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) व राष्ट्रीय सेवा योजना तत्वावधान में अहिल्या बाई होलकर के 300वें जन्मदिवस के अवसर पर संगोष्ठी मुख्य अतिथि अभिषेक पुरोहित की उपस्थिति में आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो अजय शर्मा ने किया पुरोहित का स्वागत किया। इसके बाद पुरोहित ने अहिल्या बाई होलकर पर एक प्रेरणादायक और गहन भाषण दिया। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (उच्च शिक्षा) की जिलाध्यक्ष प्रो रूचि पुरोहित, जिला सचिव खेमराज चौधरी और इकाई सचिव वीरेंद्रसिंह गुर्जर उपस्थित रहे। डॉ. गौरव गहोई आयुर्वेदिक चिकित्सक अधिकारी शिविर में उपस्थित हुए। उनका स्वागत भी प्राचार्य ने उपहार और माला देकर किया। डॉ. गौरव ने आयुर्वेद के महत्व और बिना दवाई के कैसे हम अपने शरीर और मन को स्वस्थ रख सकते हैं, इस पर गहरा भाषण दिया। उन्होंने बताया कि योग, ध्यान, पानी, आहार, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य और सामाजिक स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखना शरीर की इम्यूनिटी पावर को बढ़ाने में सहायक होता है। दूसरे सत्र में डिस्कॉम के कार्यकारी अभियंता इंदरदान चारण ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज के हर वर्ग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे प्राप्त करने के लिए छात्रों को पूरी ईमानदारी से प्रयास करना चाहिए। चारण ने छात्रों को भारत सरकार की पीएम सौर घर परियोजना के वित्तीय लाभों की जानकारी दी।

## घरेलू गैस सिलेंडर का हो रहा व्यावसायिक उपयोग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** कस्बे में चाय की थडियों से लेकर नाश्ते की लॉरी और रेस्टोरेंट पर घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग होता देखा जा सकता है। घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक उपयोग करना गैरकानूनी है। ज्ञात हो कि सरकारी व्यवस्था के तहत 5 किलो एवं 14.2 किलो वाला गैस सिलेंडर घरेलू उपयोग के लिए है। जो घरेलू कनेक्शन वाले लोगों को उपलब्ध होता है। वही 19 किलो वाला गैस सिलेंडर व्यावसायिक सिलेंडर है। इस पर किसी भी तरह की सब्सिडी देय नहीं है। व्यावसायिक उपयोग में 19 किलो वाले सिलेंडर से काम लिया जाना है। लेकिन घरेलू गैस की तुलना में कीमत अधिक रहने के कारण चाय-नाश्ता, फास्ट फूड, रेस्टोरेंट वाले व्यावसायिक सिलेंडर की बजाय घरेलू गैस सिलेंडर का ही उपयोग कर रहे हैं। जो गैर कानूनी है।

## एक शाम कान्हा के नाम भजन संध्या आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सरूपगंज।** काशी विश्वनाथ गोशाला में एक शाम भगवान कृष्ण के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें संचालक लालदास महाराज, प्रियांशी के मुखारविंद से राग गौरी, राग यमन कल्याण, चारु केशी ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। मुरादाबाद के जीव दया प्रेमी नरेश भटनागर, अनुभा अग्रवाल आगरा, कुमुद जोशी मुंबई, धनदास वैष्णव एवं मांगीलाल कलबी का गोमुख वशिष्ठ आश्रम के महंत संकादिक शरण महाराज एवं श्याम सुंदर महाराज ने सम्मान किया। मंच संचालक लक्ष्मणसिंह गुजराल ने किया गया। मनीष, जगदीश, कल्पेश, अनिलजी सक्सेना, संध्या सक्सेना, राकेश भटनागर, उमेशदत्त सक्सेना, रचना सक्सेना, बिजयकुमार दास, बसंती दास, विमल कुमार शाह, ममता शाह, अभिनव, योगेश भटनागर, कलश शर्मा, वंदना अग्रवाल, दिशिता अग्रवाल, जितेन्द्र शाह सहित सहयोग रहा।



# इंटर डिस्कॉम स्थानांतरण नीति की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडार।** कस्बे के सब डिवीजन में डिस्कॉम कर्मचारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा इंटर डिस्कॉम स्थानांतरण की मांग पूरी नहीं किए जाने को लेकर नाराजगी जताई गई। मीटिंग के दौरान इंटर डिस्कॉम संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामकेश मीणा ने बताया कि 25 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भी बिजली कर्मचारियों को स्थानांतरण में शिथिलता नहीं दी गई है। जिसके कारण हजारों की संख्या में बिजली कर्मचारी पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं कर पा रहे है। मीणा ने बताया कि बिजली कर्मचारी निगम को तो बेहतर दे रहे है। लेकिन, वहीं स्वयं के परिवार को समय नहीं दे पाने के कारण टूटने से नहीं बचा पा रहे है। ऐसे में सरकार को हजारों परिवारों की भावनाओं को देखने हुए इंटर डिस्कॉम स्थानांतरण नीति शीघ्र ही लागू करनी चाहिए। सतीश मीणा ने बताया कि यदि इंटर डिस्कॉम स्थानांतरण नीति लागू होती है तो कर्मचारी अपने गृह जिले में रहते हुए निगम सेवाओं के साथ साथ अपने पारिवारिक व सामाजिक कर्तव्यों को भी निभा सकता है। महेश मीणा ने बताया कि इंटर डिस्कॉम स्थानांतरण के लिए सरकार के विधायकों एवं मंत्रियों द्वारा भी लैटर जारी करके सरकार को अवगत करवाया गया है। ऐसे में इसका समाधान जरूर होना चाहिए। नरसीलाल मीणा, ब्रह्मदेव सोयल, जयसिंह मीणा, तेजराम गुर्जर, राजेश मीणा, दौलत मीणा ने भी अपने विचार रखे। संजय प्रजापत, कानाराम, गणेशराम, मनोहर, दिनेश, हेमराज, रामकेश, प्रहलाद, गिर्राज, अंकित, बलवंत, दिनेश गुर्जर, गजानंद, हेमराज बैरवा, यशवंत, नाथूसिंह एवं बाबूलाल अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



# युवाओं को खेल से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ने का प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है : केंद्रीय मंत्री



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने राजगढ़ ब्लॉक के प्रताप स्टेडियम में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में पहुंच कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और फाइनल मुकाबले में पहुंची चिमरावली और निमाला मोतिवाड़ा टीम के कप्तानों के बीच टॉस कराकर मुकाबले की शुरुआत की, चिमरावली टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में इसके बाद केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव रैणी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इटौली के खेल मैदान पहुँचे और आयोजित हो रही क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पहुंची पिनान व इटौली टीम के खिलाड़ियों से मिले और उनका हौसला बढ़ाया। इस मुकाबले में पिनान टीम ने टॉस जीत कर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। इटौली टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खो कर 72 रन बनाये। जवाब में पिनान टीम ने धुआंधार बल्लेबाजी कर 6 विकेट के नुकसान पर छक्के की मदद से मुकाबला जीत गई। दोनों टीमों के बीच बहुत ही संघर्षशील मुकाबला रहा जिसे बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी में इस मुकाबले को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने लाइव देखा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने क्षेत्र के लोगों को सम्बोधित करते हुए रैणी से बालाजी तक सड़क को डबल लाइन बनाने की घोषणा की। इटौली खेल मैदान में पहुंचने से पहले रैणी कस्बे में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का जगह-जगह माला व साफा पहनाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने राजगढ़ कस्बे के तुषार मैरिज गार्डन में महिला मोर्चा, व्यापार मंडल और सनातन नागरिकों के साथ बैठक की।

## सुशासन संवाद कार्यक्रम आयोजित

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने दिल्ली के कृष्ण नगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के कार्यकर्ताओं, महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं, और मंडल पदाधिकारियों के साथ आयोजित सुशासन संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि दिल्ली की प्रदेश सरकार की अब तक केवल दो ही उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार विकास की राह से भटक चुकी है और जनता अब परिवर्तन के लिए तैयार है। जनता को ऐसी सरकार की आवश्यकता है जो समग्र विकास की सोच रखती हो और जनकल्याण के प्रति पूरी तरह से समर्पित हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि दिल्ली में अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का समय आ गया है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ता बंधु अपने-अपने मतदान केंद्र क्षेत्र में पार्टी की विजय सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और परिश्रम से जुट जाएं। हमारा एक महीने का परिश्रम दिल्ली की जनता के लिए एक नई क्रांति लाएगा। सुशासन संवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पार्टी की नीतियों और कार्यशैली को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## प्रतिभाओं को आगे लाना समग्र समाज का दायित्व : मंजू बाला स्वामी



**सादुलपुर।** दसवें एशियन पेसिफिक डेफ़ गेम 2024 में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले राजगढ़ तहसील के गांव चांदगोठी के खिलाड़ी संदीप स्वामी तथा उसकी बहन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मंजू बाला स्वामी का रविवार को सार्वजनिक अभिनंदन किया गया। स्वामी समाज समिति की ओर से राजगढ़ के रामबास में स्थित स्वामी समाज सामुदायिक केंद्र में यह समारोह हुआ। प्रधानाचार्य अर्जुन राम स्वामी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में राजगढ़ तहसील भर के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर मंजू बाला ने कहा कि हर समाज को अपनी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए पुरजोर प्रयास करने चाहिए। आज प्रोत्साहन व साधनों के अभाव में अनेकों प्रतिभाएं आगे नहीं आ पा रही। उन्होंने समग्र समाज का आभार जताते हुए कहा कि भाई संदीप निश्चित ही अगले ओलंपिक खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेगा। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और भारतीय सेवा के जवान राकेश स्वामी तथा राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित सुनील कुमार स्वामी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व उप जिला प्रमुख सुरेंद्र स्वामी, सरपंच धर्मपाल स्वामी, प्रधानाध्यापक राजेंद्र स्वामी सहित मुंशी राम, राधेश्याम स्वामी, दिनेश कुमार, सुमेर लसेड़ी, राकेश स्वामी व जैन समाज की ओर से समाजसेवी वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार श्याम जैन श्याम जैन आदि ने भी विचार व्यक्त किए। स्वामी समाज समिति के प्रभारी शुभराम न्यांगली ने सभी का आभार जताते हुए समाज से समन्वय भावना से काम करने का आव्हान किया। समारोह का संयोजन शिक्षक देवदास स्वामी ने किया। कार्यक्रम में बैजबा की पूर्व सरपंच इंदौ स्वामी तथा अन्य प्रमुख जनों ने मंजू बाला स्वामी, संदीप स्वामी, सुनील स्वामी, राकेश स्वामी के अलावा संदीप की धर्मपत्नी सुनीता, माता पिता सन्तोष देवी विजय कुमार स्वामी का भी शॉल, साफा, प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित समाज के सभी जनों ने समाजोत्थान एकजुटता से काम करते हुए प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए संकल्प लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### देर रात्रि को भाकरां रोही में देखा जंगली जानवर, ग्रामीणों में दहशत

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड ग्रामीण क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से जंगली जानवर का सही पता लगभग लग चुका है इस जानवर का पिछले सप्ताह गुलपुरा राधा बड़ी एवं भाकरां गांव तक पता वन विभाग के अधिकारियों द्वारा जानवर के पद चिन्ह देखकर लगाया गया था लेकिन फिर भी वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी असमंजस में थे की जानवर का सही पता लगाने के बाद ही पिंजरे की व्यवस्था करा उसे पकड़ा जाए शनिवार देर रात्रि गांव की निकट ही खेतों में जंगली जानवर को देखा गया ग्रामीण चन्द्रभान मितड विजय सिंह मितड भोजराज मितड ने बताया कि पहले दिन जानवर के पीछे कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनाई दी लेकिन दूसरे दिन शनिवार दिन रात्रि टॉर्च के प्रकाश के माध्यम से देखा गया तो जंगली जानवर नजदीक आता दिखाई दिया जिससे फोन के कैमरे मे कैद करते हुए वन विभाग के अधिकारियों के पास फोटो एवं वीडियो भेजा गया तो उन्होंने सियार गीदड़ होना बताया लेकिन ग्रामीण चंद्रभान मितड ने बताया कि गीदड़ सियार नहीं था जो की बहुत ही छोटा होता है यह है लकड़बग्घा तेंदुआ भी नहीं है उन्होंने बताया कि यह सही रूप में भेड़िया जानवर है क्योंकि भेड़िया की काफी प्रजाति होती है और यह है भागने में भी बहुत फुर्ती रखता है ग्रामीणों ने जंगली जानवर के फोटो एवं वीडियो तथा ग्रामीणों से जानकारी सुनी देखी तो जानवर के प्रति हताहत दिखाई दिए एवं वन विभाग से जल्द से जल्द जानवर को पकडने् की गुहार लगाई।

### खटामला को हराकर बामनटुकडा बना विजेता



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** अखिल भारतीय पालीवाल समाज 44 श्रेणी संस्था मेवाड़ द्वारा आयोजित दशम खेलकूद प्रतियोगिता में इस टुर्नामेंट में वॉलीबाल शूटिंग मैच बामन टुकड़ा व खटामला के बीच खेला गया। जिसमें बामनटुकड़ा ने खटामला को हराकर फाइनल जीता। हितेश दवे, संतोष दवे, प्रकाश दवे, कन्हैयालाल, दिनेश सागर, सुनील, रमेश, भावेश, जमनालाल, नंदकिशोर आदि ने भाग लिया ।

### रघुनाथजी मंदिर के पंचमुखी बालाजी में मनाया पौष बड़ा महोत्सव

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** सदर बाजार के रघुनाथ जी मंदिर के सामने पंचमुखी हनुमान जी मंदिर में हर वर्ष की भांति रविवार को पौष बड़ा महोत्सव



मनाया। मंदिर पुजारी बसंती लालजी मंढा , परमानंद जी अग्रवाल ने बताया कि यह मंदिर कुचामन के सबसे अधिक आस पास के आने वाले श्रद्धालुओं का केंद्र है। इस मंदिर में आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु अगर दूर जाकर बस गया है तो भी दिन में एक बार तो बालाजी के दर्शन करने अवश्य ही आता है। रवि मंढा वाला ने बताया कि इस मौके पर मंदिर परिसर में आस पास के दुकानदारों द्वारा आकर्षक सजावट की गई। बालाजी महाराज को गाजर हलवा एवं कोफ्तों का भोग लगाकर महाआरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में शंभु डालुका, सुरेश झवर, राकेश मंढा, प्रवीण जैन, पवन सोनी, रामप्रसाद सोनी, अंकित डालुका कालू करवा, बलराम प्रधान, योगेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### कथक नृत्य एकेडमी प्रतिभा समारोह में नृत्य, गायन एवं वादन प्रतिभाएं सम्मानित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामनसिटी।** शहर की कथक नृत्य एकेडमी में रविवार को एक समारोह आयोजित कर नृत्य एवं गायन की विभिन्न विधाओं में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं नकद राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष सुबोध शर्मा 'नटराज', शिक्षाविद् गुलाबचन्द शर्मा, सचिव मधुसूदन पारीक, प्राध्यापक लुकुटवल्लभ गौड़, सेवानिवृत चिकित्साधिकारी राधेश्याम खटोड़, समाजसेवी शिवकुमार अग्रवाल, सुनिल कुमार माथुर एवं नवोदय विद्यालय के संगीत शिक्षक घनश्याम सैनी सहित कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे। इस अवसर पर सौम्या पारीक, सोनिया जांगिड, पार्थी वर्मा, ललिता सोनी, अनुष्का यदुवंशी, चेष्टा बागड़ा, वंशिका अग्रवाल एवं कनिष्ठा को कथक नृत्य में विशारद् परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सुयांश को तबला वादन एवं घनश्याम कुमावत को कथक नृत्य में निपुण (एम.ए. फाइनल) उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वेदांशी शर्मा एवं चेष्टा बागड़ा की शानदार कथक नृत्य प्रस्तुति पर उपस्थित लोगों ने दांतों तले अंगुली दबा ली। गायन एवं नृत्य की परीक्षा सम्पन्न-उल्लेखनीय है कि शहर की कथक नृत्य एकेडमी भात खण्डे संगीत विद्यापीठ लखनऊ से मान्यता प्राप्त है तथा यहां उसका परीक्षा केन्द्र भी है। आज केन्द्र पर भारतीय संगीत सदन के कविता शर्मा, गरिमा कुमावत, तन्मय जैथलिया, सांवरमल प्रजापत, अश्विन दाधीच, सुयोग दाधीच, एवं सोनाली दाधीच गायन की परीक्षा में सम्मिलित हुए। एकेडमी के सचिव मधुसूदन पारीक ने समागत अतिथियों सहित उपस्थितजन का आभार ज्ञापित किया तथा विद्यार्थियों को मनोयोग पूर्वक संगीत साधना करने की सीख दी।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान वाहन चालकों से समझाइश की



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर आरटीओ और परिवहन विभाग के अधिकारियों को वास्तव में अलवर की परवाह है तभी तो लगातार अवकाश के अवसर पर भी विभाग के अधिकारी दिन-रात राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान सडक़ों पर वाहन चालकों को समझाइश करते हुए सडक़ सुरक्षा की जानकारी दे रहे है। अलवर परवाह' की थीम पर 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के पांचवें दिन आज परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी व प्रवर्तन संबंधित कार्रवाई की। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि विभाग के उडऩ्दस्ता प्रभारी समुद्र सिंह कोठारी द्वारा बहाला टोल प्लाजा पर 100 से अधिक हल्के एवं भारी वाहन चालकों एवं परिचालकों को सड़क एवं यातायात नियमों संबंधी जानकारी दी गई तथा ट्रक व बस चालकों को स्वस्थ, नशामुक्त जीवन, सुरक्षात्मक वाहन चलाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही परिवहन निरीक्षक द्वारा लगभग 100 आम नागरिकों को सडक़ सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा एवं गुड सेमेरिटन नियमों की जानकारी दी तथा 100 पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन उडऩ् दस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणी के 30 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई तथा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 10 बिना सीट बेल्ट, 67 बिना हेलमेट वाहन संचालन, 1 मोबाइल पर बात करने पर, 19 तीन सवारी से अधिक होने, 16 बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र संचालित वाहन, 63 निर्धारित गति से अधिक वाहन चलाने, 16 नो पार्किंग, 1 बिना नम्बर प्लेट संचालित, 10 ओवर डाइमेंशन एवं 12 रिफ्लेक्टर टेप से संबंधित चालान किए गए।

# 'साइबर शील्ड' अभियान के तहत पुलिस का जन जागरूकता का आयोजन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** जिला डीडवाना-कुचामन के निर्देशन में व जिले के समस्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकगण, वृताधिकारीगण व थानाधिकारीगणों द्वारा पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे 'साइबर शील्ड' अभियान के दौरान साइबर जागरूकता के क्रम में रविवार को अपने-अपने थाना क्षेत्र में साइबर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा 'साइबर शील्ड' अभियान के दौरान साइबर शिकायतों के निस्तारण, साइबर अपराधियों द्वारा प्रयुक्त सीम कार्डस् व आईएमईआई नंबरो को ब्लॉक करवाने, सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाईलों की बरामदगी व पीड़ितों को लौटाने, साइबर अपराध के हॉट स्पॉट को चिन्हित कर अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई करना, साइबर अपराधियों का डाटाबेस तैयार करना, वांछित, स्टैंडिंग वारंटी व उद्घोषित साइबर अपराधियों को गिरफ्तारी करना तथा पुलिस मित्रों, सीएलजी सदस्यों, सुरक्षा सखीयों व साइबर वॉलियन्टर्स की मदद से साइबर जागरूकता अभियान चलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में आज समस्त थानाधिकारीगणों द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के दौरान पुलिस मित्रों, सीएलजी सदस्यों, सुरक्षा सखीयों व साइबर वॉलियन्टर्स, आम नागरिकों को साइबर अपराधियों के द्वारा साइबर ठगी हेतु प्रयुक्त विभिन्न तरीको जैसे - डिजिटल अरेस्ट, ई-ट्रेडिंग, साइबर स्लेवरी, सोशल मीडिया से संबंधित जागरूकता, डेटिंग एप्प व साईट, फॉईनेंस/बैकिंग फॉर्ड, आयकर धोखाधड़ी, फर्जी लोन एप्प, ऑनलाईन रोजगार, ऑनलाईन गैमिंग, अनचाहे कॉल, साइबर बुलिंग / स्टॉकिंग, ऑनलाईन सेक्सटॉर्शन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। आम नागरिकों को साइबर अपराधियों से बिना डरे नि:संकोच उनकी शिकायत अपने नजदीकी थाना पर दर्ज करवाने अथवा ऑनलाईन पोर्टल cyberpolice.nic.in/ पर या 1930 पर करवाने हेतु समझाईश की गई।

# राजसमंद में निजी लेबों की धाधली हुई उजागर

## आठ माह तक प्रसूता को देते रहे गलत सोनोग्राफी रिपोर्ट



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** जिला मुख्यालय पर राजनगर थाना क्षेत्र के 100 फीट रोड स्थित रेडॉन लैब की मनमानी के चलते पैसा बटोरने के लिए आमजन की सेहत से खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है। राजनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले जय सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी पिछले 8 माह से गर्भवती है और चिकित्सकों के परामर्श पर लगातार रेडॉन लब पर सोनोग्राफी करवाती रही है। पिछले 8 माह से लैब वाले पीड़िता के परिवार को गुमराह कर रहे हैं। सोनोग्राफी में उसकी डिलीवरी में कॉम्प्लिकेशन और बच्चे की हालत नाजुक बताई गई। 2 दिन पूर्व वापस सोनोग्राफी के दौरान लैब संचालक ने जब रिपोर्ट नहीं दी तो उन्होंने उदयपुर की दूसरी लेब पर सोनोग्राफी करवाई जिसमें पूरे मामले का खुलासा हुआ। यह घटना शहर में फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग लैब के बाहर जमा हो गए और नारेबाजी करते हुए आरोपी लैब संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर राजनगर थाना पुलिस और चिकित्सा विभाग से ब्लॉक ब्लॉक सीएमएचओ भी मौके पर पहुंचे। जहां लोगों के आक्रोश को देखते हुए लैब को ताला लगा दिया और पांच सदस्य की कमेटी बिठाकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। गर्भवती महिला के पति ने रेडॉन लैब संचालक के खिलाफ राजनगर थाने पर लिखित रिपोर्ट दी है।

## मुक्तिधाम प्रबंध समिति की चुनावी प्रक्रिया हुई संपन्न

**सादुलपुर।** चूरू के अगुणा मौहल्ला, वार्ड नंबर 38 में स्थित मुक्तिधाम प्रबंध समिति की चुनाव प्रक्रिया वार्ड पार्षद भागीरथ सैनी की अध्यक्षता में प्रात: 11 बजे संपन्न हुई। पार्षद सैनी ने बताया कि वार्ड के प्रबुद्धजनों तथा प्रबंध समिति के सदस्यों की सर्वसम्मति से हुई चुनाव प्रक्रिया में पन्नालाल दईया को अध्यक्ष, हुकमाराम गौड़ को महामंत्री तथा श्योकरण जमालपुरिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर गत वर्षों के आय-व्यय, श्मशान भूमि के विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों सहित समस्त प्रकार की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत सागरपाड़ा पर चलाया वाहन रिफ्लेक्टर अभियान



**धौलपुर।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा रविवार को सागरपाड़ा पर वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चलाया गया जिसमें परिवहन निरीक्षक सूरजभान द्वारा वाहन चालकों के साथ समझाइश अभियान भी चलाया गया। उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि अत्यधिक कोहरे में वाहनों को ना चलाएं और बिना रिफ्लेक्टर के वाहनों को रात्रि में ना चलाएं। अनिद्रा की स्थिति में भी वाहनों को नहीं चलाना चाहिए और लंबी रूट के वाहन चालकों को पूरी नींद लेनी चाहिए। समय-समय पर अपनी आंखों का भी परीक्षण कराते रहना चाहिए। इस अवसर पर जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा पांच दर्जन से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाकर वाहन चालकों के साथ समझाइश की गई।

# ग्रामीण विधानसभा के सभी क्षेत्रों को दृष्टिगत रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं : जूली

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सडक़े ना केवल रोड कनेक्टिविटी को जोडने का काम करती है बल्कि विकास को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार के राज में अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास को तीव्र गति से पंख लगे जिसकी बदौलत आज क्षेत्र मे ंआमजन को सहुलियत मिल रही है।

उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण क्षेत्र में बड़े स्तर पर विधायक निधि कोष से सडक़ों सहित विभिन्न विकास कार्यो का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विधानसभा के सभी क्षेत्रों को दृष्टिगत रखते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे है। जूली रविवार को मालाखेड़ा ब्लॉक के गांव बालेटा, पूनखर एवं भंडोडी में करोड़ों रुपए की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। जूली ने ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में इंटरलॉकिंग सडक़,श्मशान घाट निर्माण, रिनिवल कार्यों, वाटर कूलर, ग्रेवल सडक, सिंगल फेस बोरिंग सहित पाइप लाइन का उद्घाटन किया।

**जूली ने करोड़ों रूपये की लागत से हुए इन विकास कार्यों का किया उद्घाटन :** जूली ने मालाखेडा ब्लॉक में करोडो रूपये की लागत से हुए विकास कार्यो गांव बालेटा में भडोली रोड़ से खिलारी मेव के घर की ओर, हीरामल बाबा के स्थान से रामचंद्र के कुएं की ओर, बैंदाडा बास में इंटर लॉकिंग सड़क, भैसा घाटी से भाटाला बास, नदी से भाटाला बास तथा लाला यादव के धुन्धल से मेव की ओर ग्रेवल सडक़, देव नारायण स्कुल से मॉडल स्कुल तक एवं देव नारायण स्कुल के सामने से आरआरसी व मेवों की ढाणी की ओर पाइप लाईन डालने तथा बौकडा वाले हनुमान मंदिर में वाटर कुलर लगाने एवं हवासिंह के घर के पास सिंगल फेज बोरिंग साथ ही किसान सेवा केन्द्र एवं भूअभिलेख परिसर में इंटर लॉकिंग सडक निर्माण कार्य, पूनखर में भौमिया मंदिर के पास सार्वजनिक स्थान पर चावंड माता मंदिर में अचलपुरी सडक़ से अर्जन/सत्या जाट की ढाणी देवनारायण मीणा से बन्ना मीणा के मकान तक अहीर बास से कर्मी यादव की ढाणी की ओर फत्या के जोहड से हाजीपुर वालों की ढाणी तक मुख्य सडक़ से सरबू मीणा की ढाणी तक मुख्य सडक़ से बिल्लू यादव की ढाणी की ओर मुख्य सडक से मदन मीणा के घर की ओर, अहीर बास से हिंग्योटया बास (संत का नगंला) में इंटर लॉकिंग सडक तथा पूनखर से संत का नगंला सडक़ का रिनिवल कार्य पूनखर नाई समाज, पूनखर प्रजापत समाज, पूनखर मीणा समाज, साथ ही ग्राम भंडोडी में राम बैरवा के घर होते हुए सरपंच की ढाणी की ओर, रामस्वरूप बैरवा के घर से डाबंर रोड की ओर गोपी सिद्ध का बास, कैलाष के मकान से रामनिवास जाट के खेत की ओर इंटर लॉकिंग सडक़ सहित विभिन्न विकास कार्यो का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

## दिनेश अजीत सरिया की पुण्यस्मृति में लड्डू वितरित

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** उदारमना भामाशाह दिनेश कुमार अजीतसरिया की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र सुमित अजीतसरिया के सौजन्य से देवकिशन स्मृति सेवा समिति रतनगढ़ के तत्वावधान में समग्र समाज के असमर्थ वृद्धजनों,विधवा महिलाओं व दिव्यांग जनों को आज सर्दी से बचाव हेतु देशी घी में तैयार मैथी के लड्डू वितरित किए गये। समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने बताया कि स्व.दिनेश जी अजीतसरिया द्वारा शुरू की गयी इस पुनित परम्परा को जारी रखते हुए उनके सुपुत्र सुमित ने इस वर्ष 7 क्विंटल लड्डू तैयार करवाएं हैं जो रतनगढ़ के साथ-साथ उनके पैतृक गांव अजीतसर में पात्र लोगों को वितरित किए जा रहे हैं।

# पाली में पतंग के मांझे से पूर्व पुलिसकर्मी घायल

**ओवरब्रिज पर हादसा, तेज मांझे से कटा नाक**





■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में लगातार दूसरे दिन पतंग के मांझे से दुपहिया वाहन चालक के घायल होने का मामला सामने आया है। शनिवार को टैक्स्टाइल बिजनेसमैन तो रविवार को पूर्व पुलिसकर्मी मांझे के कारण घायल होकर अस्पताल पहुंचा। हादसे में उनके नाक पर घाव हुआ। ऐसे में दो टांके लगाने पड़े। लगातार दूसरे दिन ओवरब्रिज पर यह घटना हुई है। दरअसल पाली शहर के टैगोर नगर में रहने वाले पूर्व पुलिसकर्मी कुन्नाराम (62) पुत्र पुसाराम रविवार दोपहर को स्कूटी लेकर ओवरब्रिज से उतर रहे थे। उन्होंने हेलमेट भी लगा रखा था लेकिन पतंग का तेज मांझा उनके हैलमेट के भीतर घुस गया। ऐसे में मांझे से उनके नाक पर घाव हो गया। गनीमत रही कि वे तुरंत रुक गए और हेलमेट खोल मांझे को बाहर निकाल दिया। वरना उनके नाम पर और गहरा घाव हो जाता। नाक पर घाव होने से खून बहने लगा। उन्हें तुरंत इलाज के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल लाया गया। जहां उनके नाक पर टांके लगाए गए। उनकी हालत खतरे से बाहर है।

### शनिवार को बिजनसमैन थे पतंग के मांझे से घायल

■ बता दे कि शनिवार को ओवरब्रिज पर बाइक पर जा रहे शिवाजी नगर निवासी टैक्सटाइल बिजनसमैन 40 वर्षीय मुकेश जैन पुत्र मिश्रीलाल पतंग के मांझे के कारण् घायल हो गए। मांझ से उसके गले और अंगुली में कट लग गया। ऐसे में गले और अंगुली को ठीक करने के लिए बांगड़ अस्पताल में डाक्टर ने सात टांके लगाए थे।

### जिला कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई

■ शनिवार को हुई घटना को देखते हुए जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने तुरंत निर्देश देकर धातुओं से बने मांझे की बिक्री पर रोक लगाई थी। एक टीम भी शहर में राउंड के लिए भेजी थी जिसने पतंगे बेचने वाली 15 दुकानों की जांच की। जांच के दौरान शहर के सुभाष नगर जोधपुर रोड स्थित गणाधिपति फैंसी स्टोर से 16 मांझे, सरदार पटेल नगर ओवरब्रिज के पास स्थित मां नागणेचिया फैंसी एंड जनरल स्टोर से 13 मांझे और श्री विजय गिफ्ट एंड नोवल्टी से आठ मांझे जब्त करने की कार्रवाई की थी। साथ ही शॉप संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि प्रतिबंधित मांझे बेचते हुए फिर से पाए गए तो उनके खिलाफ कानूनी की जाएगी।

## भैंस चोरों का आंतक, पशुपालकों में खौफ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** अरावल क्षेत्र में विगत लबें समय से भैंस चोरों के लगातार भैंस चोरी करने की वारदात के बीच पिछले एक पखवाड़े में खिंवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के मगरतलाब ग्राम पंचायत के कोलर गांव से आधा दर्जन भैंसे चोरी हो गई हैं। ऐसे में पशुपालकों में भैंस चोरों का खौफ व्याप्त हैं। मगरतलाब ग्राम पंचायत के पूर्व वार्डपंच जगदीश शर्मा ने बताया कि गत दिवस कोलर गांव के दरगाराम माली की दो भैंसें सुथार बेरे से अज्ञात चोर लेकर भाग गए। शर्मा ने बताया कि सुथार बेरे के खेत पर ताला लगा होने के चलते अज्ञात भैंस चोर खेत की तारबंदी को काटकर दोनो भैंसों को लेकर फरार हो गए। इससे पूर्व भा गांव में बंशीलाल माली व गोरधन लाल सुथार की एक-एक भैंस भी चोरी हो गई थी, ऐसे में पशुपालकों में भय व्याप्त हैं। उधर, दो भैंस चोरी का मामला खिंवाड़ा थाने में दर्ज हुआ हैं।

## बाली ब्लॉक कांग्रेस सेवादल की बैठक संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाली।** पाली जिला कांग्रेस सेवादल जिला मुख्य संगठक प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में एवं राजस्थान कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जॉन प्रभारी मोहन हटेला के मुख्य अतिथि एवं बाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल सिंह राजपुरोहित व वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट विजय राज चौधरी के विशिष्ट अतिथि में आयोजित की गई। बैठक में सर्व प्रथम देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डा. मन मनोहन सिंह को सेवादल कार्यकर्ताओ ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। बैठक में प्रदेश स्तरीय जयपुर में विशाल महा अधिवेशन होने जा रहा है जिसमें बाली कांग्रेस सेवादल के भागीदारी ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ता भाग लेवे इस पर भी गहन विस्तृत चर्चा की गई बाली ब्लॉक सेवादल, यंग बिर्गेड, महिला सेवादल का नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु विचार विमर्श किया गया। वहीं महाना सगठनात्मक गतिविधियों पर गहनता से रिपोट कार्ड तैयार किया गया। इस बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला ने संबोधित करते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी की मजबूती की दिशा में सेवादल संगठन और अधिक मजबूती से कार्य करते हूए बूथ स्तर पर सेवादल का जल्द गठन करते हूए वर्तमान सरकार की विफलताओं को उजागर करें। पाली जिला कांग्रेस सेवादल जिला मुख्य संघटक प्रकाश चौधरी ने कहा की वर्तमान भाजपा की सरकार आम जनता के लिए पूर्णतया विफल साबित हुई है। एक साल बीतने आया है, लेकिन किसी तरह उपलब्धि नहीं गिना सकते उल्टा हमारी गहलोत सरकार की कई जन हितार्थ योजनाओं को बंद कर रही है और कई बंद कर दी गई है। सेवादल के साथी समय-समय पर सरकार की नाकामियायों को उजागर करने कोई कोर कसर नहीं छोड़े। इस बैठक को बाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यशपाल सिंह राजपुरोहित ने कहा कि सेवादल कांग्रेस पार्टी रीड की हड्डी है। सेवादल संगठन हमेशा पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करता है इस दौरान बाली विधान सभा सेवादल अध्यक्ष जसाराम परिहार, बाली ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अजय पाल सिंह जोधा ने कार्यक्रम में आभार जताया।

## ब्लॉक के पहले शतरंज टूर्नामेंट का समापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**देसूरी।** अखिल भारतीय अंबेडकर परिषद, देसूरी द्वारा आयोजित "श्री बस्ती लाल भाटी शतरंज टूर्नामेंट" का रविवार को अंबेडकर भवन में भव्य समापन हुआ। यह आयोजन परिसंघ के सचिव सुरेश भाटी के पिताजी और पूर्व मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री बस्तीमल भाटी की स्मृति में किया गया था। इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने अपने कौशल, धैर्य और रणनीति का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप (14 वर्ष तक) और सीनियर ग्रुप (14 वर्ष से अधिक) के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में अंबेडकर परिसंघ के अध्यक्ष और शिक्षाविद टेकाराम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, "शतरंज केवल खेल नहीं है, यह धैर्य, अनुशासन और मानसिक विकास का माध्यम है।" उन्होंने युवाओं को इस खेल में आगे बढ़ने और अपनी क्षमताओं को निखारने के लिए प्रेरित किया। संयोजक ललितेश मेघवाल ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्रीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है। देसूरी ब्लॉक के शतरंज कोच और निर्णायक मोहनलाल सुथार ने खेल के नियमों और रणनीतियों पर उपयोगी जानकारी दी। उनके पुत्र और राज्य स्तर के खिलाड़ी जयेश सुथार ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। साथ ही सागर भाटी ने सभी विजेताओं का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान नरेंद्र फुलवारी (प्रधानाचार्य, केसुली), भारती फाउंडेशन से रजनीश परिहार, नवरत्न मल, उम्मेदमलगौड़, मांगीलाल, छगन बागरेचा, पंकज मकवाना, सतीश सोलंकी जूना, रणजीत मालवीय, छगन लाल मीणा, तगा राम नोगिया, मांगीलाल सोलंकी, सवा राम बोस, ललित सोलंकी और रमेश कुमावत ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। मंच संचालन पंकज मकवाना ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। यह टूर्नामेंट न केवल खेल भावना को बढ़ावा देने वाला था, बल्कि क्षेत्र में शतरंज के प्रति रुचि और नई प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रेरणास्रोत भी बना। यह आयोजन मानसिक कौशल, धैर्य और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का एक आदर्श उदाहरण साबित हुआ।

## गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्जा दिलाने चलेगा जागरुकता अभियान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**घाणेराव।** घाणेराव ग्राम पंचायत के अधीन स्थित गुडा भोपसिंह व गरासिया कॉलोनी व संग्राम नाडी के ग्रामीणों को पांच कि.मी. सरकारी कार्यों के लिए पांच कि.मी. दूरी घाणेराव आना पड़ता है। जिसके कारण इन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं गुडा भोपसिंह व गरासिया कॉलोनी, संग्राम नाडी की जनसंया को ध्यान में रखकर आदिवासी मापदंड के अनुसार एक नई ग्राम पंचायत के पुनर्गठन के तहत राजस्व गांव गुडा भोपसिंह को पंचायत का दर्ज मिल सकता है। इसको लेकर श्री शनिदेव सेवा समिति की ओर लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाकर राय सरकार ने मांग की जाएगी। ज्ञातव्य है कि घाणेराव पंचायत से करीब पांच कि.मी. दूरी पर स्थित गुडा भोपसिंह व गरासिया कॉलोनी में उच्च प्राथमिक विद्यालय मौजूद है। चिकित्सका की कोई सुविधा नहीं है, मनरेगा योजना के लिए श्रमिकों को घाणेराव के आसपास तालाबों में आना पड़ता है। जबकि गुडा भोपसिंह में सी.सी.रोड का निर्माण पंचायत द्वारा करवाया गया, जो भी विकास हुए वह भामाशाहों के सहयोग से हुए है। जबकि गुडा भोपसिंह, श्री मुछाला महावीर गरासिया कॉलोनी, संग्राम नाडी की जनसंया 2000 से अधिक है। ऐसे तीनों स्थानों के साथ आसपास बेरे पर रहने वाले लोगों को मिलाकर गुडा भोपसिंह नाम से एक नई पंचायत का गठन किया जा सकता है। श्री शनिदेव सेवा समिति के सदस्य एवं घाणेराव उपसरपंच दिनेश आदिवाल और समिति के सदस्यों की ओर एक अभियान शुरू कर आदिवासी लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसको लेकर अलग-अलग बैठक इन तीनों स्थानों पर लोगों के साथ ही जाएगी। जिसके बाद राय सरकार ने नई पंचायत के गठन को लेकर मांग की जाएगी। इसको लेकर समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

## पाली में चलते-चलते आग के गोले में बदला ट्रक

**ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान, ट्रक खाक**

**पाली।** पाली जिले में लकड़ी के बुरादे से भरे एक मिनी ट्रक में चलते–चलते अचानक आग लग गई। इस हादसे में ट्रक पूरा जल गया। ड्राइवर ने भी कूद कर अपनी जान बचाई। दमकलकर्मियों को भी आग पर काबू पाने में करीब तीन घंटे लगे। भावरी-रूपावास रोड पर शनिवार शाम सात बजे के करीब लकड़ी के बुरादे से भरे एक मिनी ट्रक में अचानक चलते आग लग गई। हादसे की सूचना पर जैतपुर थाने के एसएचओ राजेंद्र सिंह जाप्ता मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दीवान गांव से लकड़ी का बुरादा लेकर ट्रक रामसिया जा रहा था। इस दौरान ट्रक में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।

## जंगली जानवर ने किया बुजुर्गों पर हमला, दो घायल



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** गांव कोटडी के वेरे बदवा में रहनेवाले वाले लोगों पर किया हमला। जंगली जानवर गांवों में शिकार की फ़िराक में आया था, जिसने भैंसों पर हमला कर दिया। उसको छुड़ाने के वक्त सुबह पांच बजे के करिबन बुजुर्गों पर कर दिया हमला। हंगामा करते ही जरख भाग गया।

जंगली जानवरों का लोगों में भय बना हुआ है। वन विभाग ध्यान दे कि शिकारी जानवर गांवों में न पहुंचे। रविवार सुबह को रहे पका राम पुत्र खरताराम और देवाराम पुत्र दुदाराम चौधरी के ऊपर हमला का सुन कर परिजनों ने नाडोल चिकित्सालय लाया। जहां डाक्टर गोविंद सिंह चारण द्वारा प्राथमिक उपचार कर दोनों बुजुर्गों की स्थिति गंभीर होने के कारण पाली रेफ़र किया।

पाली बांगड़ अस्पताल में ईलाज चल रहा है अभी उनकी स्थिति सामान्य है।

इस दौरान हरिसिंह, प्रदिप सिंह, हेमराज, वक्तावर मल, कैलाश भटनागर, रामलाल चौधरी, छगनलाल चंदेल, समाजसेवी जगदीश पी चौधरी, राजूराम चौधरी, जगदीश एम चौधरी, सोहन चौधरी, बस्तीमल सहित लोगा मोजूद थे।

## बाइक तेज चलाने को लेकर मारपीट और पत्थरबाजी

**▶▶ दो गुटों के झगड़े में दो युवक घायल, एक जोधपुर रेफर**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पाली।** पाली में बाइक धीरे चलाने और शराब के लिए रुपए मांगने की बात को लेकर दो युवकों में कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। इसके बाद नौबत दो गुटों में पत्थरबाजी और मारपीट तक पहुंच गई। इस घटना में एक पक्ष के दो युवक घायल हो गए, जिससे माहौल बिगड़ गया। सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना जानकारी के अनुसार पाली शहर के मंडिया रोड जालोरी दरवाजा क्षेत्र में 30 साल के मोहम्मद जावेद पुत्र बाबू भाई की मोबाइल शॉप है। वह शॉप बंद कर अपने रिश्ते के भाई 25 वर्षीय मोहम्मद आसिफ पुत्र मोहम्मद युसूफ से बातचीत कर रहा था। इतने में दो युवक बाइक पर तेज स्पीड से निकले। आरोप है कि बाइक धीरे चलाने को कहा तो युवक रूके और शराब के लिए रुपए मांगें। देने से मना किया तो झगड़ा करने लगे। दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ। एक शॉप के बाहर लगे कैमरे में कैद हो गया। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष के जावेद और आसिफ घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल लाया गया। जहां से आसिफ को जोधपुर रेफर किया गया। दोनों पक्षों ने की पत्थरबाजी इधर घटना की जानकारी मिलने पर घायल युवकों के परिजन और मोहल्लेवासी घटना स्थल पहुंचे। दूसरे पक्ष के लोग भी सड़क के दूसरी तरफ बस्ती में रहते है। ऐसे में दोनों पक्षों में पत्थरबाजी हुई। इससे सड़क पर जगह-जगह पत्थर ही पत्थर बिखर गए। गनीमत रही कि पत्थरबाजी में किसी भी पक्ष का कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ सिटी देरावरसिंह सोढ़ा कोतवाली स्टॉफ के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को कंट्रोल करवाया। देर रात तक मौके पर और बांगड़ अस्पताल में पुलिस जाप्ता तैनात किया गया। स्थिति फिलहाल कंट्रोल में है। देर रात एक पक्ष ने दी रिपोर्ट मामले में देर रात को पाली शहर के जालोरी दरवाजा निवासी बाबूखान पुत्र मुराद खान ने लिखित रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि उनका बेटा मोहम्मद जावेद हमेशा की तरह शनिवार रात को दुकान बंदकर घर लौट रहा था। जिसके साथ मोहम्मद आसिफ पुत्र मोहम्मद युसुफ भी था।

## प्लंबर के बेटे ने बनाई वेबसाइट



**▶▶ मेडिकल से जनरल स्टोर तक का डेटा दिखेगा, घर बैठे कर सकेंगे ऑर्डर**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में एक प्लंबर के बेटे ने अपना स्टार्टअप शुरू किया है। युवक ने एक वेबसाइट बनाई है। इसमें एक क्लिक पर शहर के डाक्टर, मेडिकल स्टोर, जनरल स्टोर और वहां के आइटम की जानकारी रेट सहित डिस्पले होगी। साथ ही घर बैठे शहरवासी ऑर्डर भी कर पाएंगे।

हम बात कर रहे हैं पाली शहर के राजेंद्र नगर में रहने वाले 19 साल के फतेह सिंह की। जो वर्तमान में बांगड़ कॉलेज में बीसीए की पढ़ाई कर रहे हैं। अपने इस स्टार्टअप को लेकर उन्होंने बताया कि वे वर्तमान में डिजिटल युग चल रहा है। लोगों के पास ज्यादा समय नहीं है। वे हर जरूरत की चीजों को ऑनलाइन खरीदना चाहते हैं ताकि उनका टाइम और रुपए की बचत हो। ऐसे में शहर के सभी जनरल स्टोर, मेडिकल स्टोर को उन्होंने अपने स्टार्टअप "डिजिटल दुकान" के जरिए डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवाने की बात मन में आई।

जब वे 12वीं क्लास में थे तो अपनी पढ़ाई साथ-साथ उन्होंने इस प्रोजेक्ट को लेकर काम करना शुरू कर दिया। उनके आईटी एक्सपर्ट टीचर राजू मेंशन ने उन्हें गाइड किया। उन्होंने बताया कि अक्सर लोगों को पता ही नहीं रहता है कि कौन सा डाक्टर शहर में कहां रहता है। उनकी फीस कितनी है। उनके आस-पास मेडिकल स्टोर, जनरल स्टोर कहां है। वहां क्या-क्या आइटम मिल रहे हैं और क्या रेट है। कौन सी शॉप पर उन्हें वाजिब दाम में सामग्री मिलेगी। शहरवासी अपने इन सारे सवालों का जवाब घर बैठे ही पता कर सके, इसलिए उन्होंने डिजिटल दुकान नाम से अपनी वेबसाइट बनाई है। पाली के बांगड़ कॉलेज परिसर में स्थित पाली इंक्यूबेशन सेंटर। अभी चल रहा डाटा एकत्रित करने का काम फतेह सिंह ने बताया कि उनके पिता रूपसिंह प्लंबर का काम करते हैं। मां कौशल्या देवी हाउस वाइफ हैं। वे तीन भाई-बहन हैं। इस वेबसाइट को बनाने के लिए उन्होंने एआई टूल्स, कोडिंग लेंग्वेज आदि का इस्तेमाल किया।

वर्तमान में एक-एक दुकान घूमकर वह डाटा कलेक्ट करने का काम कर रहा है। वर्ष 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। ताकि पाली शहर के दुकानदारों को समय के साथ अपडेट कर सके। उन्होंने बताया कि इस वेबसाइट के जरिए शहरवासी घर बैठे दवाइयां, जनरल स्टोर से सामान ऑर्डर भी कर सकेंगे। साथ ही शॉप कीपर को भी उसके मोबाइल पर नोटिफिकेशन आएगा कि कहां से क्या ऑर्डर ऑनलाइन आया है। प्रदेश सरकार भी कर रही मदद पाली शहर के बांगड़ कॉलेज परिसर में सूचना प्रौद्योगिक और संचार विभाग का ऑफिस स्थित है।

## बाली जिला अस्पताल बने, इस चर्चा को लेकर विशाल बैठक का आयोजन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली जिला अस्पताल बने इस पर विचार विमर्श करने के लिए क्रांति मंच के तत्वाधान में एक विशाल बैठक रविवार को नगर के दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। क्रांति मंच के संयोजक प्रवीण प्रजापति ने बताया कि बाली जिला अस्पताल बने इस चर्चा को लेकर विशाल बैठक में विस्तार से विचार विमर्श कर सुझाव दिए गए। बैठक में बाली के जिला अस्पताल घोषित होने के बावजूद भी इसमें विकास की बहुत कमी है। आज भी इसमें सीटी स्कैन, एमआर आई, सोनोग्राफी, ब्लड बैंक सहित विभिन्न सुविधाओं का अभाव है। यहां आज भी 95 प्रतिशत कैस रेफर किए जाते है। बैठक में बैठक में वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति अध्यक्ष मोहम्मद अयूब जई ने बताया कि बैठक में एकजूठ होकर सुझाव पारित किया गया कि जिला अस्पताल बाली में वर्तमान जगह पर ही रहे। ऐसा मांग पत्र विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत को सौंपने का निर्णय लिया। उसी जमीन पर भवन जिला अस्पताल का बनाया जाए। यदि सरकारी नियमों के अनुसार थोड़ी बहुत जमीन कम पड़ रही हो तो पुराना अस्पताल है। वहां पर्याप्त जमीन खाली पड़ी है। वहां डाक्टर व नर्सिंग स्टाफ के लिए भवन बन सकते है। बाली की जनता की मांग जिला अस्पताल वर्तमान में संचालित अस्पताल बाली में ही बनाया जाए और एक आधुनिक सुंदर भवन बनाया जाए। बैठक में वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति अध्यक्ष मोहम्मद अयूब जई, क्रांति मंच संयोजक प्रवीण प्रजापति, मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष मानाराम चौधरी, हाथ लोरी के थानाराम प्रजापत, जगदीश माली, शैतान पुरी गोस्वामी, मूलसिंह राजपुरोहित श्रीसेला, लखमाराम परमार बोया, अभिमन्यु सिंह दहिया, सुखलाल चौधरी, विनोद मारू, रतनपुरी, सुरेश परमार, नारायणलाल प्रजापत, मांगीलाल मारू सहित नगर में प्रबुद्धजन व नागरिको ने भाग लिया।

## सुमेरपुर : रामेश्वर यात्रियों का पौधा-रस्म से स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** सुमेरपुर रेल विकास सेवा संस्थान द्वारा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा स्वागत अभिनंदन के साथ एक व्यक्ति एक पौधा मिशन द्वारा पौधा-रस्म कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोषाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि स्पेशल भारत गौरव ट्रेन द्वारा रामेश्वर यात्रियों का मंडल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति सदस्य श्याम अग्रवाल व पौधा मिशन संस्थापक पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत द्वारा यात्रियों को पौधा भेंट व रेल विकास संस्थान द्वारा दुपट्टा पहनाकर स्वागत के साथ पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही देवस्थान विभाग द्वारा यात्रियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। सुमेरपुर रेल विकास संस्थान पदाधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा करवाने पर राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नैनमल सोनी, सोहन सिंह मीणा, प्रकाश कुमावत, जोधराज देवड़ा सहित पुखराज सोलंकी, भीखाराम सोलंकी आदि यात्रीगण उपस्थित रहें।



## प्रतिष्ठा की तैयारियों को लेकर बैठक में कई निर्णय



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार को जवाई बांध में श्री खेड़ादेवी मंदिर निर्माण समिति की बैठक अध्यक्ष ब्रजमोहन मेवाड़ा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें मंदिर प्रतिष्ठा करवाने संबंधित कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सचिव सुखदेव जीनगर ने बताया कि बैठक में प्रतिष्ठा के लिए प्रसादी बनाने के लिए हलवाई तय किया व हवन में बैठने के लिए जोड़े तय किए। अध्यक्ष मेवाड़ा ने बताया कि तीन दिवसीय मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आठ से 10 फरवरी तक आयोजित होगा। जिसमें पहले दिन आठ फरवरी को हवन यज्ञ, नौ फरवरी को भजन संध्या एवं 10 फरवरी को कलश यात्रा व प्राण प्रतिष्ठित होने वाली प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को महोत्सव में तन, मन व धन से सहयोग करने की अपील की। बैठक में समिति पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित अन्य प्रबुद्धजन मौजूद रहें।

## बिटकॉइन में निवेश का झांसा देकर की धोखाधड़ी

**पाली।** पाली में एक लेक्चरर और उनके साले को शेयर मार्केट, बिटकॉइन में निवेश करवा अच्छा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर उनके ही रिश्तेदार ने 12 लाख की धोखाधड़ी कर ली। आरोपी न तो मूल रकम लौटा रहा है और न ही मुनाफा। परेशान होकर लेक्चरर ने कोर्ट के जरिए आरोपी रिश्तेदार व अन्य के खिलाफ सुमेरपुर थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पाली जिले के सुमेरपुर थाने के बिसलपुर निवासी लेक्चरर नारायण सोलंकी पुत्र गमनाराम घांची ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। जिसमें बताया- मैं सलोदरिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लेक्चरर हूं। मेरे रिश्तेदार भरत सोलंकी, दिलीप सोलंकी पुत्र मोतीलाल सोलंकी करीब डेढ़ साल पहले घर बिसलपुर आए थे। उन्होंने खुद को ट्रेडर बताते हुए शेयर मार्केट, रबर कॉइन, बिटकॉइन, जमीन में निवेश करवा अच्छा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। रिश्तेदार होने के कारण उन पर विश्वास कर लिया और पांच मई 2023 को पांच लाख रुपए का चेक उन्हें निवेश के लिए दिया। मेरे साले हासाराम पुत्र रणछोड़ राम भी आरोपियों की बातों में आ गए और उनके कहने पर उन्होंने भी ऑनलाइन सात लाख रुपए आरोपी भरत के अकाउंट में 14 जून 2023 में गोवा से ट्रांसफर करवाए। आरोपियों ने विश्वास दिलाया था कि छह महीने में मुनाफे के साथ रुपए वापस लौटा देंगे। छह महीने बाद जब उनसे रुपए और मुनाफा मांगा तो टालमटोल करने लगे। आठ सितंबर 2024 को उनसे व्यक्तिग मिले लेकिन वे उल्टा उन्हें धमकाने लगे और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी।

## ग्रामीण प्रतियोगिता का खिताब कोसेलाव ने जीता



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** खिवांदी गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्रवणसिंह उगमसिंह की स्मृति में चार दिवसीय आशापुरा क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन रविवार को हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि केसी जैन, निर्मलसिंह, शिवराजसिंह बिठियां, जयेंद्रसिंह गलथनी के सानिध्य में हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कोसेलाव व बलाना के बीच खेला गया। जिसमें बलाना टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ऑवर में युवराज के 33 रन की बदौलत 90 रन बनाए। रनों का पीछा करने उतरी कोसेलाव टीम ने 91 रन बनाकर पांच विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच राहुल सुथार रहे, जिन्होंने 14 बॉल में 30 रन बनाए। मैन ऑफ द सिरीज, बेस्ट बॉलर व बेस्ट बेस्टमैन का खिताब भी राहुल सुथार के नाम रहा। समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता टीम को 21 हजार नकद व ट्रॉफी एवं उप विजेता टीम बलाना को 7100 रूपए देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नरेंद्र कुमार, प्रवीण सिंह, अश्विनपालसिंह, प्रतापसिंह, हितेश चौहान, निक्कु सुथार, समाजसेवी मनोहर परमार, राजाराम भाटी, दिनेश आदि मौजूद रहे।

## भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल से बाहर

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया ने जीती



### बुमराह श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**सिडनी।** शीर्ष खिलाड़ियों की खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट में छह विकेट से हार के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल से बाहर हो गई जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से जीतकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई। बदलाव के कठिन दौर से गुजर रही भारतीय टीम को अब स्वदेश लौटने के बाद काफी आत्ममंथन करना होगा। वहीं गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया अब 11 से 15 जून तक लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया की नजरें जहां अब लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी मेस (गदा) जीते पर टिकी होंगी तो वहीं इस चैंपियनशिप की शुरुआत के बाद से यह पहला मौका होगा, जब भारत फाइनल नहीं खेलेगा। भारतीय टीम पिछली दो बार की उप विजेता है। कप्तान जसप्रीत बुमराह पीठ में जकड़न के बावजूद अगर गेंदबाजी करने की स्थिति में होते तो 162 रन का लक्ष्य मुश्किल हो सकता था।

लेकिन उनकी गैरमौजूदगी में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर इस स्कोर का बचाव करना लगभग असंभव था। बुमराह को पांच मैच में 32 विकेट चटकाने के लिए श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया लेकिन भारत के लचर प्रदर्शन के लिए यह कोई सांत्वना की स्थिति नहीं थी। बुमराह ने मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान दूसरी पारी में गेंदबाजी करने में असमर्थता पर कहा, 'यह थोड़ा निराशाजनक है लेकिन कभी-कभी आपको अपने शरीर का सम्मान करना होता है। आप अपने शरीर से नहीं लड़ सकते। निराशाजनक, शायद श्रृंखला के सबसे अच्छे विकेट पर गेंदबाजी करने से चूक गया।' बुमराह की गैरमौजूदगी में प्रसिद्ध कृष्णा (65 रन पर तीन विकेट) और मोहम्मद सिराज (69 रन पर एक विकेट) मेजबान टीम के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में नाकाम रहे, जबकि कप्तान की भूमिका निभा रहे विराट कोहली ने इन्हीं दोनों तेज गेंदबाजों पर भरोसा बरकरार रखा। कुछ सफलताओं के बावजूद कृष्णा और सिराज ने कई खराब गेंदें फेंकी। जिससे मेजबान टीम ने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (41), ट्रेविस हेड (नाबाद 34) और पदार्पण करने वाले ब्यू वेबस्टर (नाबाद 39) की पारियों की बदौलत 27 ओवर में चार विकेट पर 162 रन बनाकर जीत दर्ज की। बुमराह पर भारत की अति निर्भरता भी उजागर हुई। सुबह के वार्म-अप सत्र के दौरान बुमराह ने गेंदबाजी का प्रयास किया लेकिन वह सहज महसूस नहीं कर रहे थे और उनकी अनुपलब्धता से तय हो गया था कि भारत के लिए छोटे लक्ष्य का बचाव करना असंभव होगा। कोहली और रोहित पर कड़े फैसले का इंतजार है। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को इस बात पर भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि कोच गौतम गंभीर सभी प्रारूपों में जिम्मेदारी संभालने के लिए सही व्यक्ति हैं या नहीं।



### एकदिवसीय में हार का सामना करना पड़ा

इसके अलावा टीम को श्रीलंका में एकदिवसीय श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। अगर कोहली और रोहित को जिम्मेदार ठहराया जाता है तो गंभीर को सिर्फ इसलिए नहीं छोड़ा जा सकता क्योंकि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। मुख्य कोच का जिद्दी रवैया सभी को पता है और इससे ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ी उनके साथ बहुत सहज नहीं हो पा रहे हैं। ब्रिसबेन के बाद रविचंद्रन अश्विन का संन्यास और रोहित का खुद को बाहर करने का फैसला अचानक हुआ। किसी खिलाड़ी की रणनीति के साथ छेड़छाड़ करना प्रबंधन का सबसे अच्छा तरीका नहीं है जैसा कि पंत ने कई बार बहुत सावधान रहकर दिखाया जिससे उनकी स्वाभाविक लय बाधित हुई। लेकिन बल्लेबाजी से अधिक तेज और स्पिन गेंदबाजी दोनों ही राष्ट्रीय चयन समिति और टीम प्रबंधन के लिए बड़ी चिंता का विषय होंगे।

### टीम में बुमराह की अंतिम दिन कमी खली

बुमराह की अनुपस्थिति ने दिखाया कि भारत को श्रृंखला के किस चीज की कमी खली, फिर भले ही ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा हो। जैसा कि ग्लेन मैकग्रा ने कहा कि अगर बुमराह ने 32 विकेट नहीं लिए होते तो भारत की हार का अंतर और अधिक होता। ब्रिसबेन में मेहमान टीम बारिश के कारण बच गई और मेलबर्न में रोहित ने चौथे दिन अंतिम सत्र के दौरान खेल को अपने हाथ से जाने दिया। मोहम्मद सिराज को 100 विकेट पूरे करने में 36 टेस्ट मैच लगे हैं और ये आंकड़े बहुत बढ़िया नहीं हैं। आकाश दीप अभी भी नए हैं लेकिन उनमें क्षमता है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा मुश्किल गेंदों के साथ काफी आसान गेंद भी फेंकते हैं। हर्षित राणा इस स्तर के लिए बिल्कुल तैयार नहीं हैं और उन्हें बड़े टेस्ट के लिए तैयार होने के लिए रणजी ट्रॉफी, दलीप ट्रॉफी और इंडिया ए के कई मैच खेलने होंगे। स्पिन विभाग में रविंद्र जडेजा अब बल्लेबाज अधिक और स्पिनर कम हैं जब तक कि पहले दिन से विकेट से मदद नहीं मिले। पुणे में वाशिंगटन सुंदर के 12 विकेट को अलग रखा जाए तो वह बल्लेबाजी के अनुकूल विकेटों पर एक सक्षम ऑफ स्पिनर से अधिक बल्लेबाज हैं। जायसवाल अगले बल्लेबाजी सुपरस्टार के रूप में उभर रहे हैं और नितीश रेड्डी ने प्रतिभा की झलक दिखाई है।

## अगर कोहली का आखिरी टेस्ट था तो यह दुखद : कमिंस



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने विराट कोहली को महान प्रतिस्पर्धी बताया जो खेल में नाटकीयता लाकर उसे जीवंत बनाता है और यह भी कहा कि अगर यह आस्ट्रेलिया का उनका आखिरी दौरा था तो उन्हें इसका दुख है। श्रृंखला के पहले मैच में शतक जमाने के बाद कोहली पांच टेस्ट में आठ बार आफ स्टंप से बाहर जाती गेंद से छेड़खानी करके स्लिप में कैच देकर आउट हुए हैं। भारतीय टीम का मौजूदा दौरा कोहली का आखिरी ऑस्ट्रेलिया दौरा माना जा रहा है। कमिंस ने पांचवां टेस्ट छह विकेट से जीतने के बाद कहा, 'यह हमेशा शानदार मुकाबला रहता है। उसके रनों के अलावा वह खेल में नाटकीयता लेकर आता है जो कई बार अच्छा होता है और कई बार विरोधी को भड़का भी देता है जो उसकी रणनीति रहती है। उसके साथ खेलने का मजा आया। वह पिछले एक दशक से स्टार बल्लेबाज रहा है। अगर आप उसका विकेट लेते हैं तो जीतने में काफी मदद मिलती है। अगर यह उसकी आखिरी श्रृंखला है तो यह दुखद है।' कमिंस ने स्वीकार किया कि श्रृंखला के आखिरी दिन जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी से उन्हें फायदा मिला।

## ऑस्ट्रेलिया में सुनील गावस्कर का अपमान

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अपने और एलेन बॉर्डर के नाम पर दी जाने वाली ट्रॉफी ऑस्ट्रेलियाई टीम को प्रदान करने के लिए बुलाए नहीं जाने पर नाराजगी जताई है। ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में भारत को छह विकेट से हराकर 10 साल में पहली बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती। बॉर्डर ने आस्ट्रेलियाई टीम को ट्रॉफी प्रदान की जबकि उस समय मैदान पर मौजूद होने के बावजूद गावस्कर को बुलाया नहीं गया। गावस्कर ने बाद में कोड स्पोटर्स से कहा, 'मुझे पुरस्कार वितरण समारोह में जाकर खुशी होती। आखिरकार यह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी है और ऑस्ट्रेलिया तथा भारत से जुड़ी है।' उन्होंने कहा, 'मैं मैदान पर ही था। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया को दी जा रही थी। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और जीते। ठीक है।' उन्होंने कहा, 'सिर्फ इसलिए कि मैं एक भारतीय हूं। अपने अच्छे दोस्त एलेन बॉर्डर के साथ ट्रॉफी प्रदान करके मुझे खुशी होती।' भारत और ऑस्ट्रेलिया 1996-97 से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेल रहे हैं। इस बार पांच मैचों की श्रृंखला में पिछले सप्ताह मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर अब तक का दर्शक संख्या का रिकॉर्ड टूटा है। भारत के लिए यह सीरीज हारने के साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना भी खत्म हो गया।


# शतरंज खिलाड़ी हम्पी से मिले मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी से मुलाकात की और उन्हें 'खेल जगत की महान हस्ती' करार दिया जिन्होंने न्यूयॉर्क में फिडे महिला विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप अपने नाम की थी। हम्पी ने अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और इसे जिंदगी में एक बार मिलने वाला सौभाग्य बताया। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात के बाद ट्वीट किया, ''कोनेरू हम्पी और उनके परिवार से मिलकर खुशी हुई। वह एक खेल जगत की महान हस्ती हैं और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी तीक्ष्ण बुद्धि और अटूट दृढ़ स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने न सिर्फ भारत को गौरवांवित किया है बल्कि उत्कृष्टता को भी नए सिरे से परिभाषित किया है।'' हम्पी ने रविवार को न्यूयॉर्क में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में इंडोनेशिया की इरीन सुकंदर को हराकर भारतीय शतरंज के लिए एक शानदार वर्ष का समापन किया। हम्पी ने ट्वीट किया, ''अपने परिवार के साथ हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना बेहद सम्मान की बात है और यह जीवन में एक बार मिलने वाला सौभाग्य था। यह अनुभव वास्तव में अविस्मरणीय था, प्रेरणा और प्रोत्साहन से भरा हुआ था। इस शानदार पल के लिए धन्यवाद, सर! '' हम्पी ने 2019 में जॉर्जिया में यह प्रतियोगिता जीती थी और चीन की जू वेनजुन के बाद भारत की यह नंबर एक खिलाड़ी एक से अधिक बार खिताब जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री नें 2024 की शतरंज ओलंपियाड विजेता भारतीय महिला और पुरुष टीम और अभी अभी विश्व शतरंज चैंपियन बने डी गुकेश से भी खास मुलाक़ात की थी।

# देवजीत सैकिया बनेंगे बीसीसीआई के सेक्रेटरी

### 12 को बोर्ड मीटिंग में निर्विरोध चुने जाएंगे



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के इंटरिम सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ही बोर्ड के अगले सेक्रेटरी होंगे। उन्होंने सचिव पद के लिए नॉमिनेशन फाइल कर दिया है। चा जनवरी को नॉमिनेशन की आखिरी तारीख थी, उनके अलावा किसी और ने नॉमिनेशन फॉर्म नहीं भरा। 12 जनवरी को बीसीसीआई में सचिव और कोषाध्यक्ष के पद पर उपचुनाव होंगे। दूसरा कोई उम्मीदवार नहीं होने के चलते सैकिया ही सचिव पद पर कायम रहेंगे। उन्होंने दिसंबर में जय शाह की जगह संभाली थी, जो अब इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के चेयरमैन बन गए हैं। देवजीत सैकिया 2019 से बीसीसीआई के जॉइंट सेक्रेटरी हैं। प्रभतेज भाटिया कोषाध्यक्ष होंगे बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष पद के लिए भी एक ही नॉमिनेशन फाइल हुआ। प्रभतेज सिंह भाटिया ने इस पद के लिए नामांकन भरा, ऐसे में उपचुनाव में उनका भी निर्विरोध ही चुना जाना कंफर्म है। चार जनवरी को शाम पांच बजे तक नामांकन भरना था। छह जनवरी तक नॉमिनेशन की जांच होगी, फिर 12 जनवरी को इलेक्शन होंगे। 12 जनवरी को बीसीसीआई की मीटिंग भी उपचुनाव कराने के लिए बीसीसीआई ने अब तक ऑफिशियल अप्रूवल नहीं लिया है। हालांकि, 12 जनवरी को ही बोर्ड की स्पेशल जनरल मीटिंग है। इलेक्शन कमिशन की पूर्व चीफ एके ज्योति बीसीसीआई उपचुनाव की इलेक्टोरल ऑफिसर हैं। वह ही इलेक्शन कंडक्ट कराएंगी। असम क्रिकेट एसोसिएशन का हिस्सा हैं सैकिया देवजित सैकिया छह दिसंबर को ही बीसीसीआई के इंटरिम सेक्रेटरी बनाए गए थे। वह असम क्रिकेट एसोसिएशन का हिस्सा हैं। जिन्होंने जय शाह की जगह ली।

## पंत के पांच हजार इंटरनेशनल रन पूरे



**सिडनी।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 61 रनों की तेज पारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 5,000 रन पूरे कर लिए हैं। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज शनिवार को चल रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान इस मुकाम पर पहुंचा। पहली पारी में 98 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 40 रन की धैर्यपूर्ण पारी खेलने के बाद पंत ने दूसरी पारी में धमाकेदार वापसी की थी। अपनी पहली ही गेंद पर स्कॉट बोलैंड को उन्होंने छक्का लगाया। उन्होंने 33 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से 61 रनों की मनोरंजक पारी खेली। उनका स्ट्राइक 184.85 का था। मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पंत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, लेकिन फिर भी उन्होंने पांच मैचों और नौ पारियों में 28.33 की औसत और 59.02 की स्ट्राइक रेट से एक अर्धशतक के साथ 255 रन बनाए हैं।

# म नो रं ज न



# शाहिद कपूर की 'देवा' का धमाकेदार टीजर आउट

शाहिद कपूर की मचअवेटेड फिल्म और साल की पहली बड़ी फिल्म 'देवा' का टीजर रिलीज हो चुका है। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म का कुछ दिनों पहले ही एक पोस्टर रिलीज हुआ था, जिसे देखकर लग गया था कि शाहिद कपूर फिर से कोई बहुत बड़ा धमाका करने की तैयारी में हैं। पोस्टर में शाहिद के पीछे लगे अमिताभ बच्चन के एंग्री यंग मैन वाले पोस्टर से ये हिंट तो मिल गया था कि शाहिद का एंग्री किरदार दिखने वाला है। अब इसका टीजर रिलीज हो चुका है जिसमें शाहिद का जबरदस्त और धमाकेदार अंदाज देखने को मिला है। इससे एक्साइटमेंट और बढ़ती जा रही है। 'देवा' के टीजर में ऑडियंस को देवा की क्रेजी दुनिया देखने को मिली है। इसमें तगड़ा एक्शन देखने को मिला है। लेकिन टीजर की खास बात ये है कि पूरे टीजर में देवा डांस करते हुए दिख रहा है और बीच-बीच में उसके एक्शन सीन दिख रहे हैं। डांस की कोरियोग्राफी में शाहिद कपूर की ही फिल्म 'हैदर' के एक गाने 'एक और बिस्मिल' जैसी झलक दे रही है। यानी डांस में फाइट से ज्यादा गुस्सा दिख रहा है, जिसे शाहिद कपूर जैसा डांसर-एक्टर ही अपने फेस एक्सप्रेशन और बॉडी लैंग्वेज से दिखा सकता है। आप टीजर देखते ही समझ जाएंगे कि 'देवा' इस बार ऑडियंस को पागल करने के फुल मूड में है। 'देवा' में बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन की प्रभावशाली इमेज को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ पेश किया जाएगा। फिल्म का डायरेक्शन फेमस मलयाली डायरेक्टर रोशन एंड्रयूज ने किया है और इसे जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में शाहिद कपूर पुलिस की वर्दी में भी दिखे हैं और उनके साथ पूजा हेगड़े भी अहम रोल में हैं। देवा का धमाकेदार और एक्सप्लोसिव एक्शन 31 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा। इसके पहले शाहिद कपूर 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में दिखे थे और अब साल शुरू होते ही उनका कमाल फिर से देखने को मिलने वाला है।

# 'ड्रैगन' की शूटिंग शुरू करेंगे जूनियर एनटीआर



साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर हाल ही में 'देवरा' में जान्हवी कपूर के साथ नजर आए थे और फिलहाल वह बॉलीवुड फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म में वह खलनायक बन बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के साथ दो-दो हाथ करते नजर आएंगे। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस विशेष के रूप में रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं, इस बीच जूनियर एनटीआर के पास प्रशांत नील द्वारा निर्देशित एक पैन इंडिया फिल्म भी है। यह जूनियर एनटीआर की 31वीं फिल्म होगी। 'एनटीआर 31' का संभावित शीर्षक 'ड्रैगन' है। यह एक एक्शन फिल्म होगी। वहीं, अब फिल्म को लेकर ताजा जानकारी इसकी शूटिंग के बारे में सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'ड्रैगन' की शूटिंग 16 जनवरी से शुरू होने की उम्मीद है और यह शेड्यूल मंगलुरु में होगा। हालांकि, इस खबर पर निर्माताओं या खुद अभिनेता जूनियर एनटीआर की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। इस पर अभी निर्माताओं की ओर से आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है। अगस्त 2024 में फिल्म को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया गया था और फिल्म की शूटिंग अक्तूबर 2024 में शुरू हो गई थी, लेकिन नील ने उन हिस्सों की शूटिंग की थी, जिसमें जूनियर एनटीआर शामिल नहीं थे।

## दमदार डायलॉग के साथ रिलीज 'स्काई फोर्स' का ट्रेलर





बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार साल 2025 की अपनी पहली फिल्म के साथ पर्दे पर धमाल करने के लिए तैयार है। एक्टर एक फुल एक्शन-पैक्ड फिल्म 'स्काई फोर्स' रिपब्लिक डे के मौके पर, 24 जनवरी, पर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इससे पहले मेकर्स ने फिल्म का धांसू ट्रेलर रिलीज कर दिया है जिसमें अक्षय कुमार के साथ-साथ वीर पहाड़िया भी दमदार रोल में नजर आए हैं। 'स्काई फोर्स' के ट्रेलर में अक्षय कुमार जबरदस्त एक्शन मोड में दिखाई दिए हैं। वहीं वीर पहाड़िया को एयर स्टंट करते देखा जा सकता है। ट्रेलर की शुरुआत हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच की जंग से होती है। बाद में अक्षय कुमार इस जंग में गुम हुए अपने साथी वीर पहाड़िया के किरदार को ढूंढने के मिशन पर जुट जाते हैं। ट्रेलर में सारा अली खान और निमरत कौर की भी झलक देखने को मिली है। रिपोर्ट की मानें तो 'स्काई फोर्स' की कहानी सरगोधा में पाकिस्तानी एयरबेस पर भारत के पहले हवाई हमले पर बेस्ड है। 'स्काई फोर्स' को अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले डायरेक्ट किया है। इस फिल्म को दिनेश विजान, अमर कौशिक और जियो स्टूडियोज के तहत ज्योति देशपांडे प्रोड्यूस कर रही हैं। इस फिल्म से वीर पहाड़िया बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया के अलावा एक्ट्रेस सारा अली खान और निमरत कौर भी 'स्काई फोर्स' में अहम किरदार अदा करती दिखाई देंगी।

# जाह्नवी ने किए तिरुपति मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर शनिवार को अपने कथित बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन करने पहुंचीं। यहां पहुंच कर उन्होंने शिखर पहाड़िया के साथ भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन किए। दोनों साथ में काफी खूबसूरत लग रहे थे। इस दौरान जान्हवी और शिखर दोनों पारंपरिक परिधान पहने हुए नजर आए। जान्हवी ने गहरे लाल-बैंगनी रंग की साड़ी के साथ इसी रंग का ब्लाउज पहना था। इसमें सफेद रंग का किनारा काफी आकर्षक लग रहा था। साथ ही वह गले में सफेद हार से काफी मनमोहक लग रही थीं। शिखर की बात करें तो वह दक्षिण भारत के पारंपरिक परिधान, जिसमें नीचे सफेद धोती और ऊपर गमछा डाले नजर आए। दोनों को देखने के लिए तिरुपति मंदिर परिसर में काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मंदिर परिसर में पहुंचने पर जाह्नवी ने भगवान वेंकटेश्वर को दंडवत प्रणाम किया। बता दें कि जाह्नवी कपूर पिछले कुछ समय से व्यवसायी शिखर पहाड़िया को डेट कर रही हैं। बचपन के प्रेमी कहे जाने वाले ये दोनों पिछले कुछ समय से एक-दूसरे के साथ अच्छे से रह रहे हैं। दरअसल जाह्नवी को 'शिखर' नाम का पेंडेंट पहने हुए भी देखा गया था। अगर रिपोर्ट्स की मानें तो जाह्नवी के बॉलीवुड में आने के बाद दोनों के बीच दूरियां आ गई थीं, लेकिन आखिरकार वे एक-दूसरे के पास वापस आ गए। सिर्फ जाह्नवी ही नहीं, बल्कि उनका पूरा परिवार शिखर को बहुत पसंद करता है। ताजा चर्चाओं के अनुसार, जाह्नवी और शिखर 2025 के अंत तक शादी के बंधन में बंध सकते हैं। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। काम की बात करें तो जाह्नवी कपूर और अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की क्रॉस-कल्चरल रोमांस फिल्म 'परम सुंदरी' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सूरज पंचोली बायोपिक में किरदार निभाने को तैयार



सूरज पंचोली, जो अपनी दमदार स्क्रीन उपस्थिति और लोगों के साथ तालमेल बिठाने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं, अपनी पहली बायोपिक में लोगों को प्रभावित करने के लिए तैयार हैं। 'हीरो' स्टार एक ऐसी फिल्म में एक गुमनाम योद्धा वीर हमीरजी गोहिल की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे, जो गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में हुए युद्ध के इर्द-गिर्द घूमती है। ड्रामा में उत्सुकता जोड़ते हुए, यह फिल्म 14वीं शताब्दी ईस्वी के दौरान घुसपैठियों से मंदिर को बचाने के लिए लड़े और अपने प्राणों की आहुति देने वाले गुमनाम योद्धाओं की प्रेरक कहानी को दर्शाएगी। निर्देशक प्रिंस धीमान द्वारा निर्देशित, इस बायोपिक को भव्य पैमाने पर भव्य सेट और पुनर्निर्मित महलों के साथ शूट किया गया है। इसके अलावा, अभिनेता पहली बार प्रतिष्ठित अभिनेता सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और आकांक्षा शर्मा के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए दिखाई देंगे। प्रामाणिकता जोड़ने के लिए, अभिनेता पहले कभी नहीं देखे गए अवतारों को निभाएंगे, जो एक प्रभावशाली फिल्म को सामने लाएंगे जो न केवल जनता का मनोरंजन करने का वादा करती है बल्कि वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित कहानी भी बताती है। इस अनूठी परियोजना में प्रामाणिक एक्शन सीक्वेंस भी हैं, जो फिल्म के विषय के अनुभव और प्रभाव को बढ़ाने का वादा करते हैं। एक गुमनाम योद्धा की भूमिका निभाकर, सूरज पंचोली अपने अभिनय कौशल के साथ-साथ एक दमदार कलाकार के रूप में अपनी रेंज को उजागर करने के लिए तैयार हैं। दर्शकों से गहराई से जुड़ने वाली कहानी, दिलचस्प भूमिकाओं में सुनील शेट्टी का समृद्ध अनुभव और जटिल किरदारों को जीवंत करने की विवेक ओबेरॉय की कला के साथ, यह शक्तिशाली सहयोग ऐसा है जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर उत्साह साफ झलक रहा है, चर्चा है कि निर्माता जल्द ही इस प्रोजेक्ट की पहली झलक दिखाने वाले हैं।

सांगानेर विधानसभा क्षेत्र की खुली किस्मत

# सरकार ने दिया भरपूर 'डवलपमेंट' का आदेश



▶▶ विकास को लेकर अधिकारियों को निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के सांगानेर विधानसभा क्षेत्र की किस्मत खुल गई है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो आने वाले समय में इस इलाके के लोगों की लाइफ बेहद स्मूथ हो जाएगी। सीएम भजनलाल शर्मा ने सांगानेर के विकास को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर विकास कार्यों को समय से पूरा कराएं। सभी विभाग अपने-अपने प्रोजेक्ट्स की नियमित मॉनिटरिंग करें। मुख्यमंत्री भजनलाल सांगानेर से विधायक हैं। सीएम भजनलाल ने सांगानेर विधानसभा के विकास कार्यों को लेकर हाल ही में सीएमआर में समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन को सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से अंत्योदय के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। सभी विभाग इन कार्यों को टाइमलाइन के साथ पूरा करें। सांगानेर के सभी विकास कार्यों को इंगित करते हुए कार्ययोजना तैयार करें जिसमें सड़क, अस्पताल, सीवरेज लाइन तथा विकसित होने वाली अन्य जन-सुविधाएं दर्शाई गई हों।

### अतिक्रमण हटाया जाएं

- उन्होंने कहा कि सांगानेर में पुरातत्व महत्व के दरवाजों के आसपास अतिक्रमण को हटाया जाए। उनके सौन्दर्यीकरण कार्य परकोटे के दरवाजों के अनुरूप किए जाएं। जयपुर की बढ़ती आबादी के चलते एक उचित नगरीय प्लानिंग करें, जिससे बढ़ते संसाधनों के दबाव का समाधान हो सके। बैठक में सांगानेर क्षेत्र में जिला अस्पताल, नए रेलवे स्टेशन के विकास कार्य, विभिन्न सड़क निर्माण, मुहाना मोड़ पर ओवरब्रिज, खुली जेल को अन्यत्र स्थानांतरित करने, गुलर बांध की मरम्मत और जीर्णोद्धार सहित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

### इन कार्यों पर फोकस

- प्रतापनगर में 132 केवी जीएसएस का निर्माण।
- विद्युत लाइनों को भूमिगत करना।
- PWD-NHAI से समन्वय बनाते हुए भांकरोटा फ्लाईओवर को जल्द पूरा करें।
- 200 फीट चौराहे पर बनने वाले फ्लाईओवर-अंडरपास और बीलवा फ्लाईओवर का निर्माण।
- रीको पुलिया से रेलवे फाटक मालपुरा तक सड़क चौड़ाईकरण का काम।
- पृथ्वीराज नगर परियोजना में जल कनेक्शन के लंबित आवेदनों का निस्तारण।
- नगर निगम क्षेत्र में पेयजल वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण-सुधार कार्य।
- सांगानेर स्टेडियम का विकास और सौंदर्यीकरण।
- सिटी बस स्टैंड सर्किल पर कियोस्क हटाकर सुलभ शौचालय बनाने का कार्य।

## पति-पत्नी, दो बच्चों को बजरी भरे डंपर ने रौंदा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जालोर में बजरी से भरे डंपर ने बाइक सवार परिवार को रौंद दिया। हादसे में पति पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। एक साथ 4 मौत होने के लोग भड़क गए। रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया जा रहा है। मामला जिले के सायला थाना इलाके के पोषाणा गांव में रविवार शाम 6 बजे के करीब हुई। जानकारी के अनुसार- बाइक सवार दंपती दो बेटों के साथ बावतरा से कोरा गांव की ओर जा रहे थे। पोषाणा और उनड़ी गांव के बीच भीनमाल मेन रोड पर बजरी से भरे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। बावतरा निवासी परिवार के चारों सदस्यों की मौत हो गई। ड्राइवर बजरी से भरे डंपर को छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को 108 एंबुलेंस से सायला हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया।

- बाइक पर जा रहा था परिवार; सड़क पर बिखरे शव,
- लोगों ने लगाया जाम

सरपंच हत्याकांड पर सीएम की दो टूक

## दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा : फडणवीस



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार बीड जिले के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की जांच पूरी दृढ़ता के साथ कर रही है। इस अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को नहीं छोड़ा जाएगा।

### क्या है पूरा मामला

पुलिस के अनुसार सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के पीछे एक बड़ी जबरन वसूली का मामला है। बीड जिले में पवन चक्कियां स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये की वसूली की जा रही थी। देशमुख ने इस जबरन वसूली का विरोध किया था, जिसके बाद नौ दिसंबर को उनका अपहरण किया गया और फिर हत्या कर दी गई। उनकी मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया, जिसके बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कुछ दिन पहले महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड ने पुणे में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। कराड को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। अभी तक कुल सात आरोपी इस मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं।

### राजनीति से नहीं जोड़ें : सीएम

- मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, 'बीड मामले में सरकार और पुलिस पूरी ताकत व दृढ़ता से काम कर रही हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। देशमुख एक लोकप्रिय सरपंच थे, इसलिए उनकी हत्या को राजनीतिक रूप से इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। यहां तक कि अगर आरोपी फरार हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हम उन लोगों को भी नहीं छोड़ रहे हैं, जिन्होंने आरोपियों की मदद की।

### जांच को बताया बकवास

अंजलि अनीश दमानिया ने सरपंच हत्या मामले में चल रही जांच को बकवास बताया। इसके सच का खुलासा तभी हो सकेगा, जब मामले की जांच बीड पुलिस के बाहर के अधिकारियों द्वारा की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में मुख्य आरोपी और एनसीपी मंत्री तथा परली विधायक धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी के आगे झुकी बीड पुलिस निष्पक्ष जांच नहीं कर सकती।

उत्कर्ष क्लासेस पर छापे

## 10 लाख रुपए और दो किलो स्वर्णाभूषण सीज

करोड़ों की डील का खुलासा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उत्कर्ष क्लासेस के देश के चार अलग-अलग ठिकानों पर चल रही आयकर विभाग की छापामारी रविवार को पूरी हो गई। इस सर्च ऑपरेशन ने आयकर विभाग की इंवेस्टिशन टीमों ने 10 लाख रुपए कैश और दो किलो गोल्ड ज्वेलरी सीज की है। इस सर्च कार्रवाई में एक बड़ी डील का भी खुलासा हुआ है। इस डील में उत्कर्ष क्लासेस ने 51 फीसदी स्टेक फिजिक्सवाला को बेचा दिया था। इस डील के 500 करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार उत्कर्ष क्लासेस के जयपुर, जोधपुर, प्रयागराज और इंदौर ठिकानों पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। दो-तीन दिन चली इस कार्रवाई में 10 लाख रुपए और दो किलो गोल्ड ज्वेलरी सीज करने के अलावा कई संदिग्ध दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। दस्तावेजों और एंट्रियों में भारी गड़बड़ियां पाई गईं है। आईटी की टीमें उनको खंगाल रही है। आगे जांच में अभी और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक उत्कर्ष क्लासेस ने फरवरी 2023 में फिजिक्सवाला ग्रुप से बिजनेस डील की थी।




इस डील में उत्कर्ष ने अपना 51 फीसदी स्टेक फिजिक्सवाला को बेचा था। यह काफी बड़ी डील थी। इसका आंकड़ा 500 करोड़ रुपए तक भी पहुंच सकता है।

### डील की होगी जांच

बिजनेस डील और डिस्काउंट के नाम पर करोड़ों रुपये के हेरफेर की आशंका है। अब इन्वेस्टिगेशन टीम फिजिक्सवाला-उत्कर्ष डील की गहन जांच करेगी। सर्च ऑपरेशन में 130 करोड़ रुपए की प्राप्तियों का गोपनीय लेखा-जोखा भी मिला है। उसका भी रिकॉर्ड चैक किया जा रहा है। फिलहाल आईटी की टीमें जब्त किए गए रिकॉर्ड की गहन जांच पड़ताल कर रही है। उल्लेखनीय है कि उत्कर्ष क्लासेस राजस्थान का बड़ा कोचिंग सेंटर है।

## जैसल पार्क चौपाटी पर विधायक नरेंद्र मेहता का सम्मान

▶▶ जैसल पार्क चौपाटी पर बनने वाले वॉटर टर्मिनल का विरोध




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भायंदर।** भायंदर की सक्रिय समाजसेवी संस्था जैसल पार्क चौपाटी कल्याण समिति द्वारा मीरा-भायंदर के नवनिर्वाचित विधायक नरेंद्र मेहता का नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक जुटे। समिति के महासचिव डा. नरेंद्र गुप्ता ने जैसल पार्क चौपाटी पर बनने वाले वॉटर टर्मिनल का विरोध करते हुए कहा कि यदि यहां पर जल परिवहन का टर्मिनल बनता है तो जैसल पार्क चौपाटी चौपट हो जाएगी। सुबह शाम बड़ी संख्या में यहां पर लोग स्वच्छ हवा, खेलकूद तथा घूमने के लिए आते हैं। यहीं पर कुरुक्षेत्र की सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियां होती हैं। यही गणपति विसर्जन छठ पूजा सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होते हैं। समिति की जल परिवहन टर्मिनल को स्थानांतरित करने की मांग पर मेहता ने खाड़ी किनारे के पूरे क्षेत्र पर समिति के पदाधिकारियों के साथ जाकर निरीक्षण किया। मेहता ने भरोसा दिलाया कि नागरिकों को तकलीफ और परेशानी है तो मैं प्रयास करुंगा कि यह थोड़ा आगे बन सके।

### मछली मार्केट का किया दौरा

- गुप्ता ने छह साल से बंद पड़े मछली मार्केट की जानकारी विधायक को देते हुए मार्केट का दौरा करवाया और कहा कि इस स्थान का भी जनोपयोगी कार्य के लिए उपयोग किया जाए। मेहता ने अति शीघ्र इस संबंध में भी कोई उपाय निकालने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक मदन सिंह, शानू गोहिल, मीना कांगणे, दिलीप जैन, रथीन दत्ता, रजनीकांत मेयकर, भावना तिवाड़ी, शिखा भटेवडा, संजय अग्रवाल, सुभाष जांगिड़, भोलेनाथ रस्तोगी, प्रमोद पुरोहित, दयानंद चौधरी, संदीप सराफ, इंदर मोर, संजय गर्ग, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे। एडवोकेट राजकुमार मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। जैसल पार्क चौपाटी कल्याण समिति की ओर से महासचिव डा. नरेंद्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष, भरतलाल अग्रवाल, संगठन सचिव सुशील पोद्दार तथा उपाध्यक्ष डीपी जैन ने शाल, श्रीफल देकर नरेंद्र मेहता का अभिनंदन किया।

पोरबंदर एयरपोर्ट पर हेलीकॉप्टर क्रैश

## दो पायलेट समेत तीन की मौत




**पोरबंदर।** गुजरात के पोरबंदर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा हुआ है। भारतीय तटरक्षक बल का एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। नियमित ट्रेनिंग उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आईसीजी अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार हेलीकॉप्टर में दो पायलट समेत तीन लोग सवार थे। इस घटना में तीनों की मौत हो गई है। उड़ान भरने के दौरान हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। जिसके कारण विमान क्रैश हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पोरबंदर के पुलिस अधीक्षक भागीरथसिंह जडेजा ने बताया कि घटना दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर हुई। आईसीजी का एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) पोरबंदर हवाई अड्डे पर लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर में सवार चालक दल के तीनों सदस्यों को बाहर निकाला गया और गंभीर रूप से जली हुई हालत में पोरबंदर के एक अस्पताल ले जाया गया। भारतीय तटरक्षक अधिकारी ने बताया कि कोस्टगार्ड का एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान गुजरात के पोरबंदर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जमीन से टकराते ही हेलीकॉप्टर में आग लग गई और धुएं का गुबार निकलने लगा।

विश्व का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क

## चीन-अमेरिका के बाद भारत तीसरे नंबर पर



मेट्रो रेल नेटवर्क की कुल लंबाई 1000 किलोमीटर

**नई दिल्ली।** भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। भारत में मेट्रो रेल नेटवर्क 1000 किमी तक बढ़ गया है। इतने बड़े नेटवर्क के साथ भारत अब चीन और अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़े मेट्रो रेल नेटवर्क वाला देश बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली मेट्रो की मजेंटा लाइन के विस्तार का उद्घाटन किया। दिल्ली ने 2002 में अपनी मेट्रो यात्रा शुरू की थी, जब अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल्ली के लोगों को पहली मेट्रो दी। रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली वालों को नई मेट्रो परियोजनाओं और नमो भारत का उपहार दिया।

### भारत में मेट्रो नेटवर्क से जुड़ी खास बातें

दिल्ली मेट्रो की शुरुआत 2002 में हुई थी। आज 11 राज्यों के 23 शहरों में मेट्रो रेल नेटवर्क है। साल 2014 में यह केवल 5 राज्यों के 5 शहरों में था, जो अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। पिछले 10 वर्षों में मेट्रो नेटवर्क में तीन गुना वृद्धि हुई है। 2014 में भारत में मेट्रो रेल नेटवर्क 248 किलोमीटर था, जो अब बढ़कर 1000 किलोमीटर का हो गया है। आज मेट्रो से प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक यात्री यात्रा करते हैं, जो 2014 के 28 लाख यात्रियों की तुलना में 2.5 गुना से अधिक है। मेट्रो ट्रेनें आज प्रतिदिन कुल 2.75 लाख किलोमीटर की यात्रा करती हैं, जो एक दशक पहले के दैनिक 86 हजार किलोमीटर का 3 गुना है।

### दिल्ली से मेरठ तक नमो भारत ट्रेन

- न सिर्फ मेट्रो, बल्कि इसके अलावा रेलवे के मामले में भी काफी आगे निकल चुका है। पीएम आज दिल्ली में मेट्रो के चौथे चरण के पहले खंड का उद्घाटन किया। साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच बने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किमी लंबे खंड का भी उद्घाटन किया। इस रूट पर रविवार शाम से यात्री परिचालन शुरू हो जाएगा और और 15 मिनट के अंतराल पर ट्रेनें उपलब्ध होंगी। न्यू अशोक नगर स्टेशन से मेरठ साउथ तक का किराया स्टैंडर्ड कोच के लिए 150 रुपए और प्रीमियम कोच के लिए 225 रुपए है।

## ट्रक ड्राइवर के इश्क में छोड़ा घर, अब जान के पड़े लाले

**चूरू।** आजकल के जमाने में सोशल मीडिया वाली दोस्ती और प्यार की कहानियां आम हो चुकी हैं। दोस्ती और प्यार की ये कहानियां अच्छे और बुरे दोनों ही तरह के उदाहरण पेश कर रहीं हैं। कई बार सोशल मीडिया का प्यार धोखा देता है तो कई बार जीवन की दिशा बदल देता है। बहुत बार सोशल मीडिया की दोस्ती, प्यार और शादी जान की दुश्मन भी बन जाती है। अपने ही अपनों के दुश्मन बन जाते हैं और जान बचाना भारी पड़ जाता है। सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती और प्यार के बाद शादी के अंजाम तक पहुंची। ऐसी ही एक कहानी राजस्थान में सामने आई है। इस कहानी की नायिका जब अपने प्रेमी संग शादी करके घर लौटी तो उसका स्वागत नहीं हुआ बल्कि उसे और उसके पति बने प्रेमी को जान से मारने की धमकी मिली। जानकारी के अनुसार झुंझुनूं जिले के चिड़ावा की 19 साल की लड़की ने चूरू जिले के हमीरवास निवासी ट्रक ड्राइवर से लव मैरिज की तो बवाल मच गया। दोनों की दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई थी।

### इंस्टाग्राम पर प्यार

लड़की का आरोप है कि घरवाले उसकी दूसरी जगह शादी करना चाहते थे। लिहाजा उसे घर बार छोड़ना पड़ा। करीना वर्मा ने बताया कि उसने आठवीं कक्षा तक पढ़ाई की है। उसने हमीरवास के सुनील कुमार प्रजापत (21) से अपनी मर्जी से लव मैरिज की है। सुनील कुमार ट्रक ड्राइवर है। करीना ने बताया कि एक साल पहले दोनों की इंस्टाग्राम पर जान पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों सोशल मीडिया और मोबाइल पर बातें करने लग गए। करीब एक महीने पहले करीना ने घरवालों को सुनील के बारे में अपने बताया। लेकिन घरवालों ने यह कहते हुए इस शादी से इंकार कर दिया कि वे उसे उसकी मर्जी से शादी नहीं करने देंगे।

## राजस्थान : 69 छोटे रेल स्टेशनों का होगा कायापलट




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** रेलवे द्वारा लगातार नई ट्रेनों के संचालन के साथ स्टेशन री-डवलपमेंट, अमृत भारत स्टेशन स्कीम पर तेजी से कार्य हो रहा है। ऐसे ही रेलवे की ओर से राजस्थान के 69 छोटे रोड साइड रेलवे स्टेशन का री-डवलपमेंट होगा, जिससे यात्रियों को बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी। इस संबंध में रेलवे द्वारा सभी जोनल रेलवेज को इसके निर्देश जारी कर दिए हैं, जिसके अनुसार सभी छोटे रोड साइड स्टेशनों को ठीक से विकसित किया जाएगा। खास तौर पर स्टेशनों की बिल्डिंग के लिए स्टैंडर्ड ले आउट प्लान के साथ स्टेशन ऑपरेशन सेंटर, स्टॉफ और यात्री सुविधाओं को बेहतर किया जाएगा।

### खाटू श्यामजी में बनेगा नया स्टेशन

- जिसमें जयपुर, सीकर, अलवर सहित प्रदेश के हर जिले के सभी छोटे स्टेशनों पर री-डवलपमेंट का काम शुरू होगा। खासकर उन छोटे स्टेशनों पर री-डवलपमेंट का कार्य होगा, जहां धार्मिक स्थल हैं और हजारों की संख्या में लोग स्टेशन के माध्यम से आते जाते हैं, जिसमें विशेष रूप से सीकर लाइन स्थित खाटू श्यामजी में नया स्टेशन बनाया जाएगा।

### इन स्टेशनों का री-डवलपमेंट

- रेलवे द्वारा प्रदेश के 69 छोटे स्टेशनों पर री-डवलपमेंट का कार्य होगा। जिसमें जयपुर-सवाई माधोपुर में दुर्गापुरा, शिवदासपुरा, वनस्थली निवाई सहित 10 स्टेशन बनाए जाएंगे। रेलवे द्वारा प्रत्येक स्टेशन पर 4 से 4.50 करोड़ रुपए तक खर्च होंगे। इन छोटे स्टेशनों के री-डवलपमेंट कार्य के लिए रेलवे के उच्च अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी।

### 69 रेलवे स्टेशनों का चयन

- राजस्थान के छोटे स्टेशनों पर री-डवलपमेंट के तहत छोटे स्टेशनों पर जरूरत के हिसाब से एक या दो मंजिला स्टेशन बिल्डिंग बनाई जाएगी। स्टेशन के बीच में स्टेशन मास्टर ऑफिस, रिकॉर्ड रूम और उपकरण कक्ष बनाए जाएंगे। यात्रियों के लिए विशेष रूप से हर स्टेशन पर पीआरएस-यूटीएस काउंटर, कॉनकोर्स कम बुकिंग हॉल, वेटिंग एरिया, टॉयलेट बनाए जाएंगे।

